राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 क्रिकेट के सबसे बड़े टूर्नामेंट में...

ब्लिंकन करेंगे तेल अवीव का... 12

वर्ष : 14 | अंक : 309 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 22 मार्च, 2024 | विक्रम संवत 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 25°C
न्यूनतम तापमान 20°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 68,915 |
| चांदी | 78,800 |
| सेंसेक्स | 72,641 |
| निफ्टी | 22,011 |

## संक्षिप्त खबरें

### महाराष्ट्र में भूकंप के जोरदार झटके, सहमे लोग

मुंबई। गुरुवार सुबह-सुबह महाराष्ट्र में भूकंप जोरदार झटके महसूस किए गए। ये झटके करीब 10 सेकंड तक रहे। लोग डर के मारे सहम गए। वहीं इससे पहले अरुणाचल प्रदेश में गुरुवार तड़के एक के बाद एक भूकंप के झटके महसूस किए गए। फिलहाल अभी दोनों ही जगहों से किसी भी जान माल के नुकसान की खबर नहीं है। महाराष्ट्र के नांदेड़ इलाके में गुरुवार सुबह करीब 6 बजकर 8 मिनट पर करीब 10 सेकेंड तक धरती डोलती रही। घरों में पंखे और सामान गिरता देख लोग सहम गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पैमाने पर 4.2 मापी गई। भूकंप का केंद्र बिंदु अखाड़ा बालापुर का इलाका था। नांदेड़ के अलावा परभणी और हिंगौली में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। फिलहाल अभी किसी भी जान माल का नुकसान होने की कोई खबर नहीं है।

### जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या हुई आठ

चंडीगढ़। पंजाब के संगरूर में जहरीली शराब पीने के कारण हुई विषाक्तता के संदिग्ध मामले में तीन और लोगों की मौत के साथ मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चार लोग वर्तमान में संगरूर सिविल अस्पताल में और पांच अन्य पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में भर्ती हैं। संगरूर के सिविल सर्जन कृपाल सिंह ने पुष्टि की कि घटना में अब तक कुल आठ लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने बुधवार को संगरूर के दिरबा के गुर्जन गांव में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से पांच लोगों की मौत होने की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि घटना के सिलसिले में पुलिस पहले ही तीन लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और आबकारी शुल्क अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। जिला प्रशासन ने मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति में दिरबा उप-विभागीय मजिस्ट्रेट, दिरबा पुलिस के दो अधिकारी, एक वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी और एक उत्पाद शुल्क और कराधान अधिकारी शामिल हैं। संगरूर के उपायुक्त जितेंद्र जोरवाल ने बुधवार को कहा था कि समिति को 72 घंटे में मामले पर रिपोर्ट देने को कहा गया है।

# भारत का उदय वैश्विक शांति सद्भाव का आश्वासन : धनखड़

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि युद्ध के लिए सदैव तैयार रहना शांति के लिए सबसे सुरक्षित मार्ग है और भारत का उदय वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए एक आश्वासन है। श्री धनखड़ ने आज यहां एक उपराष्ट्रपति निवास पर ह्लअंतरराष्ट्रीय रणनीतिक सहभागिता कार्यक्रमह्व (आईएन-स्टेप) के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि शांति को शक्ति से ही सुरक्षित रखा जा सकता है और युद्ध के लिए सदैव तैयार रहना शांति के लिए सबसे सुरक्षित मार्ग है। श्री धनखड़ ने कहा कि अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी में भारत का उदय विश्व शांति, सद्भाव और वैश्विक व्यवस्था के लिए सबसे बड़ा आश्वासन है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक शांति, स्थिरता और सद्भाव को बनाए रखने और बनाए रखने के लिए समान विचारधारा वाले देशों को शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन-स्टेप 21 देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और आठ भारतीय अधिकारियों वाले इस दो सप्ताह के कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत आर्थिक विकास पर है और यह वृद्धि अजेय है। उन्होंने कहा कि भारत की असाधारण विकास की कहानी है जो दूरदर्शी नेतृत्व, समावेशी विकास और अटूट दृढ़ता का उदाहरण है। अर्थव्यवस्था और प्रभावी कूटनीति और बढ़ती सौम्य शक्ति के कारण दुनिया शांति के लिए सकारात्मक परिवेश के लिए भारत की ओर देख रही है। वैश्विक शांति और सुरक्षा को विकास के लिए अनिवार्य करार देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि शांति की सबसे अच्छी स्थिति शक्ति है। युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहना शांतिपूर्ण माहौल के लिए सबसे सुरक्षित मार्ग है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में टकराव करने वाले देशों से परे वैश्विक अर्थव्यवस्था और आपूर्ति श्रृंखला पर इसका असर पड़ता है और ऐसे टकराव का समाधान कूटनीति और बातचीत में निहित है। उन्होंने कहा कि अलगाव का दृष्टिकोण अब अतीत की बात है। इस सभी राष्ट्रों को सार्थक चर्चा में शामिल होने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रभावी नीति निर्माण और संघर्ष समाधान के आधार के रूप में बातचीत और एकजुटता से काम करने पर जोर दिया।

# विपक्षी दल के बैंक खाते सील करना मोदी और शाह की आपराधिक कार्रवाई : कांग्रेस

प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के बीच पार्टी के बैंक खाते सील करने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह की आपराघिक कार्रवाई करार देते हुए गुरुवार को कहा कि इस तरह की कार्रवाई सोची समझी रणनीति का हिस्सा है और इसका मकसद कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाना है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, कांग्रेस सांसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित विशेष सयुंक्त संवाददाता सम्मेलन में आज कहा कि उसके खाते सोजी समझी रणनीति के तहत और श्री मोदी तथा श्री शाह की सह पर सील किए गये हैं ताकि कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि पार्टी के बैंक खाते में 285 करोड़ रुपये जमा हैं लेकिन चुनाव के वक्त उस पैसे का इस्तेमाल खाते सील होने की वजह से नहीं किया जा सकता है। पार्टी के लिए बैनर, पोस्टर छपवाने तथा प्रचार का काम करना मुश्किल हो गया है और यह कदम साजिश के तहत उठाया गया है। इससे लोकतांत्रिक अधिकारों को खत्म किया जा रहा है और जो अवसर एक राजनीतिक दल को लोकतंत्र में मिलने चाहिए उसे खत्म किया जा रहा है। श्री खडगे ने कहा, अठारहवीं लोकसभा के आम चुनाव की घोषणा हो चुकी है। देश का हरेक नागरिक इसमें भाग लेने के लिए उत्सुक है। भारत पूरी दुनिया में अपने लोकतांत्रिक मूल्यों और अर्दशों के लिये जाना जाता रहा है। यह सभी राजनीतिक दल के लिए समान अवसरों को सील करने की कार्रवाई है। भाजपा ने किस तरीके से कंपनियों से ये पैसे लिये हैं। सुप्रीम कोर्ट तथ्यों की जाँच कर रहा है। हमें उम्मीद है कि सच्चाई बहुत जल्द हम सब के सामने आयेगी।

एक ओर साज़िशन मुख्य विपक्षी दल के खाते सील कर रहे हैं और दूसरी ओर मौजूदा सत्ताधारी दल ने चुनावी बॉंड से चुनावी चंदा लेकर अपने अकाउंट भर लिए हैं। यह सत्ताधारी दल द्वारा समान अवसर को खत्म करने के लिए एक खतरनाक खेल खेला गया है। उन्होंने कहा, मैं सांविधानिक संस्थाओं से अपील करता हूँ कि अगर वे स्वतंत्र और निष्पक्ष इलेक्शन चाहते हैं तो हमारी पार्टी को बगैर किसी रोक -टोक के बैंक खातों को इस्तेमाल करने दें। जो आयकर का दावा है वो अंततः कोर्ट के निर्णय के अनुसार सेटल हो जाएगा। राजनीतिक दल टैक्स नहीं देते, भाजपा ने कभी नहीं दिया, इसके बाद भी अगर हमसे यह माँगा जा रहा है, तो हम न्यायालय के अंतिम निर्णय का इंतजार करेंगे। श्रीमती गांधी ने कहा, आज हम जो मुद्दा उठा रहे हैं वह बहुत ही गंभीर है और न केवल कांग्रेस को प्रभावित करता है - बल्कि यह हमारे लोकतंत्र को भी सबसे अधिक प्रभावित करता है। प्रधानमंत्री द्वारा कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास चल रहा है।

जनता से एकत्रित धन को रोका जा रहा है और हमारे खातों से जबरन पैसा छीना जा रहा है। हालाँकि, इन सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी, हम अपने चुनाव अभियान की प्रभावशीलता को बनाए रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एक तरफ 'इलेक्टोरल बॉन्ड' का मुद्दा है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक करार दिया है। जैसा कि सभी जानते हैं, चुनावी बॉंड से भाजपा को भारी और बड़े पैमाने पर फायदा हुआ है। दूसरी तरफ प्रमुख विपक्षी दल, कांग्रेस की वित्तीय स्थिति पर लगातार हमला हो रहा है। यह सचमुच अभूतपूर्व है।

श्रीमती गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री द्वारा कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास चल रहा है। जनता से एकत्रित धन को रोका जा रहा है और हमारे खातों से जबरन पैसा छीना जा रहा है। हालांकि, इन सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी, हम अपने चुनाव अभियान की प्रभावशीलता को बनाए रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं।

श्री राहुल गांधी ने कहा, हमारे सभी बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। हम अपना प्रचार कार्य नहीं कर सकते। हम अपने कार्यकताओं और उम्मीदवारों का समर्थन नहीं कर सकते। हमारे नेता देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक यात्रा नहीं कर सकते। हम अपने विज्ञापन देने में असमर्थ हैं। ऐसा चुनाव प्रचार से दो महीने पहले किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी के बैंक अकाउंट फ्रीज नहीं किए गए हैं, ये भारत का लोकतंत्र फ्रीज किया गया है। उन्होंने कहा, यह कांग्रेस पार्टी के खिलाफ प्रधानमंत्री और गृह मंत्री द्वारा की गई आपराधिक कार्रवाई है।' चुनाव से पहले हमें पंगु बनाने के लिए यह साजिश रची जा रही है। देश में ऐसी संस्थाएं हैं जिनसे लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा करने की अपेक्षा की जाती है। कोई अदालत कुछ नहीं कह रही, चुनाव आयोग चुप है, कोई संस्था कुछ नहीं कह रही और मीडिया कुछ नहीं कह रहा। आज भारत में कोई लोकतंत्र नहीं है। भारत के लोगों से उनका संविधान और लोकतांत्रिक ढांचा छीना जा रहा है।

# ईडी ने सीएम केजरीवाल को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दो घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया है। सीएम की गिरफ्तारी दिल्ली शराब घोटाले में हुई है। इस मामले में यह 16वीं गिरफ्तारी हुई है। बता दें कि शाम सात बजे ईडी की टीम सीएम के सरकारी आवास पर पहुंची थी। ईडी ने 2 घंटे से भी ज्यादा लंबी चली पूछताछ में 20 से ज्यादा सवाल पूछे गए थे। सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल ने कई सवालों के जवाब नहीं दिए। वहीं इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अब इसके बाद अरविंद केजरीवाल को ईडी के कार्यालय ले जाया जाएगा। बता दें कि आज शाम ईडी की टीम सीएम आवास पहुंची थी। इसके बाद ही आशंका जताई जाने लगी थी कि केजरीवाल को गिरफ्तार किया जा सकता है। इसके बाद सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी सीएम आवास पहुंच गई थीं। हालांकि दोनों कोआवास के अंदर नहीं जाने दिया गया था। वहीं इसके बाद केजरीवाल के वकीलों की टीम ने सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दाखिल की थी। उन्होंने इस मामले में त्वरित सुनवाई की मांग की थी। हालांकि सुनवाई नहीं हुई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी की टीम के सीएम आवास पर पहुंचने की खबर आते ही बाहर आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं का हुजूम जुटना शुरू हो गया था। पुलिस को इसकी आशंका पहले से भी थी और उन्होंने इसकी तैयारी भी कर ली थी। आवास के बाहर रैपिड एक्शन फोर्स समेत पुलिसकर्मियों की भारी तैनाती कर दी गई थी। इसके साथ ही आवास को चारो तरफ से बैरीकेडिंग कर दी गई थी। बता दें कि दिल्ली शराब घोटाले में यह 16वीं गिरफ्तारी की गई है। इस्ससे पहले बीआरएस नेता के. कविता को भी ईडी ने गिरफ्तार किया था। इससे पहले आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया था। दोनों नेता पिछले कई महीनों से जेल में बंद हैं।

# कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज करने के आरोपों पर भाजपा ने किया पलटवार

प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली। मुख्य विपक्षी दल के बैंक खाते फ्रीज करने संबंधी कांग्रेस के आरोपों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को पलटवार किया। भाजपा ने राहुल गांधी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। आयकर रिटर्न दाखिल न करने पर कांग्रेस के खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस की प्रेस वार्ता के बाद एक पत्रकार सम्मेलन में राहुल गांधी पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि हार की हताशा में विपक्षी दल निराधार आरोप लगा रहे हैं। प्रसाद ने निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने अपनी गैरजिम्मेदाराना टिप्पणियों से वैश्विक स्तर पर भारतीय लोकतंत्र को शर्मसार किया है। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस ने समय पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया, इसलिए उनके खाते फ्रीज कर दिए गए। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी संवाददाता सम्मेलन में हार की हताशा में बहाना बना रहे हैं। पार्टी को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को बोलने दें, क्योंकि वे जितना बोलेंगे, उतना ही अधिक अपना आधार खो देंगे। अगर लोग कांग्रेस को वोट नहीं देना चाहते तो भाजपा कुछ नहीं कर सकती। पत्रकार वार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि अगर कांग्रेस डिफॉल्टर हैं तो आपके साथ भी वैसा ही व्यवहार किया जाएगा, बैंक अकाउंट फ्रीज किए जाएंगे। गांधी परिवार देश के कानून से ऊपर तो नहीं है। कानून तो सब पर लागू होगा। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने एक प्रेस वार्ता कर आरोप लगाया है कि साजिश के तहत मुख्य विपक्षी दल के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं ताकि पैसे के अभाव में चुनाव लड़ने में विपक्षी पार्टी को समान अवसर न मिल सके। यह सत्ताधारी दल का खतरनाक खेल है। अगर इस देश में लोकतंत्र को बचाना है, तो एक समान अवसर होना चाहिए।




**तबादला** अधिकारियों में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के भाई भी शामिल हैं

# लोक सभा चुनाव : निर्वाचन आयोग ने पंजाब, असम में जिला पुलिस प्रमुखों का तबादला किया

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को असम और पंजाब में दो जिला पुलिस प्रमुखों का तबादला कर दिया, जो राजनीतिक नेताओं के रिश्तेदार हैं। इन अधिकारियों में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के भाई भी शामिल हैं। आयोग ने कुछ राज्यों में 'बिना कैडर वाले' जिलाधिकारियों (डीएम) और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों (एसएसपी) या पुलिस अधीक्षकों (एसपी) का भी स्थानांतरण किया है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि 'बिना कैडर वाले' डीएम और एसपी को इसलिए हटाया गया है क्योंकि ये पद क्रमशः भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों के लिए हैं। आयोग ने कहा कि उसने पंजाब, ओडिशा, गुजरात और पश्चिम बंगाल में बिना कैडर वाले आठ पुलिस अधीक्षकों एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों तथा पांच जिलाधिकारियों का तबादला कर उच्च पदों पर ऐसे अधिकारियों की पदस्थापना के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। उसने कहा कि ऐसे कुछ अधिकारियों का तबादला किया गया है जो जन प्रतिनिधियों के सगे-संबंधी हैं। आयोग के अनुसार इनमें बठिंडा (पंजाब) के एसएसपी और सोनितपुर (असम) के एसपी शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, सोनितपुर के एसपी सुशांत विश्व शर्मा असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के भाई हैं, वहीं बठिंडा के एसएसपी हरमनबीर सिंह गिल खडूर साहिब से कांग्रेस सांसद जसबीर सिंह गिल के भाई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मास्टरमाइंड अब्दुल की बीवी साफिया की अग्रिम जमानत मामले में 27 को सुनवाइ

**हल्द्वानी, एजेंसी।** बनभूलपुरा उपद्रव के साजिशकर्ता अब्दुल मलिक की पत्नी साफिया को अग्रिम जमानत देने के मामले में बुधवार को अपर जिला न्यायालय (एडीजी) कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 27 मार्च निर्धारित कर दी है। 22 फरवरी को सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने अब्दुल मलिक व उसकी पत्नी साफिया, अख्तरी बेगम, नबी रजा खां, गौस रजा खां और



अब्दुल लतीफ के खिलाफ धोखाधड़ी व षड़यंत्र रचने की धारा में प्राथमिकी कराई थी। आरोप था कि जमीन कब्जाने के लिए मृत व्यक्ति के दस्तावेज तैयार किए गए और उसके फर्जी हस्ताक्षर किए। हाईकोर्ट को भी गुमराह किया गया। 12 मार्च को साफिया मलिक के अधिवक्ताओं ने हल्द्वानी एडीजे कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी लगाई। 16 मार्च को इस मामले में पहली सुनवाई हुई थी। पुलिस ने मुकदमे की स्टेटस रिपोर्ट देने के लिए समय मांगा था। कोर्ट ने अगली तिथि 20 मार्च रखी थी। 20 मार्च को भी पुलिस ने स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट में नहीं रखी। साथ ही रिपोर्ट सबमिट करने के लिए और समय देने की मांग की। साफिया के अधिवक्ता रोहिताश चक्रवर्ती ने बताया कि कोर्ट ने सुनवाई की अग्रिम तिथि 27 मार्च तय कर दी है। कहा कि पुलिस जानबूझकर स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने में देर कर रही है।

### स्पेयर पार्ट्स की दुकान में लगी आग

**रामनगर (नैनीताल), एजेंसी।** पीरूमदारा में हाईवे किनारे स्पेयर पार्ट्स एवं वर्कशॉप की दुकान में शॉर्ट सर्किट से सोमवार की देर रात आग लग गई। आग से दुकान में 50 लाख से अधिक का नुकसान हुआ। कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया अग्निशमन अधिकारी उमेश चंद्र परगाई ने बताया कि सोमवार की देर रात 12:30 बजे के आसपास हाईवे किनारे जितेंद्र कुमार पुत्र सतपाल सिंह के बालाजी आटो स्पेयर पार्ट्स व वर्कशॉप की दुकान में आग लग गई। सूचना पर दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक दुकान में रखा सभी सामान आग की भेंट चढ़ गया। अग्निकांड में दुकान के बाहर खड़ी एक स्कूटी व तीन बाइक भी जल गई। दुकान स्वामी ने बताया कि आगजनी से उन्हें करीब 50 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो रहा है। पुलिस आग लगने के कारणों की भी जांच कर रही है।

### अशासकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों को मिलेगा पिछले दो महीने से रुका वेतन, 10 करोड़ जारी

**देहरादून, एजेंसी।** शासन ने राज्य आकस्मिकता निधि से 10 करोड़ जारी किए है, जिससे प्रदेश के अशासकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों को रुका वेतन मिलेगा। प्रदेश के अशासकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों को पिछले दो महीने से रुका वेतन मिलेगा। शासन ने राज्य आकस्मिकता निधि से इस मद में 10 करोड़ रुपये जारी किए हैं। सचिव उच्च शिक्षा शैलेश बगौली की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। प्रदेश के कुछ अशासकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों का तीन महीने तो अधिकतर का पिछले दो महीने से वेतन रुका है। इससे इन महाविद्यालयों के शिक्षकों में नाराजगी थी, लेकिन शासन ने अब शिक्षकों का वेतन जारी कर दिया है। उच्च शिक्षा सचिव शैलेश बगौली की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि गैर सरकारी महाविद्यालयों को सहायता अनुदान वेतन भत्ते आदि के लिए धनराशि जारी की गई है।

### आचार संहिता लागू होने के बाद से प्रदेश में अब तक तीन हजार लीटर शराब पकड़ी, 10 लाख कैश

**देहरादून, एजेंसी।** पुलिस मुख्यालय ने आचार संहिता लागू होने से अब तक के आंकड़े जारी किए हैं, जिसके अनुसार प्रदेश में अब तक तीन हजार लीटर शराब पकड़ी गई है और 10 लाख कैश बरामद किया गया। आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक प्रदेशभर में लगभग तीन हजार लीटर शराब पकड़ी जा चुकी है। जबकि 10 लाख रुपये से ज्यादा कैश बरामद किया गया है। इसके अलावा लाइसेंसी शस्त्र जमा कराने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जबकि, 22 लोगों को अवैध हथियारों के साथ पकड़ा गया है। पुलिस मुख्यालय ने बुधवार को अब तक की कार्रवाई के आंकड़े जारी किए हैं। पुलिस प्रवक्ता आईजी डॉ. निलेश आनंद भरणे ने बताया कि सभी जिलों में पुलिस टीमें एफएसटी के साथ मिलकर कार्रवाई कर रही हैं। जबकि,

# मंत्रमुग्ध कर बरबस अपनी ओर आकर्षित करती है कुमाऊंनी होली

**दन्यां, एजेंसी।** खुद में विशिष्ट पहचान वाली कुमाऊंनी होली तीन चरणों में सम्पन्न होती है। कुमाऊं की खड़ी व बैठकी होली गायकों और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर बरबस अपनी ओर आकर्षित करने में सक्षम होती है।

कुमाऊं में खड़ी व बैठकी दो प्रकार की होली काफी प्रचलित है। बैठकी होली पौष माह के प्रथम रविवार से शुरू होकर छलड़ी तक गाई जाती है। पौष माह के प्रथम रविवार से बसंत पंचमी तक पहला, बसंत पंचमी से शिवरात्रि तक दूसरा और शिवरात्रि से छलड़ी तक तीसरा चरण माना गया है।

प्रथम चरण में भक्ति के पद, दूसरे चरण में राधा कृष्ण की लीलाएं तथा अंतिम चरण में देवर भाभी व रास लीला पर आधारित गुदगुदी रचनाओं का गायन होता है। पुरुष होल्यारों के बीच खड़ी होली की भी विशेष पहचान है।

ढोलक की धुन में कदमों को मिलाते हुए पुरुष होल्यार गोल घेरे में सस्वर होली गायन करते हैं। पिछले कुछ सालों से रंग पर्व होली का स्वरूप भी काफी बदल गया है। पुराने होल्यार होली के बदलते स्वरूप को लेकर काफी चिंतित हैं।



### अंग्रेजों से लेकर राजा भी रहे उत्तराखंड की इस होली के रसिक, हर साल रहता था इंतजार



लोहाघाट, एजेंसी। अपने आप में कई विशिष्टता को समेटे काली कुमाऊं की खड़ी होली के अंग्रेज से लेकर चंद राजा तक रसिक रहे। सुर से सुर व कदम से कदम मिलाने का अद्भुत कौशल, शब्दों में ठहराव एवं उतार-चढ़ाव ऐसा कि देखने वाला भी खुद को होली में सम्मिलित पाता है। यही वजह रही होगी कि अंग्रेज शासकों से लेकर राजा व दरबारियों को भी खड़ी होली का इंतजार रहता था।

आमतौर पर होली के माने रंग-गुलाल से माना जाता है। उत्तराखंड के कुमाऊं अंचल में रंग-गुलाल से कई आगे इसे गायकी के तौर पर देखा जाता है। सामूहिक गायन की यह परंपरा पीढ़ी-दर-पीढ़ी से आगे बढ़ रही है। फागुन आते ही हवा में नई रंगत घुलने लगती है। सर्दी की विदाई व गर्मी के आगमन के बीच अंकुरित होती नई पंखुड़िया भी जैसे मौसम का आनंद लेना चाहती हैं। बुजुर्ग कलाकार बताते हैं कि चंद राजा सहित अंग्रेज शासक भी कुमाऊंनी खड़ी होली के शौकीन रहे। खड़ी होली गायन करने बाद होल्यार समापन पर सभी को सब फगुवा मिल दे हो आशीष तुम-हम जी रो लाख भरी.. कहते हुए आशीर्वाद देते हैं।

### उत्तराखंड हाईकोर्ट का निर्देश

# अतिक्रमण के खिलाफ सभी डीएम एप्प बनाएं, शिकायतों का करें निस्तारण

**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के मामले में बुधवार को अपने महत्वपूर्ण निर्णय में सभी जिलाधिकारियों (डीएम) को एक एप्प बनाने और उस पर आई शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ ने ये निर्देश रूद्रपुर निवासी शशि बसल की ओर से दायर जनहित याचिका की सुनवाई के बाद दिए। अदालत ने 16 अप्रैल तक रिपोर्ट अदालत में पेश करने को कहा है। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि रूद्रपुर में अतिक्रमणकारियों ने सरकारी भूमि, सड़कों एवं गलियों पर



अतिक्रमण किया है। प्रशासन अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। वहीं दूसरी ओर नगर निगम की ओर से कहा गया कि वह अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। अब तक 1180 अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि सरकारी मशीनरी को ऐसी शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करनी चाहिए। ऐसे मामलों के चलते अदालत का कीमती समय खराब होता है। बता दें कि अंत में अदालत ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जिलास्तर पर एक एप्प गठित करे और अतिक्रमण के खिलाफ आम लोगों की शिकायतों पर कार्रवाई करे। साथ ही अदालत ने 16 अप्रैल तक प्रगति रिपोर्ट अदालत में पेश करने को कहा है।

# लोक संस्कृति की छांव में लोकतंत्र का महापर्व, कुमाऊं का सबसे बड़ा कालेज बना केंद्र

**हल्द्वानी, एजेंसी।** कुमाऊं का सबसे बड़ा महाविद्यालय एमबीपीजी कालेज लोकसभा चुनाव की तैयारियों का केंद्र बन चुका है। शिक्षा के मंदिर से नैनीताल जिले में चुनावी महापर्व संचालित किया जा रहा है। महाविद्यालय के लोक संस्कृति संग्रहालय में उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत, परंपरा और संस्कारों की छांव में मुख्य कार्यालय स्थापित है। वहीं,

परीक्षा कक्ष में स्वास्थ्य कारणों से चुनाव ड्यूटी करने में अक्षम होने का प्रार्थना पत्र देने वाले कर्मचारियों की जांच कराई जा रही है। बुधवार को यहां डाक्टरों ने आवेदकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। ऐसे में दिनभर लाइन लगी रही।

एमबीपीजी कालेज में ही मतदान कर्मचारियों को ईवीएम और वीवीपैट का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा



अन्य विभागीय कक्ष महापर्व की अलग-अलग व्यवस्थाओं के लिए चयनित हैं। यहां आदेश तैयार करने और योजनाओं को अंतिम रूप देने का काम होने लगा है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद महाविद्यालय परिसर में हलचल बढ़ गई है। वाणिज्य संकाय के भवन के भूतल में मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति कक्ष, कंट्रोल रूम, सामग्री कक्ष, अधिकारी कक्ष आदि महत्वपूर्ण कार्यालयों का निर्माण किया गया है, जबकि प्रथम तल में चुनावी गतिविधियां हो रही हैं। वहीं, लोक संस्कृति संग्रहालय मुख्य कार्यालय बनाया गया है। एलबीएस सभागार को मतदान अधिकारी और कर्मचारी प्रशिक्षण के लिए तैयार किया गया है। कालेज मैदान का प्रयोग वाहनों की पार्किंग और भोजन व्यवस्था के लिए किया जा रहा है।

है। शिक्षा शास्त्र विभाग के प्रथम तल में प्रशिक्षण के लिए ईवीएम और वीवीपैट मशीनें रखी गई हैं। वहीं भूतल में कर्मचारियों को इन मशीनों की शिक्षा दी जा रही है।

महाविद्यालय के संगीत विभाग के तल को विधानसभा क्षेत्र के अनुसार विभाजित किया गया है। संगीत विभाग प्रयोगशाला सहित अन्य कक्षों में मतदान के बाद ईवीएम और वीवीपैट को कड़ी सुरक्षा और सीसीटीवी की निगरानी में रखा जाएगा। यहां मशीनें रखने के लिए प्रशासन ने रैक का निर्माण कराएगा।

लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था भी काफी जरूरी है। इसके लिए सुरक्षा बल हल्द्वानी क्षेत्र में बने हुए हैं। एमबीपीजी कालेज में ही कस्तूरबा भवन में सुरक्षा कर्मियों के रहने की भी व्यवस्था की गई है।

### कांग्रेस प्रत्याशियों को लेकर बैठकों का दौर जारी

# उत्तराखंड की दो सीटों पर फंसा पेच



देहरादून, एजेंसी। कांग्रेस में हरिद्वार व नैनीताल सीट पर प्रत्याशियों का पेच फंसा हुआ है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रदेश की हरिद्वार व नैनीताल सीट पर प्रत्याशी घोषित होने की संभावना जताई जा रही थी। इससे पहले प्रदेश प्रभारी शैलजा कुमारी ने भी प्रदेश के शीर्ष नेताओं के साथ बैठक की। लेकिन अभी प्रत्याशियों पर फैसला अटका हुआ है।

हरिद्वार व नैनीताल सीट पर प्रत्याशियों को लेकर कांग्रेस में बैठकों का दौर जारी है। बुधवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल के साथ स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में दोनों सीटों पर प्रत्याशियों को लेकर मंथन किया गया। लेकिन अभी प्रत्याशियों के नामों पर फैसला होना बाकी है।

बीते दिन केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उत्तराखंड की दो सीटों पर चर्चा नहीं हो पाई थी। हरिद्वार व नैनीताल सीट पर प्रत्याशियों को लेकर बुधवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने बैठक ली। जिसमें स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष भगत चरण दास, प्रदेश प्रभारी शैलजा कुमारी, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा मौजूद रहे। बैठक में प्रत्याशियों को लेकर विस्तार से मंथन किया है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि दोनों सीटों पर संभावित दावेदारों के नामों पर लगातार मंथन चल रहा है। जिसके बाद पार्टी हाईकमान प्रत्याशी घोषित करेगी।

केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में गहन मंत्रणा के बाद कांग्रेस ने उत्तराखंड की पांच सीटों में से तीन पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी थी। दो बार के विधायक और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे गणेश गोदियाल पर कांग्रेस ने गढ़वाल सीट पर दांव लगाया है। जबकि मसूरी विधानसभा सीट से 2002 व 2007 में विधायक चुने गए जोत सिंह गुनसोला को पार्टी ने टिकट दिया। उनके सामने इस सीट पर राजशाही का तिलिस्म तोड़ने की चुनौती है। आरक्षित अल्मोड़ा सीट पर इस बार भी प्रदीप टम्टा पर दांव लगाया है। 2009 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर टम्टा सांसद चुने गए थे। जबकि 2014 और 2019 के चुनाव में उन्हें हार मिली। भाजपा की तुलना में कांग्रेस प्रचार में पिछड़ रही है।

हरिद्वार संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने प्रचार के लिए मोर्चा संभाल लिया है। उधर, गढ़वाल संसदीय सीट पर अनिल बलूनी भी प्रचार में उतर गए हैं, लेकिन कांग्रेस में हरिद्वार और नैनीताल सीट पर प्रत्याशियों के नामों को लेकर सहमति नहीं बन रही है। आपसी खींचतान के कारण केंद्रीय चुनाव समिति ने दोनों सीटों पर टिकट प्रतीक्षा में रख दिया है।

हरिद्वार सीट से पूर्व सीएम हरीश रावत अपने बेटे वीरेंद्र रावत के लिए टिकट मांग रहे हैं, जबकि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा इस बात पर अड़े हैं कि यहां से हरीश रावत खुद चुनाव लड़े या फिर उन्हें मौका दिया जाए। नैनीताल सीट पर कई दावेदार होने से आपसी खींचतान चल रही है।

यहां से यशपाल आर्य, भुवन कापड़ी, महेंद्र पाल, रणजीत रावत, प्रकाश जोशी के नामों की चर्चा है। इन नामों में यशपाल आर्य के नाम पर तकरीबन सहमति है, पर आर्य चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं बताए जा रहे हैं। हालांकि, पार्टी में एक बड़ा वर्ग नैनीताल-ऊधम सिंह नगर सीट के जातीय समीकरण के हिसाब से आर्य को मजबूत प्रत्याशी के तौर पर देख रहा है।

### इस बार होली पर भी मनेगी दिवाली

# फूटेंगे बम; हर तरफ बिखरेंगे प्यार के

**हल्द्वानी, एजेंसी।** होली को लेकर बाजार भी रंगों से गुलजार हो गया है। इस बार बच्चों को लुभाने के लिए कई आधुनिक पिचकारियां मंगाई गई हैं। दीपावली में फोड़े जाने वाले स्काई शाट्स, हथगोले व अनार जैसे बम होली में अब कलर्स क्रेकर्स में बदल चुके हैं, जो छोटे बच्चों के साथ ही बड़ों को भी पसंद आ रहे हैं।

आधुनिक दौर में पिचकारियों का ट्रेंड बदलता जा रहा है। बच्चों को पिचकारियों में पानी भरने में मेहनत न करना पड़े, इसके लिए इलेक्ट्रानिक गन आ गई है। इसे पानी में डुबोते ही अपने आप पिचकारी लोड हो जाती है। इसमें भी बजुका, म्यूजिकल, माउजर व थ्री इन वन वैराएटी है, जिसमें गुलाल डालने, पानी भरने व दोनों मिक्स करने की सुविधा दी गई है।

बाजार में इनकी कीमत 600 से 3000 रुपये तक की है। वहीं सात से लेकर 30 शाट्स के स्काई क्रेकर्स कलर्स हैं, जिनको जलाते ही शाट्स आसमान में जाकर फूटते हैं और आसमान गुलाल से रंग जाता है। इनकी कीमत 20 से लेकर ढाई हजार रुपये तक है। 250 रुपये की बबल व फाग कलर गन सोशल मीडिया के लिए रील्स व फोटोग्राफी के लिए पसंद की जा रही है। बाजार में 500 एमएल से लेकर छह किलोग्राम के गुलाल से भरे सिलिंडर भी पहुंचे हैं, जिनसे कई मिनटों तक गुलाल निकलता रहता है। इसकी कीमत 200 से 1300 रुपये



तक की है।

बच्चों के लिए ड्रोन वाले कलर पटाखे भी आए हैं। इसको जलाते ही बम हवा में उड़ने के साथ गुलाल फेंकता है, जिसकी कीमत 160 रुपये है। इंटरनेट गेमिंग पबजी खेलने का शौक रखने वाले लोगों के लिए पबजी एयर ड्राप आया है, जिसे जलाकर एक स्थान पर रख दिया जाता है और उसमें से काफी ऊपर तक गुलाल निकलते हैं। 100 रुपये की म्युजिकल थ्रीडी बाल में से आवाज के साथ ही गुलाल इधर-उधर बिखरता है। पानी की होली नहीं खेलने वालों के लिए 150 रुपये की गुलाल गन आई है। होली के लिए इस बार थर्माकोल का मैजिक गिलास आया है, जिसमें पानी डालते ही रंग निकलने लगता है। 30 रुपये के इस गिलास में 25 लीटर पानी उपयोग होने की क्षमता है। इसमें बार-बार अलग-अलग रंग निकलेंगे। वहीं, मैजिक आइस के पाउडर को बाल्टी या टब में डालते ही रंगीन कृत्रिम बर्फ जम जाएगी, जिसे साथियों पर डालकर आप ठंडी-ठंडी बर्फीली होली खेल सकेंगे। पीएम मोदी के मुखौटे के साथ ही इस बार थ्रीडी मुखौटे आए हैं। चोंच वाले मुखौटे के साथ ही विग लगे मुखौटे भी हैं, जो 100 रुपये से 200 रुपये तक के बीच में है। होली के रंगों से आंख को बचाने के लिए कई फैंसी व फोल्डिंग चश्मे भी बाजार में हैं, जो 50 से लेकर 350 रुपये की कीमत में है। महिलाओं, पुरुष व छोटे बच्चों के लिए हैप्पी होली.. होली है लिखे कुर्ते भी हैं, जो 250 से 300 रुपये के बीच में है। छोटे बच्चों के लिए कलरफुल टी-शर्ट, महिलाओं के लिए साड़ियां, पहाड़ी मोदी टोपी, मलिंगा विग, लड्डू गोपाल के लिए नन्ही बाल्टी व पिचकारी भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। हर्बल गुलाल के बाद अब पानी वाली हर्बल रंग भी मार्केट में पहुंच चुके हैं, जो बिल्कुल रसायन मुक्त हैं। कारोबारी कंवलजीत सिंह ने बताया कि पानी वाले हर्बल रंग से त्वचा में कोई दिक्कत नहीं होगी। ग्राहकों को लुभाने के लिए वह 2000 रुपये से अधिक की खरीदारी में गिफ्ट भी दे रहे हैं। बच्चों के लिए पेपा वाटर गन है, जिसमें चार खिलौने भी मौजूद हैं। दीपावली की तरह ही फटने वाले कलर बम 30 रुपये से शुरुआत है। चील के चोंच वाले मुखौटे, स्प्रे गन के साथ ही कई प्रकार के मास्क बाजार में आए हैं।

# नुक्कड़ नाटकों के कारण समाज में बदलाव आया है:डॉ.सुमन

## इस तरह से नुक्कड़ नाटक सरकार और समाज के बीच बातचीत और समस्याओं के समाधान का उत्तम माध्यम रहे हैं।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध श्री अरबिंदो कॉलेज के तत्वाधान में सांस्कृतिक महोत्सव कार्यक्रम महक-2024 के अंतर्गत नाट्य संस्था मोक्ष के माध्यम से अंतर विश्वविद्यालय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में दिल्ली विश्वविद्यालय,आई.पी. यूनिवर्सिटी, नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी आदि विश्वविद्यालयों के अलावा विभिन्न कॉलेजों से आए नुक्कड़ नाटक की लगभग 75 टीमों ने अपना पंजीकरण कराया। अंत में 13 टीमों को प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। सभी टीमों ने अपनी बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मोक्ष के संयोजक डॉ. हंसराज सुमन ने बताया है कि नुक्कड़ नाटकों के मंचन की प्रतियोगिता में निर्णय करने के लिए युवा नाटककार श्री नक्षत्र सचदेवा , प्रोफेसर राजकुमार वर्मा व डॉ.पंकजेंदर किशोर आदि थे। इसके अलावा डॉ. अनिता कुमारी डॉ. शिवमंगल कुमार , डॉ.प्रशांत बड़थ्वाल श्री अमन कुमार, डॉ.कल्पिता सोनेवाल, डॉ. महेश कौशिक , श्री अभिनव प्रकाश, श्री साहिल मनचंदा आदि भी उपस्थित रहे। मोक्ष नाट्य संस्था के संयोजक डॉ. हंसराज सुमन ने अपने उद्घाटन भाषण में प्रतिभागी टीमों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक युग में नुक्कड़ नाटकों का प्रचलन जन जागृति के लिए जन आन्दोलनों के रूप में किया जाता रहा है। वर्तमान समय में आधुनिकता और गतिशील जीवन शैली के कारण नुक्कड़ नाटकों के प्रति लोगों का रुझान कम हुआ है। गली नुक्कड़ पर अल्पावधि में खेले जाने वाले नाटकों की रोचकता कम नहीं हुई है परंतु लोगों का घरों में सिमट कर रह जाना एवं सामाजिक जीवन की शिथिलता ने नुक्कड़ नाटकों को उपेक्षित कर दिया है। नेटफ्लिक्स पर ओटीटी व लघु फिल्मों के प्रसारण के कारण भी लोगों की रुचि नुक्कड़ नाटकों में कम हुई है। बावजूद इसके नुक्कड़ नाटकों के कारण समाज में बहुत बड़ा बदलाव आया है। कोरोना के बाद लोगों ने अपने यूट्यूब चैनल बनाकर लघु फिल्मों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया है जिससे समाज में बदलाव हुआ है।

डॉ. सुमन ने आगे कहा कि नुक्कड़ नाटक हमारी भारतीय संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। ये नाटक सिर्फ मनोरंजन का साधन ही नहीं है बल्कि शिक्षा, जागरूकता का माध्यम भी रहे हैं। साथ ही नुक्कड़ नाटक के द्वारा कोई समुदाय और समाज अपनी मांग और समस्याएँ आसानी से सरकार तक पहुंचा सकते हैं। इस तरह से नुक्कड़ नाटक सरकार और समाज के बीच बातचीत और समस्याओं के समाधान का उत्तम माध्यम रहे हैं। नुक्कड़ नाटक विधा को जीवित रखने के लिए आवश्यक है कि नाटक और रंगमंच को पाठ्यक्रमों में लगाना होगा और रंगमंच के लिए कलाकारों को तैयार करना चाहिए ताकि नुक्कड़ नाटक महानगरों तक ही सीमित न रहे बल्कि गांवों में पहुंचकर युवा पीढ़ी को शिक्षित किया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि नुक्कड़ नाटकों पर बहुत कम शोध कार्य हुए हैं विश्वविद्यालयों की शोध समिति को इस ओर ध्यान देना चाहिए तभी नुक्कड़ नाटकों के प्रति लोगों में रुचि बढ़ेगी। डॉ. सुमन ने बताया है कि नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में शामिल टीमों ने अलग- अलग विषयों को केंद्र में रखकर दर्शकों का मनोरंजन किया। निर्णायक मंडल के सदस्य श्री नक्षत्र सचदेवा ने विजेता टीम की घोषणा की। उनके अनुसार प्रथम पुरस्कार गुरुतेग बहादुर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को दिया गया , वहीं दूसरा पुरस्कार , शहीद भगतसिंह कॉलेज ( सांध्य ) व तीसरा पुरस्कार नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी को दिया गया। इसके अलावा सब्जेक्ट व बेस्ट थीम के लिए कालिंदी कॉलेज को राग टीम को मिला। नुक्कड़ नाटक की प्रतियोगिता के अंत में डॉ. अनिता कुमारी ने सभी टीमों के कलाकारों व उनके साथ आए साथियों का धन्यवाद किया।

# मैट्रो पुलिस ने किया ड्रग तस्करी के मामले का खुलासा

## चरस के 40 पाउच छोड़कर भागा था सख्स, पकड़ा तो 740 ग्राम और मिला

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आईजीआई मेट्रो पुलिस टीम ने ड्रग तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान हरियाणा के सोनीपत निवासी निशांत के रूप में हुई है। उसके पास से 740 ग्राम फाइन क्वालिटी का चरस बरामद किया गया है। डीसीपी डॉक्टर रामगोपाल नायक ने बताया कि सीआईएफ कर्मियों के द्वारा एक सूचना मेट्रो पुलिस को मिली थी की एक शख्स सेक्टर 10 मेट्रो स्टेशन पर बैग छोड़कर भाग गया है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उस बैग को डॉग स्क्वाड और बम निरोधक दस्ता के द्वारा चेक कराया गया। कहीं उसमें कोई संदिग्ध विस्फोटक तो ना हो। लेकिन उसमें से ऐसा कुछ नहीं मिला, 30 प्लास्टिक के पाउच बरामद किए गए। फिर एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया, जांच किया गया तो पता चला कि पाउच मे ड्रग है जिसे अलग-अलग पाउच में भरकर रखा गया था। इस मामले में आईजीआई मेट्रो स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया गया।

एसीपी संजय भारद्वाज की देखरेख में एसएचओ आशु गिरोत्रा, इंस्पेक्टर समीर श्रीवास्तव, एसआई अरुण जाखड़, रघुवीर सिंह, एएसआई कृष्ण कुमार, ब्रह्मपाल सिंह, भूपेंद्र, संजीव, होशियार सिंह, हेड कांस्टेबल संदीप और गंगाराम की टीम ने इस मामले में सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की छानबीन शुरू की। जो सख्स पाउच छोड़कर भाग गया था, उसके बारे में पता लगाना शुरू किया। जिसमें पुलिस को पता चला कि वह आरोपी लगातार मेट्रो का इस्तेमाल करता है। पुलिस टीम अलग-अलग मेट्रो स्टेशन पर अलर्ट हो गई और इनफॉर्मर की भी मदद ली। जिसके कारण जब वह आरोपी फिर द्वारका सेक्टर 11 मेट्रो स्टेशन पर पहुंचा, तो पुलिस टीम ने उसे ट्रैक कर लिया। उसकी पहचान हुई और उसके पास से 740 ग्राम चरस बरामद किया गया जो उसने खानपुर स्थित अपने कमरे पर छुपाकर रखा हुआ था। उसे दो दिन का पुलिस रिमांड लिया गया, अब उसके दूसरे साथियों की तलाश की जा रही है।

पूछताछ में उसने बताया कि वह चरस तस्करी के लिए मेट्रो का और टैक्सी बाइक का इस्तेमाल करता था। जिससे कि पुलिस की नजर में ना आ सके। उसकी शादी हो चुकी थी, लेकिन इतनी कमाई नहीं थी कि वह अपनी पत्नी को लाइफ स्टाइल को बढ़िया कर सके। वह खानपुर इलाके में किराए के कमरे में रहता था। और तंगी से उबरने के लिए और शॉर्टकट से पैसा कमाने के लिए वह ड्रग तस्करी के धंधे में इंवॉल्व हो गया।

# आप नेताओं के दबाव में आचार संहिता का पालन नहीं कर रहे अधिकारी: हिनू महाजन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली हाई कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की पवक्ता हिनू महाजन ने कहा की लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है लेकिन दिल्ली में आम आदमी पार्टी के दबाव के कारण इसका ढंग से पालन नहीं हो रहा है हिनू महाजन ने कहा कि जब चुनावघोषिति हो जाता है सार्वजनिक स्थानों पर मुख्यमंत्री मंत्री जनप्रतिनिधि सभी के होल्डिंग हटा दिए जातेहैं यहां तक की उनके नाम वाले बोर्ड पर भी रंग लगा दिया जाता है लेकिन यहां ऐसा ना होना चौंकाने वाला है हिनू महाजन ने कहा कि, नई सीमापुरी एवं कस्तूरबा नगर, झिलमिल के कई मोहल्ला क्लीनिको का दौरा किया और पाया कि उनकी दीवारों पर दिल्ली सरकार ने अभी तक विज्ञापन लगा रखे हैं, जो कि पूरी तरह से चुनाव आचार संहिता का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन है। उन्होंने यह भी बताया कि मोहल्ला क्लिनिक की दीवारों पर जो विज्ञापन लगा रखे हैं, उसमें आज भी सतेंद्र जैन को स्वास्थ्य मंत्री दिखाया गया है और मनीष सिसोदिया को शिक्षा मंत्री दिखाया गया है, जबकि ना ही वह कोई मंत्री है जबकि हकीकत तो यह है कि वह जेल में है और ना ही आज की तिथि उनको इस तरह से विज्ञापन लगने चाहिए। यह विज्ञापन पूरी तरह से जनता के साथ धोखा है और यह आचार संहिता का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन है। उन्होंने मांग की है कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वाले लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मोहल्ला क्लिनिको को दिल्ली सरकार ने विज्ञापन का अड्डा बना रखा है। साथ में उन्होंने यह कहा कि यह मोहल्ला क्लिनिक की नौटंकी दिल्ली सरकार को बंद करनी चाहिए और दिल्ली की आम जनता को आयुष्मान योजना का लाभ देना सुनिश्चित करना चाहिए आयुष्मान योजना के तहत कोई भी गरीब व्यक्ति सरकारी हस्पताल या प्राइवेट हॉस्पिटल में 5 लाख तक का इलाज मुफ्त करा सकता है। तो फिर इस तरह के मोहल्ला क्लिनिक की क्या जरुरत, जब आम व्यक्ति को प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज मिल सकता है, लेकिन दिल्ली सरकार ने केंद्र सरकार से अपनी राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के चलते हुए, प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारतीय योजना दिल्ली में लागू नहीं होने दी, जिससे कि गरीब जनता को उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है और वह अपने मोहल्ला क्लिनिक की ड्रामेबाजी कर रहे हैं।

# ड्रग की बुरी लत ने बना दिया लेबर को लुटेरा

## स्कूटी चोरी का लूटने लगा था सड़क पर महंगे मोबाइल

संवाददाता

पश्चिमी जिला के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने एक शातिर लुटेरा को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान गुरमीत उर्फ काके के रूप में हुई है। यह पहले से सात आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। इसके पास से चोरी की स्कूटी और तीन मोबाइल बरामद किए गए हैं। इसकी गिरफ्तारी से चार मामलों का खुलासा करने का दावा पुलिस ने किया है। जो जनकपुरी, ख्याला, पंजाबी बाग थाना में दर्ज थे। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर के अनुसार गिरफ्तार आरोपी गुरमीत रघुवीर नगर का रहने वाला है। पहले यह डेली वेजेज पर लेबर का काम करता था। लेकिन ड्रग्स की लत के कारण यह आपराधिक वारदात में शामिल हो गया। यह चोरी की स्कूटी से मोबाइल लूटने और छीनने की वारदात करने लगा। हेड कांस्टेबल विजय को इसके बारे में एक इनफार्मेशन मिली थी। इसके बाद एसीपी अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर अजमेर सिंह की टीम ने अंध विद्यालय रघुबीर नगर रोड पर रात में ट्रैप लगाया। इसे वहीं पर दबोच लिया गया, जिस स्कूटी से यह जा रहा था वह जनकपुरी थाना इलाके से चोरी की निकली। तलाशी में उसके पास से तीन मोबाइल बरामद किए गए, जो पंजाबी बाग और ख्याला थाना में दर्ज मामलों में शामिल थे, आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# वृद्ध आश्रम की महिलाओं के साथ मनाया होली उत्सव : डॉ अनिंदिता दीक्षित



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

सम्पूर्ण फाउंडेशन ट्रस्ट की निदेशक डॉ. अनिंदिता दीक्षित एवं ट्रस्ट की अन्य महिला साथियो ने मौजपुर स्थित वृद्धाश्रम की बुजुर्ग महिलाओ के साथ मनाया होली का त्योहार. मौजपुर शाहदरा की कृष्णा गली में स्थित वृद्ध आश्रम नारी उत्थान समिति जहा पर करीब ५० बुजुर्ग महिलाये अपना जीवन आश्रम की संचालिका श्रीमती संतोष शर्मा के सानिध्य में जी रही है, उन सभी बुजुर्ग महिलाओ के साथ रंग गुलाल और चंदन लगा, मिठाई और फल खिला कर सम्पूर्ण फाउंडेशन निदेशक डॉ अनिंदिता दीक्षित के साथ फाउंडेशन की महिला सदस्यों बबीता शर्मा, वंदना शर्मा, दीपिका ठाकुर, अर्चना गुप्ता, पूनम त्यागी और प्रतिभा गुप्ता ने होली का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया. आश्रम में रहने वाली ये बुजुर्ग महिलाये अनाथ नहीं है अपना घर होते हुए भी वृद्ध आश्रम में रहने पर मजबूर है. कोई अन्य सहारा ना होने के कारण इन बुजुर्ग महिलाओ ने इस वृद्ध आश्रम में आश्रय लिया है. सम्पूर्ण फाउंडेशन की निदेशक डॉ अनिंदिता दीक्षित ने बताया की सभी त्योहारों पर फाउंडेशन की महिलाये वृद्ध आश्रम आकर इन वृद्ध और असहाय महिलाओं के साथ उत्सव पर्व मनाती है जिससे इनके अकेले होने के अहसास को कुछ कम किया जा सके. आश्रम में रहने वाली सभी वृद्ध माताओ ने ढोलक की थाप होली के भजन गाये और जमकर डांस किया. वृद्ध अनाथ महिलाओ की खुशी उनकी आखो से बहते खुशी और उन आंसुओ में छुपे गम को बया कर रहे थे. सभी बुजुर्ग महिलाओ ने सम्पूर्ण फाउंडेशन के महिलाओं को खूब आशीर्वाद देकर विदा किया.

## फर्जी वीजा पर जर्मनी भेजने वाला एजेंट गिरफ्तार

नई दिल्ली। फर्जी वीजा पर दो यात्रियों को जर्मनी भेजने वाले एजेंट को एयरपोर्ट पुलिस ने बुधवार को करनाल से दबोच लिया। मामला वर्ष 2022 का है और तब से ही पुलिस एजेंट की तलाश कर रही थी। जानकारी के मुताबिक, मूलरूप से पंजाब के पटियाला निवासी एजेंट ने वर्ष 2022 में दो लोगों को फर्जी वीजा पर जर्मनी भेजा था। योजना यह थी कि दोनों यात्रियों को पहले भारत से जर्मनी फिर वहां से अमेरिका भेजा जाना था। इसके लिए उसने दोनों यात्रियों से दस लाख रुपये भी लिए। उक्त दोनों यात्री फर्जी वीजा के आधार पर जर्मनी पहुंच गए, लेकिन वहां सुरक्षा अधिकारियों ने दस्तावेज को फर्जी पाया और दोनों को भारत भेज दिया। दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचते ही दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इसके बाद उन्होंने एजेंट के बारे में जानकारी दी। पुलिस टीम लंबे समय से एजेंट की तलाश कर रही थी।

# एक साल, दिल्ली से नेपाल, पहुंचाए 5,000 हजार से ज्यादा मोबाइल..!



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने चोरी और छीने गए 473 मोबाइल फोन के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें नेपाल मूल के नागरिक भी शामिल हैं। इस रैकेट के पकड़े जाने से दिल्ली एनसीआर में 91 अपराधिक मामले सुलझा लेने का दावा पुलिस ने किया गया है। पुलिस ने इनके पास से दो कारें भी जब्त की हैं। डीसीपी क्राइम ब्रांच अमित गोयल ने बताया आरोपियों की पहचान चंपावत उतराखंड निवासी पारस जोशी, नेपाल निवासी इंद्र बहादुर, मान सिंह, दिल्ली निवासी रविन्द्र मदान और सतीश के तौर पर हुई। आरोपियों के पास से मिले 280 चोरी के मोबाइल अलग अलग थाना में दर्ज केस से कनेक्ट भी हो गए हैं। पुलिस की तहकीकात में खुलासा हुआ आरोपी इन मोबाइल फोन को नेपाल भेजते थे। इस गैंग में शामिल कुछ सदस्य पहले ही अरेस्ट किए जा चुके हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी पारस जोशी ने खुलासा किया वह मान सिंह के माध्यम से नेपाल निवासी उमेश के संपर्क में आया और इन चोरी किए गए मोबाइल फोन को दिल्ली से नेपाल ले जाता था, जिसके बदले उमेश उसे प्रति ट्रांसपोर्टेशन 10,000 रुपए देता था। आमतौर पर वह मान सिंह के साथ हर शनिवार को दिल्ली में इंदर चोरी किए गए मोबाइल फोन लेता था। पारस उस चोरी के फोन को अपनी कार से उत्तराखंड में भारत नेपाल सीमा पर पहुंचाता था। यहां से मान सिंह इन बैगों को किश्तों में नेपाल के महेंद्र नगर ले जाता था। मान सिंह नेपाल के महेंद्र नगर में एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाता है और पिछले 4-5 सालों से उमेश के लिए काम करता है। वह इन चोरी किए गए मोबाइल फोन को दिल्ली से उत्तराखंड ले जाने के लिए पारस जोशी के साथ जाता था। उमेश के निर्देश पर वह रविंदर मदान और उमेश के परिचित अन्य लोगों से चोरी के मोबाइल फोन लेने दिल्ली जाता था। आरोपी पिछले एक साल में दिल्ली से नेपाल में पांच हजार से ज्यादा मोबाइल फोन पहुंचा चुके थे। आरोपी पारस जोशी ने नैनीताल में कुमाउं यूनिवर्सिटी से एमए कर रखी है। वह उतराखंड में मूर्गी पालन फार्म चलाता है। आरोपी मानसिंह नेपाल का रहने वाला है। वह महेन्द्र नगर में इलेक्ट्रोनिक शॉप चलाता है। आठ दस साल पहले वह उमेश के जरिए पारस के संपर्क में आकर इस रैकेट का हिस्सा बन गया। आरोपी इंद्र बहादुर उमेश का पड़ोसी है। वह उमेश के लिए पांच साल से काम कर रहा था। आरोपी सतीश बैटरी रिक्शा रिपेयर शॉप चलाता है। इसके साथ ही घर पर मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान भी कर रहा था। वहीं आरोपी रविन्द्र मदान बीए कर चुका है। वह नजफगढ में इलेक्ट्रिक से जुड़े सामान की फैक्टरी चला रहा था। दोस्त अनिल चावला के जरिए वह उमेश के संपर्क में आकर इस धंधे का हिस्सा बन गया।

# होली के मौके पर केमिकल युक्त रंगों से करें बचाव डॉक्टर आर पी पाराशर

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम केमुख्य चिकित्सा अधिकारी आयुष डॉक्टर आर पाराशर ने कहां होली के अवसर पर बाजार में केमिकल युक्त रंगों की भरमार है जो त्वचा के साथ-साथ शरीर के अन्य अंगों के लिए भी हानिकारक सिद्ध हो सकते हैं। कुछ वर्षों पहले तक टेसू के रंगों का होली के अवसर पर बहुतायत से प्रयोग किया जाता था लेकिन अब प्राकृतिक उत्पादों की जगह कृत्रिम रंगों ने ले ली है जिनमें माइका, कॉपर सल्फेट, लेड ऑक्साइड आदि नुकसान दायक केमिकल होते हैं। अगर होली के रंग का आनंद लेना है तो बेहतर है कि थोड़े से प्रयास से ही घर पर इको फ्रेंडली हर्बल गुलाल और रंग तैयार किये जाएं जो त्वचा के साथ-साथ संपूर्ण शरीर के लिए सुरक्षित हो। इसके लिए विभिन्न पेड़-पौधों के फूल, पत्ते, और जड़ों का प्रयोग कर सकते हैं। डॉ पाराशर ने कहा इन्हें मैदा, बेसन या संतरों के छिलकों के साथ मिक्स करके अच्छा गुलाल तैयार किया जा सकता है। आजकल दिन में अच्छी तेज धूप निकल रही है, इसलिए इन्हें मिक्स करने के कुछ घंटे बाद ही गुलाल तैयार हो जाएगा। वहीं पानी के रंगों के लिए इन्हें ग्राइंडर में पीसकर सीधे पानी में मिक्स कर सकते हैं। हालांकि मौसम में सुबह शाम की ठंड है इसलिए होली पर पानी के बजाय गुलाल का ही प्रयोग करें तो बेहतर होगा। डॉ पाराशर ने कहा कि फूलों की बात करें तो इस समय टेसू यानी पलाश के फूलों की बहार आई हुई है और सड़कें टेसू के फूलों से अटी पड़ी हैं। इन्हें इकट्ठा कर हम लाल रंग का गुलाल या रंग बना सकते हैं। लाल रंग के लिए गुड़हल के फूलों का भी प्रयोग किया जा सकता है। गुलाबी रंग के लिए चुकंदर, हरे रंग के लिए मेहंदी, पालक या धनिया के पत्ते व पीले रंग के लिए गेंदे के फूल, कच्ची हल्दी या हल्दी पाउडर को प्रयोग में लाया जा सकता है। त्वचा के लिए सुरक्षित होने के साथ-साथ इन सब के अपने औषधीय फायदे भी हैं। इसके अलावा त्वचा को खराब होने से बचाने के लिए सुबह बालों, सिर, चेहरे और हाथों पर सरसों या नारियल का तेल लगाकर होली खेलें, साथ ही पूरी बाजू के कपड़े पहनें।

## भाजपा छोड़ आप में हुए दर्जनों लोग शामिल

नई दिल्ली। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं पार्टी नेताओं का एक दूसरे दलों में आना जाना शुरू हो गया है। उसी कड़ी के तहत आज आम आदमी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी सांसद कुलदीप कुमार, अधिवक्ता दीपक बंसल पूर्व डूसू सचिव व सुरेंद्र चौहान पूर्व निगम प्रत्याशी, की मौजूदगी में भाजपा व युवा मोर्चा के जिला व मण्डल के अनेक कार्यकताओं ने भाजपा का दामन छोड़कर आम आदमी पार्टी कीसदस्यता ग्रहण की। अधिवक्ता कुलदीप कुमार (पूर्व अधिवक्ता प्रकोष्ठ) अनिल कुमार, (पूर्व मंडल उपाध्यक्ष), अभिषेक बेनीवाल (पूर्व जिला मंत्री युवा मोर्चा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा पटपरगंज मण्डल), गुलशन कुमार, (पूर्व ज़िला मंत्री युवा मोर्चा) अधिवक्ता राहुल बसल (पूर्व मण्डल अध्यक्ष फेस-वन युवा मोर्चा), रूपचन्द सैनी (पूर्व मण्डल अद्यक्ष फेस-वन), प्रदेश कार्यकार्णी युवा मोर्चा, (जिला मंत्री एस.टी मोर्चा), निखिल (पूर्व मण्डल मंत्री) इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक त्रिलोकपुरी रोहित मेहरोलिया, निगम पार्षद त्रिलोकपुरी विजय कुमार, पूर्व प्रत्याशी सुरेंद्र चौहान, ईश्वर चन्द्र झा, रोशन सहाय व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मकोका मामले में जांच अवधि बढ़ाने की अपील खारिज

नई दिल्ली । तीस हजारी कोर्ट ने मकोका के तहत दर्ज मामले की जांच अवधि बढ़ाने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि जांच अवधि यंत्रवत नहीं बढ़ाई जा सकती है। मामला गैंगस्टर सलमान त्यागी से जुड़ा हुआ है। दिल्ली पुलिस ने दिसंबर 2023 में गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों से संबंधित जांच को पूरा करने के लिए 90 दिनों के विस्तार की मांग की थी। एडिशनल सेशन जज (एएसजे) शिवाली शर्मा ने जांच अधिकारी (आईओ) द्वारा दायर आवेदन को खारिज कर दिया, जिसमें समय बढ़ाने की मांग की गई थी। जांच सौरभ कुमार उर्फ भिंडा और रोहित से जुड़ी है। एएसजे शिवाली शर्मा ने 19 मार्च को पारित आदेश में कहा कि वर्तमान मामले में, जांच एजेंसी या अभियोजन पक्ष 90 दिनों से अधिक समय तक आरोपी व्यक्तियों की हिरासत के लिए कोई विशेष कारण रिकॉर्ड में लाने में विफल रहा। आईओ इस मामले की आकस्मिक तरीके से जांच कर रहा है और अवधि बढ़ाने के लिए आधार बनाने के लिए 90 दिनों के अंत में नोटिस जारी कर रहा है। ऐसे में समय सीमा का विस्तार नहीं दिया जा सकता है। निर्धारित समय में जांच पूरी नहीं होने पर आरोपी को जमानत दे दी जाती है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, 23 अगस्त, 2019 को पुलिस स्टेशन हरि नगर में मकोका के तहत एक एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने 26 आरोपियों में से 18 को गिरफ्तार कर लिया है। 14 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। एक आरोपपत्र और पांच पूरक आरोपपत्र दाखिल किए गए हैं।

# पंथक शिक्षा और जत्थेदार संतोख सिंह विषय पर हुई विचार गोष्ठी

नई दिल्ली। दिल्ली में पंथक शिक्षा संस्थानों के संस्थापक जत्थेदार संतोख सिंह की 96वीं जयंती के अवसर पर कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में पंथक शिक्षा और जत्थेदार संतोख सिंह विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस विचार चर्चा के दौरान सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक, बैंकिंग और राजनीतिक क्षेत्र के विद्वानों ने पंथक मुद्दों के प्रति जत्थेदार संतोख सिंह की भूमिका के बारे में गंभीरता से अपनी राय व्यक्त की। वक्ताओं में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा, पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला के पूर्व कुलपति डॉ. जसपाल सिंह, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना, इलाहाबाद बैंक के पूर्व अध्यक्ष हरभजन सिंह, गुरू नानक देव खालसा कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. हरमीत सिंह एवं दिल्ली कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष कुलवंत सिंह बाठ शामिल थे। दिल्ली कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके ने संगतों का धन्यवाद किया। एक पुलिस अधिकारी के रूप में लालपुरा ने 20 सितंबर 1981 को चौक मेहता में संत जरनैल सिंह भिंडरावाले की गिरफ्तारी के अवसर पर 50 हजार लोगों की सभा में जत्थेदार संतोख सिंह द्वारा उनकी मौजूदगी में दिए गए भाषण को याद करते हुए कहा कि जत्थेदार संतोख सिंह एक अच्छे राजनेता के साथ-साथ अल्पसंख्यकों के बड़े नेता भी थे। उनके पास प्रधानमंत्री का दरवाजा खटखटाकर उनसे बात करने की ताकत थी। यदि जत्थेदार संतोख सिंह अधिक समय तक जीवित रहते तो हम ऑपरेशन ब्लू स्टार नहीं देखना पड़ता। क्योंकि भिंडरावाले और इंदिरा गांधी दोनों ही जत्थेदार संतोख सिंह की बात मानते थे। लेकिन यह हमारा दुर्भाग्य है कि 40 साल बाद भी हम जत्थेदार संतोख सिंह जैसा नेता पैदा नहीं कर सके। हालाँकि जत्थेदार संतोख सिंह के पास किताबी ज्ञान नहीं था, लेकिन उनमें आत्मिक ऊर्जा थी। डॉ. जसपाल सिंह ने जत्थेदार संतोख सिंह के साथ बिताए गए समय को याद करते हुए कहा कि जत्थेदार संतोख सिंह ने अमीर विरासत को संरक्षित करने और विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए खुले दिल से काम किया था। उनके प्रमुख कार्यों में गुरू तेग बहादर साहिब की कैद की निशानी कोतवाली कौम को दिलवाना, महरौली में कुतुब मीनार के पास डॉक्टर गंडा सिंह से बाबा बंदा सिंह बहादर के शहीदी स्थल का सत्यापन करवाकर गुरुद्वारा साहिब की स्थापना करवाना और गुरू हरिक्रिशन पब्लिक स्कूलों तथा खालसा कॉलेजों की स्थापना करवाना शामिल था।

# जेएनयू छात्र संघ चुनाव, वोटिंग से पहले प्रेजिडेंसियल डिबेट

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



जेएनयू छात्रसंघ चुनाव की वोटिंग कल शुक्रवार 22 मार्च को होने जांच है। चार साल बाद होने जा रहे छात्रसंघ चुनाव की वोटिंग से पहले 20 मार्च की रात प्रेसीडेंशियल डिबेट का आयोजन जबरदस्त गर्म जोशी के साथ हुआ। इस यूनिवर्सिटी की परंपरा रही है की छात्र संघ चुनाव प्रचार के आखिरी दौर में एक प्रेसिडेंशियल डिबेट होता है। जिसमें प्रेजिडेंट पद से सभी उम्मीदवार अपना अपना वक्तव्य रखते हैं। इस दौरान जो माहौल होता है वह इस कैंपस के संस्कृति को भी दिखाता है। ढोल, नगाड़े, डफली और बिना रुके पूरी रात नारेबाजी, इस प्रेसिडेंशियल डिबेट के परंपरा जो चली आ रही है। वह इस बार भी नजर आई, इस बार जय श्री राम के भी खूब नारे लगे।

छात्र संघ चुनाव चार साल बाद हो रहा है, ऐसे में छात्रों ने अपनी ऊर्जा को बचा के रखा था। प्रेसीडेंशियल डिबेट के दौरान सभी छात्र संगठनों ने अपने उम्मीदवार के पक्ष में और अपने विरोधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ऐसे तो यह एक कैंपस के छात्र संघ का चुनाव है, लेकिन इसमें मुद्दे इस बार भी इंटरनेशनल स्तर के नजर आए। छात्र संघ के इस चुनाव में कुल आठ उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं। सभी ने अपने-अपने वक्तव्य इस प्रेसिडेंशियल डिबेट में रखे और जिन मुद्दों पर चर्चा हुई वह मुद्दे इस कैंपस मे बुनियादी सुविधाओं से शुरू होकर अंतरराष्ट्रीय स्तर के इजराइल, फिलिस्तीन, यूक्रेन और गाजापटी के बारे में पहुंच गई।

छात्र संगठनों के बीच हिंदू - मुसलमान, लेफ्ट विंग और राइट विंग को लेकर भी कई बातें छात्रों द्वारा कही गई। इस बार के इस कैंपस के चुनाव में एबीबीपी वर्सेस ऑल नजर आ रहा है। मौजूदा दौर में लोकसभा चुनाव के दौरान इंडिया अलाइंस भले ही साथ मिलकर चुनाव लड़ रहा हो, लेकिन कैंपस में लेफ्ट विंग के चार संगठन चुनाव में उतरे हैं। वही राष्ट्रीय जनता दल की उफ्खऊ समाजवादी पार्टी की रउर, कांग्रेस की ठरवक और इअढरअ ने भी अपने अलग-अलग उम्मीदवार उतारे हैं।

इन सभी संगठनों के कैडर अलग हैं और अइश्ढ एक तरह से इन सभी के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरी हुई नजर आ रही है। एबीवीपी की तरफ से उमेश चंद्र अजमेरा ने स्पीच के दौरान अपने पिता की हत्या का आरोप नक्सलियों पर लगाया। उमेश ने जय श्री राम और जय भीम के नारे के साथ अपनी स्पीच की शुरूआत की। उसके बाद एक-एक करके लेफ्ट समर्थक छात्रों के खिलाफ कई बातें कहीं। साथ ही साथ इन्होंने अपने संगठन द्वारा कोविड काल में किए गए जन कल्याण के कामों को गिनाया और आखिर में यह वादा किया कि अगर वह चुनकर आते हैं तो कैंपस के लिए बहुत काम करेंगे।

लेफ्ट यूनिटी के उम्मीदवार धनंजय ने अपनी स्पीच की शुरूआत से ही केंद्र सरकार को घेरना शुरू कर दिया था। उअअ, ठफ्ठ , सर्जिल इमाम , उमर खालिद, फिलिस्तीन जैसे कई मुद्दों पर बात कहने के बाद कैंपस के और सुधार के लिए उन्होंने अपनी बातें कही। वही ठरवक से जुनैद राजा ने शुरूआत तो इलेक्ट्रॉन बॉन्ड के भ्रष्टाचार से की।उसके बाद मुसलमानों के साथ दोहरी रवैया को लेकर जमकर केंद्र सरकार को घेरा। इतना ही नहीं लेफ्ट यूनिटी के खिलाफ भी कई बातें कहीं। आरोप लगाया कि यह लोग मौका परस्त होते हैं।।फायदा देखकर यह सरकार से मिल जाते हैं फिर वह चाहे नीतीश कुमार के साथ बिहार में हो, या बंगाल में। आठ उम्मीदवारों में से इकलौती महिला उम्मीदवार आराधना यादव ने ओबीसी को लेकर बातें कहीं की कैसे आजादी के बाद से ही ओबीसी के साथ भेदभाव किया जाता है। इसके लिए अनुराधा ने लेफ्ट यूनिटी को भी दोषी ठहराया। आदिवासी से लेकर समाज में कई कुरीतियों के बारे में भी यहां पर बातें हुई। सभी ने एक दूसरे पर आरोप लगाए। प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान जब एबीवीपी का उम्मीदवार बोलने के लिए मंच पर आया, उस वक्त एवीबीपी को छोड़ सभी छात्र संगठनों ने इनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके जवाब में जितने भी लेफ्ट विंग या दूसरे संगठन के उम्मीदवार अपनी बातों को रख रहे थे, उस दौरान एबीवीपी के छात्रों ने भी जमकर विरोध में नारेबाजी किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान इतना हो हल्ला हुआ की कई बार इस डिबेट को थोड़े-थोड़े देर के लिए रोकना पड़ा।

इलेक्शन कमिटी द्वारा इस डिबेट का समय रात के 9:00 बजे रखा गया था, लेकिन जबरदस्त हो हल्ला के कारण मध्य रात्रि 12:00 बजे से यह प्रेसिडेंशियल डिबेट की शुरूआत हो सकी और तड़के 4 बजे तक चलता रहा। राते हुए इस प्रेसीडेंशियल डिबेट के बाद अब कैंपस में प्रचार प्रसार बंद हो गया है। अब 22 मार्च को वोट डालें जायेंगे। काफी ज्यादा उम्मीदवार मैदान में उतरने का फायदा क्या एबीवीपी को मिल सकता है। या एक बार फिर लेफ्ट यूनिटी की जीत कैंपस में होगी। इन सभी सवालों का जवाब 24 मार्च को चुनाव के नतीजे में पता लग जाएगा।

## डीयू के कार्यालयों में काम कर सकेंगे विद्यार्थी

नई दिल्ली । दिल्ली विश्वविद्यालय एक बार विद्यार्थियों को अपने प्रशासनिक कार्यालयों में काम करने का अवसर देने जा रहा है। डीयू ने वीसी इंटर्नशिप स्कीम (पॉर्ट टाइम) शुरू की है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस स्कीम के तहत नियमित कॉलेजों के दूसरे वर्ष में पढ़ रहे विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। इस स्कीम का लाभ लेने के लिए पांच अप्रैल तक आवेदन किया जा सकता है। वीसी इंटर्नशिप स्कीम से जुड़े अधिकारी के अनुसार नियमित कॉलेजों के दूसरे वर्ष में अध्ययन कर रहे विद्यार्थी ही आवेदन कर सकते हैं। पार्ट टाइम इस स्कीम के तहत छात्रों को प्रति सप्ताह 10-12 घंटे काम करना है। स्टाइपेंड के रूप में उन्हें पांच हजार तक की राशि दी जाएगी। इंटर्नशिप की समयावधि छः माह तय की गई है। डीयू ने स्पष्ट किया है कि डीयू में पाठ्यक्रम के पूरे अध्ययन में केवल एक बार ही इंटर्नशिप योजना का लाभ उठाया जा सकता है। यह इंटर्नशिप समाप्त होने के बाद छात्रों को प्रमाणपत्र मिलेगा जिसका लाभ उन्हें भविष्य में नौकरी प्राप्त करने में मिलेगा। 02 साल पहले शुरू की थी वीसी इंटर्नशिप स्कीम मालूम हो कि डीयू के विभिन्न विभागों, सेंटर व संस्थानों में अल्पकालिक अवसर और अनुभव की सुविधा देने के लिए डीयू की ओर से दो साल पहले इस वीसी इंटर्नशिप योजना की शुरूआत की गई थी।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदो के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 01 | 82242014 | आईहांस आईओएल / समतुल्य (संलग्न विनिर्देश के अनुसार) | 400 no's | 12.04.2024 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. 82242014 दिनांक : 20.03.2024 900/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त खबरें

### होली व रमजान के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखने की हुई अपील

गिद्धौर। होली ,रमजान,चैती दुर्गा, पूजा रामनवमी व लोकसभा चुनाव के दौरान क्षेत्र में अमन शांति व सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखने के उद्देश्य से बुधवार को गिद्धौर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई।जिसमें बीडिओ अजय कुमार,अंचलाधिकारी आरती भूषण थानाध्यक्ष रीता कुमारी की मौजूदगी में बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी आरती भूषण ने की।बैठक में उपस्थित सभी समुदाय के जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों गनमान्य लोगों को संबोधित करने के क्रम में अंचलाधिकारी आरती भूषण ने होली, रमजान,चैती दुर्गा पूजा, रामनवमी व लोकसभा चुनाव के दौरान क्षेत्र में शांति विधि व्यवस्था कायम रखने की अपील की।साथ ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व व त्योहारों को मनाने की सलाह दी।वही बिना अनुमति लिए होली मिलन समारोह व अन्य कार्यक्रम के आयोजन पर कार्रवाई भी की जाएगी।इस मौके पर थानाध्यक्ष रीता कुमारी ने कही कि डीजे के उपयोग पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा और अशांति हुड़दंग या अफवाह फैलाने वालों के साथ सख्तीपुर्वक निपटा जाएगा।लोकसभा चुनाव के मद्येनजर आदर्श आचार संहिता शत प्रतिशत अनुपालन कराया जाएगा।इलाके में सघन पुलिस गश्ती भी रहेगी।

# चुनावः चाय-पान की दुकानों से लेकर गली-मोहल्लों में चर्चाओं का बाजार गर्म

प्रात: किरण, संवाददाता





मधेपुरा । ये पब्लिक है सब जानती है...1974 में रिलीज हुई फिल्म रोटी का यह गीत इन दिनों चुनावी माहौल में सटीक बैठ रहा है। फाल्गुन के इस महीने में सुबह-सुबह चाय की दुकानों पर बैठकर चाय की चुस्कियां लेते लोग प्रत्याशियों की जीत-हार का समीकरण बिठा रहे हैं। राजनीतिक दलों ने अपनी सत्ता में कितना और क्या काम किए हैं। इससे मतदाता अनजान नहीं है।इस समय चाय-पान की दुकानों व चौराहों से लेकर गलियों में कहीं भी चार लोगों के इकट्ठे होते हीं चुनावी चचाओं का सिलसिला शुरू हो जा रहा है। मतदाता सरकार के साथ हीं प्रत्याशियों के व्यवहार और उनके कार्यों को देख उनकी जीत का गणित लगाने में लगे हैं। :गली-मोहल्लों में भी चुनावी माहौल लोकसभा चुनाव को लेकर शहर से लेकर गांव व कस्बों में चुनावी माहौल बना है। ऐसे में लोग लोकसभा वार अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत-हार के कयास लगा रहे हैं। यहां तक की बाजार व सरकारी कार्यालयों में भी इन दिनों चुनावी माहौल की हीं चचाएं चल रही है। :टटोली मतदाताओं के मन की बात इन दिनों केवल चुनावी चचाओं का बाजार गर्म। घरों के भीतर से लेकर बाजारों,दफ्तरों तक बस एक हीं चर्चा। इस बार कौन जीतेगा,मतदाता प्रत्याशियों के व्यवहार और उनके कार्यों को देख उनकी जीत का गणित लगाने में लगा है। हर चौक-चौराहे के अपने अनुमान व अपने-अपने दावे हैं।कोई कह रहा है बीजेपी आ रही है तो कोई ताल ठोककर कह रहा है कि राजद की वापसी तय है,तो कोई निर्दलीय के बारे में अपनी राय रख रहे हैं। उधर,मतदाता के मन की बात जानने हमारी टीम ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में निकली तो सामने आया कि मतदाता वोट करने को लेकर उत्साहित हैं। कुछ मतदाता अपने दिल की बात खोलना नहीं चाहते। कुछ परिवर्तन की चाहत रखते हैं। वहीं कुछ ने प्रत्याशी का व्यवहार देखकर वोट देने की बात कही। :नेताजी के पास अब केवल 46 दिन का समय जिले में चुनाव प्रचार जोर पकड़ता जा रहा है। जिले में तीसरे चरण में 7 मई 2024 को होने वाले मतदान के लिए अब केवल 46 दिन शेष है। मधेपुरा जिले के लोकसभा सीटों पर चुनावीरण में सवेरे जल्दी उठकर कार्यकताओं के साथ मतदाताओं के बीच पहुंचने के लिए रवाना हो जाते हैं।उनका खाना-पीना व चाय-नाश्ता सभी मतदाताओं के बीच हीं हो रहा है। :प्रत्याशियों के रिश्तेदार भी जुटे प्रचार में।प्रत्याशियों के जनसम्पर्क में तेज आने के साथ हीं उनके परिजन भी जनसम्पर्क में जुटे हैं। प्रत्याशियों की पत्नी,बहु,बेटे,भाई व भाभी सहित अन्य रिश्तेदार गांवों व शहर की गलियों में जाकर प्रचार कर रहे हैं। वहीं आमजन से अपने पक्ष में वोट देने की अपील कर रहे हैं।ज्ञात हो कि मधेपुरा बिहार राज्य के 40 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है।यह बिहार के 38 जिलों में से एक है।मधेपुरा में तीसरे चरण की मतदान 7 मई को होगा।बता दें कि मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा आते हैं।जिनमें आलमनगर, बिहारीगंज, मधेपुरा और सहरसा जिले के सहरसा,महिषी और सोनवर्षा विधानसभा शामिल है। मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 21 लाख 11 हजार 773 है। इसमें 10 लाख 13 हजार 72 महिला और 10 लाख 96 हजार 197 पुरुष वोटर सामिल हैं। अगर सर्विस वोटर की संख्या की बात करें तो 242 और अन्य वोटर की संख्या 51 है। विधानसभा वार देखा जाए तो आलमनगर में 3,लाख 73,हजार 832,वहीं बिहारीगंज में 3,लाख 34,हजार 421,तथा मधेपुरा में 3,लाख 52,हजार 945 व सोनवर्षा में 3,लाख 20,हजार 20,और सहरसा में 3,लाख 77,हजार 14 साथ हीं महिषी विधानसभा क्षेत्र में 3,लाख 52,हजार 841 वोटर हैं। वहीं मधेपुरा में बनाए गए 2045 मतदान केंद्र जहां लोकसभा चुनाव के लिए सभी 6 विधानसभा क्षेत्र में 2045 मतदान केंद्र पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# हरिहर साहा महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता एवं रैली का आयोजन



प्रात: किरण, संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) हरिहर साहा महाविद्यालय में गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्रधानाचार्य प्रो. सुमन कुमार झा के अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन किया गया। वही इस अवसर पर वाद विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। वाद विवाद का विषय लोकतंत्र की स्थापना में युवा मतदाताओं की भूमिका थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी मो. सईद अंसारी थे। जागरूकता रैली और कार्यक्रम के संयोजक सहायक प्राचार्य इतिहास विभाग सह अर्थपाल प्रो. अरुण कुमार ने मंच संचालन करते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे एवं मतदाताओं को शपथ भी दिलाया। मतदाता जागरूकता रैली के नोडल पदाधिकारी प्रो. सरवर मेहंदी ने पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। प्रो. सुधा कुमारी एवं प्रो. वरदराज ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधान लिपिक रणधीर कुमार, चंदन, पिंटू हिमांशु, ललन, अजय, सोनू, अमरजीत, साक्षी सहित सैकड़ो छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

# पोषण मेला का किया आयोजन



प्रात: किरण, संवाददाता

लालगंज। लोकसभा चुनाव का विगुल बजने के साथ वोट प्रतिशत को बढ़ाने के उदेश्य जिलाधिकारी के निर्देश पर विभिन्न विभागों द्वारा तरह तरह के जागरूकता अभियान चलाये जा रहे है। इसी क्रम में गुरुवार को लालगंज बाल विकास परियोजना द्वारा पोषण मेला का आयोजन किया गया। पोषण मेला के दौरान गर्भवती महिलाओं के लिए गोद भराई रस्म के साथ साथ शिशु को अन्नप्राशन भी कराया गया । वहीं इस मौके पर मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया गया। जिसके तहत सेल्फी का आयोजन के साथ साथ सभी महिलाएं अपने हाथो पर अलग अलग स्लोगन का मेंहदी लगाकर आकर्षक अंदाज में फोटो सुट कराई। इतना नहीं रंगोली भी बनाया गया और नारे में लगाए गये। इस मौके पर सीडीपीओ अलका कुमारी,बीडीओ नीलम कुमारी, पर्यवेक्षिका सुजाता कुमारी, मंजू कुमारी, सुषमा कुमारी,सुमित्रा कुमारी,ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर रेणु कुमारी, कार्यपालक सहायक विकास पाण्डेय मौजूद रहे।

# महुआ के युवक की बेंगलुरु में हुई संदिग्ध मौत से परिजनों में मचा कोहराम

प्रात: किरण, संवाददाता

महुआ। महुआ के एक युवक की बेंगलुरु में हुई संदिग्ध मौत के बाद गुरुवार को उसका शब उसके घर पर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के शब को देखते ही मृतक के माता-पिता समेत अन्य लोग भी चितकार मार कर रोने पीटने लगे। वहीं मृतक के शब को देखने के लिए आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई ।युवक के मौत से उसके परिजन के साथ-साथ आसपास के लोग भी स्तब्ध है और किसी को यह समझ में नहीं आ रहा कि आखिर सोनू की मौत कैसे हुई। बताया जाता है कि महुआ थाना क्षेत्र के फतहपुर पकड़ी निवासी अनिल कुमार व सेविका सीमा कुमारी के पुत्र 22 वर्षीय सोनू कुमार बेंगलुरू के सन फ्लावर कालेज आफ नर्सिंग का छात्र था। जहां सोनू की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। उसके गले पर निशाना पाया गया है ।सोनू के भाई सुजीत कुमार ने बताया की नामांकन के बाद से बिचौलिये पैसा मांग रहे थे। नहीं देने के कारण उसके भाई की मंगलवार को गला दबाकर हत्या कर दी गई। जैसे ही सोनू के परिजनों को सोनू के मौत की खबर मिली उसके परिवार में कोहराम मच गया मृतक सोनू के प्रजनन भाग्य बेंगलुरू पहुंचे और मृतक के सब को लेकर गुरुवार को अपने घर पर पहुंचे मृतक के सबको देखने के लिए आसपास के लोगों की भिड़ जमा हो गई वही शोक संतप्त परिजनों से मिलने के लिए लोगो का पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया।

बताया जाता है कि सोनू असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौर गई है ' बताते चलें कि पुत्र शोक में आहत माता-पिता की स्थिति बिगड़ सी गयी है ' वे अपने सुध-बुध खो बैठे हैं 'उनका रो-रोकर बूरा हाल हो गया है। शोक संतप्त परिजनों से मिलने के के लिए पूर्व जिला पार्षद अशोक कुमार अकेला,जदयू के जिलाध्यक्ष सुभाषचंद्र सिंह,महुआ विधान सभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी आसमा परवीन, जदयू नेता सुनिल कुमार सुमन,पंचायत व प्रखंड पैक्स अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह,अजय कुमार, राकेश कुमार, पवन कुमार, संजय कुमार, जितेन्द्र कुमार, गंगा शर्मा,पूर्व मुखिया प्रेम कुमार, पप्पू कुमार,रोहित पटेल सहित पार्टी से जुड़े कई वरिष्ट नेता सह कार्यकर्ता पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार कुमार के घर पहुंचे और उन्हें ढाढस बंधाया।

# होली में हुरदंगियों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर



प्रात: किरण, संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा) होली पर्व को लेकर थाना परिसर में बुधवार को थानाध्यक्ष मंजू कुमारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से आदर्श आचार संहिता को लेकर होली पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल मे मनाने को लेकर चर्चा हुई। साथ ही विधि-व्यवस्था को लेकर बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध जनो से थानाध्यक्ष व सीओ ने विचार विमर्श भी किया।वही लोगो से सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व घर में ही अपने परिजनों के साथ मनाने का अपील किया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता को देखते हुए सरकार द्वारा पर्व को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के निदेशों को शत प्रतिशत पालन करना है। साथ ही डीजे और चौक-चौराहे पर जमाबड़ा सख्त वर्जित रहेगा। हुड़दंग करने वालों एवं शांति भंग कर अव्यवस्था फैलाने वाले असामाजिक तत्वों की सूचना पुलिस को देने का अनुरोध किया। बैठक में मुख्य रूप से सीओ किसलय कुमार, एसआई बबलू कुमार, नपं अध्यक्षा सर्जना सिद्धि, दयानंद शर्मा, जाप नेता प्रशांत यादव, ब्रजेश यादव, प्रकाश कुमार उर्फ गुड्डू भगत, दिलीप खान, उदय चौधरी, मौ. रईस, अफरोज अहमद, गजेंद्र पासवान, मनोज भगत, शैलेद्र कुमार उर्फ कालेंद्र यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# डीएम,एसपी ने किया सेक्टर पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता




हाजीपुर / भगवानपुर। जिलाधिकारी वैशाली यशपाल मीणा एवं आरक्षी अधीक्षक हरी किशोर राय ने प्रखंड सभागार भगवानपुर में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सेक्टर पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया। जिलाधिकारी एवं आरक्षी अधीक्षक के प्रखंड कार्यालय प्रांगण में पहुंचते ही प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों की संख्या में उपस्थित आंगनबाड़ी सेविकाओं ने कतारबद्ध तरीके से खड़े होकर भव्य स्वागत किया। जिलाधिकारी स्वागत में खड़ी आंगनबाड़ी सेविकाओं से पूछा कि आप लोग बताएं कि मतदाता वगैर मतदाता पर्ची के मतदान कर सकते हैं कि नहीं।इस पर सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं ने एक स्वर से कही की कर सकते है।. सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं का जवाब सुनकर जिलाधिकारी काफी संतुष्ट नजर दिखे तथा सही जबाब देने को लेकर धन्यवाद भी दिया।इसके बाद सेविकाओं द्वारा प्रखंड कार्यालय प्रांगण में भव्य तरीके से बनाए गए रंगोली के समीप जिलाधिकारी एवं आरक्षी अधीक्षक ने दीप प्रज्वलित कर उपस्थित सेविकाओं को शुभकामनाएं दिया। जिलाधिकारी एवं आरक्षी अधीक्षक ने प्रखंड कार्यालय के दीवार पर लगे व्यापक हस्ताक्षर अभियान बोर्ड पर हस्ताक्षर किया। जिलाधिकारी एवं आरक्षी अधीक्षक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय के समीप लगे सेल्फी बोर्ड के समीप खड़े होकर फोटोशूट कराया।. जिसके बाद दोनों अधिकारियों ने प्रखंड सभागार में उपस्थित सेक्टर पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक कर उपस्थित अधिकारियों को चुनाव संबंधी दिशा निर्देश भी दिए।

# चचरी पुल बनाकर आवागमन की विवशता



प्रात: किरण, संवाददाता

मुरलीगंज मधेपुरा मुरलीगंज प्रखंड अंतर्गत रघुनाथपुर पंचायत के रतनपट्टी वार्ड तीन-चार अंतर्गत बैंगा नदी में चचरी पुल बनाकर आवागमन करने की विवशता बनी हुई है। स्थानीय ग्रामीण प्रति वर्ष सैकड़ों बांस से चचरी पुल बनाते हैं। जिससे आवागमन सुलभ होता है। खासकर बरसात के मौसम में दोनों तरफ के ग्रामीणों को आवाजाही में काफी परेशानी उत्पन्न हो जाती है। नदी के जलस्तर में अत्यधिक वृद्धि होने पर लोगों के लिए चचरी पुल भी बेकार साबित हो जाता है। स्थानीय सहयोग से ग्रामीण नॉव की व्यवस्था कर जान जोखिम डाल आवागमन करते हैं। लोगों का कहना है कि इससे पूर्व चचरी और नॉव से नदी पार करने के क्रम में डूबने से मौत हुई है। स्थानीय ग्रामीण नुनुलाल ऋषिदेव, जीतन ऋषिदेव, विधन ऋषिदेव, विष्णुदेव मंडल, तारिणी मंडल, अरुण मैंज, अनिल कुमार दास, चंदन मंडल ने कहा कि अभी नदी कक जलस्तर कम है। जिससे चचरी पुल बनाकर आवागमन करते हैं। नदी में जलवृद्धि होने पर चचरी पुल और नॉव भी काम नही आते हैं। नदी के इस पार से उस पार अनाज लाने ले जाने में लंबी दूरी तय करना पड़ता है। लोगों ने रतनपट्टी मुशहरी घाट पर पुल निर्माण की मांग किया है। इस बावत बीडीओ आशा कुमारी ने कहा ग्रामीण द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर संबंधित विभाग को सूचित किया जाएगा।

# सादगी पूर्ण तरीके से होली मिलन समारोह आयोजित, आपसी प्रेम, भाईचारा, शांति, सद्भाव का दिया संदेश

- 24 मार्च को महामुर्ख सम्मेलन में अलौली से अधिक संख्या में लेंगे भाग
- असामाजिक तत्वों के गतिविधियों पर पैनी नजर रखने हेतु नागरिक शांति समिति का किया गठन



प्रात: किरण, संवाददाता

अलौली। सामाजिक संगठन फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के बैनर तले होली मिलन समारोह का आयोजन श्री युवक प्रखंड पुस्तकालय परिसर में सादगी पूर्ण तरीके से किया गया। इस अवसर पर अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव सहित दर्जनों बुद्धिजीवियों ने मोहम्मद जाकिर एवं मोहम्मद मुनाजिर हसन से गले मिलकर होली एवं रमजान की अग्रिम हार्दिक बधाई शुभकामनाएं मुबारकबाद दिया तथा आपसी प्रेम भाईचारा शांति सद्भाव सामाजिक सौहार्द समरसता बनाए रखने एवं पर्व को हर्ष उल्लास के साथ धार्मिक एकता के रूप में मनाने का अपील किया। कार्यक्रम में 23 मार्च 2024 को पुस्तकालय परिसर में शहीद ए आजम भगत सिंह का शहादत दिवस एवं डॉ राम मनोहर लोहिया का जयंती मनाने तथा 24 मार्च 2024 को खगड़िया में आहूत फरकिया स्टेट महामूर्ख सम्मेलन सह होली मिलन समारोह में अलौली से अधिक संख्या में भाग लेने, तथा 24 मार्च को होलिका दहन के अवसर पर सामाजिक बुराई कुरीतियों का दहन करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में होली रमजान के मद्देनजर समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं इसके लिए सभी स्तर पर सचेत रहने, सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट से परहेज करने, शराब निर्माण बिक्री सेवन पर रोक लगाने, किसी भी प्रकार की अराजकता उत्पन्न होने या आशांका पर पुलिस प्रशासन को त्वरित सूचना देने तथा नागरिक शांति समिति का गठन करने एवं असामाजिक तत्वों के गतिविधियों पर पैनी नजर रखने आदि का निर्णय लिया गया। तथा इसके लिए पंच सरपंच संघ खगड़िया जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष किरण देव यादव द्वारा सभी ग्राम कचहरी के पंच सरपंचों को जागरूक रहने का अपील किया गया। कार्यक्रम में फरकिया मिशन के सचिव लालमणि सदा, दानवीर यादव प्रकाश ठाकुर विष्णु देव यादव सत्तो यादव रामचंद्र यादव योगी महतो प्रमोद यादव सुरेश राम मदन भारती मंटून यादव, राजद नेता विजय यादव, महेंद्र यादव ललन शाह राजेंद्र यादव आदि ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दिया।

# डिग्री कॉलेज से इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को स्थानांतरित करने के खिलाफ आइसा का प्रदर्शन



प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा आइसा (ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन) के राज्यव्यापी आह्वान पर आइसा बीएन मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा इकाई के कार्यकताओं ने आक्रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। सभा को संबोधित करते हुए आइसा बीएनएमयू विश्वविद्यालय अध्यक्ष अरमान अली ने कहा कि शिक्षा विभाग तानाशाही फरमान जारी कर रहा है, डिग्री कॉलेज में सत्र - 2023 - 25 इंटर में पढ़ाई करने वाले बिहार के लाखों छात्रों को एकाएक कॉलेज छोड़ने का आदेश शिक्षा विभाग दे दिया है। छात्रों को कहा जा रहा है 21 से 31 मार्च तक वो फिर से ऑनलाइन पोर्टल पर + 2 विद्यालय में ट्रांसफर करवा लें अन्यथा नाम कट जायेगा। इंटरमीडिएट सत्र 2023-25 के बीच में 11इँ झ12इँ के छात्रो के शिफ्टिंग के निर्णय बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा लिया जाना बिल्कुल गलत है। इससे छात्र छात्रों में अनावश्यक परेशानी होगी और लाखो छात्र नामांकन से वंचित रह जाएगा, बिहार सरकार के इस निर्णय का आइसा छात्र संगठन पुरजोर विरोध करती है।

बिहार सरकार इस निर्णय को अविलंब वापस ले। आइसा नेता एजाज अख्तर ने कहा ने कहा कि शिक्षा विभाग का यह फैसला बिल्कुल गलत है इससे छात्र परेशान होंगे यह फैसला 2024 के नए सत्र में लागू करना चाहिए, जब छात्रों का नामांकन मेरिट के अनुसार एप्लाय करने पर किसी कॉलेज में हुआ है तो फिर छात्र एक साल यहाँ और दूसरे साल कही और क्यों पढ़ाई करें।यह फरमान छात्र-छात्राओं को मानसिक रूप से परेशान करने वाली है विभाग और शिक्षा मंत्री इस पर फिर से विचार कर वापस ले। वही छात्र नेता दीपक कुमार और मणिकांत कुमार ने कहा कि आज पूरे बिहार में शिक्षा विभाग के इस फरमान के खिलाफ हमारा संगठन आइसा प्रदर्शन कर इसे वापस लेने की मांग करते है, अन्यथा विभाग के खिलाफ छात्रों का आक्रोश बढ़ेगा तो आंदोलन खरी होगी जिसका जिम्मेवार शिक्षा विभाग होगा

# थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता



राजापाकर। राजापाकर थाना परिसर में गुरुवार को होली रमजान लोकसभा चुनाव व भारतीय नागरिकता कानून के मद्देनजर शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक हुई। बीडीओ आनंद प्रकाश अंचलाधिकारी गौरव कुमार व थानाध्यक्ष नीरज कुमार सिंह की मौजूदगी में कई निर्णय लिए गए और हर हाल में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए उपस्थित शांतिप्रिय नागरिकों से अपील की गई। होली में हुड़दंग न हो साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखें। होली के मौके पर डीजे बजाने की मनाही की गई। रमजान का विशेष ख्याल रखने होलिका दहन में हंगामा करने से परहेज करें आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि नथुनी प्रसाद सिंह, अर्जून सिंह त्यागी, महेंद्र गुप्ता, बाकरपुर के पूर्व मुखिया दीपक सिन्हा, बजरंग सिंह, गुड्डू सिंह, महेश साह, बखरी बराई के मुखिया अशरफ अली,डा एम के पाशा, पैक्स अध्यक्ष जयपत प्रसाद सिंह, श्री भगवान सिंह आदि उपस्थित हुए।

# वाहन जांच के दौरान युवक को हथियार और कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

उदाकिशुनगंज /लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण को लेकर मधेपुरा पुलिस अधीक्षक द्वारा लगातार विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा। इसी क्रम में गुप्त सूचना आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर एक गुप्त सूचना को बरामद कर लिया। एक युवक को गिरफ्तार कर लिया।मामले में सीडीपीओ अविनाश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि विशेष अभियान के तहत चुनाव को शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ रूप से करने हेतु बीती रात उदाकिशुनगंज थाना की पुलिस टीम खड़ा बुधमा चौक पर थी कि गुप्त सूचना मिली कि मनियागाछी निवासी अजीत कुमार उम्र करीब 22 वर्ष पिता हीरा साह ने हथियार लिए थोड़ी देर पहले अपने घर की ओर गए हैं अनुमंडल पुलिस के द्वारा पुलिस टीम बनाकर सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के क्रम में अजीत कुमार के घर पर विधिवत छापामारी की गई। तलाशी के क्रम में अजीत कुमार को एक लोडेड देशी कट्टा एवं उनके जैकेट के जेब से तीन खोखा बरामद किया गया इसकी विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त करते हुए उदाकिशुनगंज थाना कांड संख्या 94 /24 धारा 25(1-ु)/26 आर्म्स एक्ट दर्ज कर अजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, पुअनि जितेंद्र कुमार ठाकुर, पुअनि ज्योतिष भगत बुधमा कैंप के पदाधिकारी व सशस्त्र बल सुभाष कुमार मोबाइल पैंथर, सशस्त्र बल शामिल थे।

# रबी फसल की क्षति का आकलन कराकर किसानों को मुआवजा दे सरकारः अजीत

प्रात: किरण, संवाददाता

मुजफ्फरपुर । राज्य के पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने राज्य सरकार से अतिवृष्टि, आंधी, तूफान से रवि फसल की हुई भीषण बबार्दी का आकलन कराकर किसानों शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है ।श्री कुमार ने राज्य के कृषि मंत्री एवं जिलाधिकारी से दूरभाष पर बात कर रवि फसल की क्षति का विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इस क्षति से किसानों का कमर टूट गया है। शतप्रतिशत गेहूं का फसल बर्बाद हो गया है, वहीं बुड़ी तरह तेलहन दलहन व फल सब्जी भी प्रकृति आपदा का शिकार हुआ है । ऐसे में समय रहते शीघ्र क्षति का आकलन कराकर किसानों को पर्याप्त मुआवजा देना आवश्यक है। श्री कुमार के अनुसार कृषि मंत्री एवं जिलाधिकारी ने कहा कि शीघ्र ही कृषि विभाग प्रकृति आपदा से हुए क्षति का आकलन करेगी, प्रतिवेदन प्राप्त होते ही अग्रतार कार्रवाई होगी। श्री कुमार ने कहा कि मैं स्वयं किसान हूं 10 एकड़ गेहूं, 2 एकड़ तोरी तथा सब्जी का खेती किया था जो पूरी तरह बर्बाद हो गया है।

# उनका एकमात्र लक्ष्य कॉग्रेस को मजबूत कर लोकतंत्र की सुरक्षा करना है:पप्पू यादव

प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर। पप्पू यादव ने अपनी पार्टी जन अधिकार पार्टी का कॉग्रेस में विलय कर दिया है। दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विलय की उन्होंने विधिवत घोषणा की है। पप्पू यादव ने फोन पर वैशाली जिले मीडियाकर्मियों को भी पार्टी के कॉग्रेस में विलय के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2015 में उनके द्वारा बनाई गई जन अधिकार पार्टी सेवा, न्याय और संघर्ष के लिए जानी जाती है। उन्होंने कहा कि अब तक के राजनीतिक जीवन में एक टर्म विधायक व पांच बार एमपी रहे। इस दौरान कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से खुद को अलग नहीं कर पाए। कॉग्रेस ही ऐसी पार्टी है जिसकी विचारधारा, नीतियां, आइडियोलॉजी उन्हें ऊर्जा देती रही। हर धर्म के लोगों की विचारधारा की सुरक्षा और उसका सम्मान ही उनका इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एक सशक्त आवाज हैं। राहुल गांधी में दुनिया के सबसे बड़े तानाशाह के खिलाफ लड़ने की हिम्मत है। राहुल गांधी ने खतरे में लोकतंत्र के लिए लोगों को जगाने के लिए देश भर में प्रतिकूल मौसम में 04 हजार किलोमीटर पैदल व 06 हजार किलोमीटर बाई रोड यात्रा की और लोगों को जगाया। ऐसा साहस दिखाने वाला देश में कोई ऐसा नेता नहीं है। तानाशाही शासन से देश व भारतीय लोकतंत्र को बचाने का माद्दा यदि किसी में है तो वह है राहुल गांधी व कॉग्रेस पार्टी। पार्टी का विलय के साथ उनका एकमात्र लक्ष्य कॉग्रेस को मजबूत कर लोकतंत्र की सुरक्षा। पार्टी कार्यकर्ता नेता के फैसले पर जताया है।हर्ष कॉग्रेस में समाहित जाप नेता मनीष कुमार उर्फ पिंटू यादव, गोलू सिंह , प्रभात कुमार , सुजीत कुमार भोला आनंद देव, शिवनाथ कुमार आदि नेताओं ने कहा है कि वे सच्चे सिपाही की तरह निष्ठा व समर्पित भाव से अपने नेता पप्पू यादव के साथ हैं। कॉग्रेस में पार्टी के विलय का अपने नेता के निर्णय के साथ वे सभी मजबूती से खड़े हैं।

सम्पादकीय

## पुतिन की जीत के मायने

रूस के राष्ट्रपति ब्लादीमिर पुतिन पांचवी बार भारी मतों से चुनाव जीत गए हैं। उन्हें 87.29 फीसद वोट मिला। उनके पक्ष में सुनाया गया विराट जनादेश इस बात का संदेश है कि देश की राजनीतिक व्यवस्था पर उनका प्रभावी नियंत्रण है और वह सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। इससे यह भी जाहिर होता है कि रूस की जनता ने उनकी नीतियों का समर्थन किया है। भारत, चीन और उत्तर कोरिया सहित अनेक देश के नेताओं ने जीत पर उन्हें बधाई दी, जबकि पश्चिमी देशों ने चुनावों में धांधली का आरोप लगाकर उनकी जीत को खारिज कर दिया। अमेरिका और पश्चिमी देशों के पुतिन के साथ जिस तरह के तनावपूर्ण रिश्ते हैं उन्हें देखकर उनकी ओर से इसी तरह की प्रतिक्रिया का अनुमान था। चुनाव परिणामों के तुरंत बाद पुतिन ने अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पश्चिमी देशों ने यूक्रेन में अपनी सेना तैनात की तो तीसरा विश्व युद्ध अवशयंभावी है। रूसी राष्ट्रपति की यह कड़ी प्रतिक्रिया फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के उस गैरजिम्मेदाराना बयान के संदर्भ में आई है जिसमें उन्होंने यूक्रेन में फ्रांस और नाटो के सैनिकों को तैनात करने के बारे में कहा था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी पुतिन को पिछले दिनों क्रूर, हत्यारा, तानाशाह और युद्ध अपराधी बताया था। राष्ट्रपति पुतिन अगले छह वर्षो तक मजबूती के साथ सत्ता में बने रहेंगे। अमेरिका और पश्चिमी देशों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए। पुतिन के अधिकतर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी और आलोचक या तो जेल में हैं या देश से निर्वासित। राष्ट्रपति चुनाव से पहले पुतिन के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी अलेक्सी नवालनी की आर्कटिक जेल में मौत हो गई थी। उनकी पत्न ी यूलिया ने उनकी मौत के लिए पुतिन को सीधे जिम्मेदार ठहराया था। बाइडन ने भी पुतिन के विरुद्ध तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। पश्चिमी देशों की मीडिया नवालनी को नागरिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी का योद्धा बता रहा है। लेकिन पुतिन इन आलोचनाओं से बेफिक्र हैं और आलाचकों के प्रति उदारवादी रुख अपनाए हुए हैं। शीत युद्ध के दौरान भी अमेरिका और रूस (तब सोवियत संघ) से संबंध तनावपूर्ण थे। 1962 में अमेरिका ने जब कम्युनिस्ट देश क्यूबा में मिसाइल तैनात किया तब भी सोवियत संघ और अमेरिका के बीच युद्ध की स्थिति बन गई थी। यूक्रेन-रूस युद्ध ने भी अमेरिका और रूस के संबंधों को बहुत तनावपूर्ण बना दिया है।

## जनसंख्या नियंत्रण : सख्ती भी सहमति भी

डॉ. धर्मेंद्र प्रताप सिंह

स्वातंत्रयोत्तर भारत की सरकार ने आम जन को जब पहली बार परिवार नियोजनइ शब्द से परिचित कराया, तब अनेक लोगों का कहना था कि क्या अब यह भी सरकार बताएगी कि बच्चे कितने पैदा करने हैं !तब से आज तक सरकार द्वारा परिवार नियोजन संबंधी अनेक पहल की जा चुकी हैं, लेकिन उच्चतम न्यायालय के हाल ही के एक ऐतिहासिक निर्णय से यह मुद्दा एक बार फिर से सार्वजनिक बहसों में जीवित हो उठा है। 12 अक्टूबर, 2022 के राजस्थान उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए राजस्थान सरकार के सरकारी नौकरी के लिए दो बच्चों के नियम पर मुहर लगाते हुए उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है, राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम, 1989 का नियम 24(4) गैर-भेदभावपूर्ण है, और संविधान का उल्लंघन नहीं करता। यह संविधान के दायरे से बाहर है, क्योंकि प्रावधान के पीछे का उद्देश्य परिवार नियोजन को बढ़ावा देना है। राजस्थान सरकार का नियम नीति के दायरे में आता है। अतः इसमें हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं है। इ इसका अर्थ हुआ कि राजस्थान सरकार का यह कानून अब पूर्णतः स्थापित हो चुका है, जिसके अनुसार राजस्थान में अब दो से ज्यादा बच्चों वाले लोग सरकारी नौकरियां नहीं कर सकेंगे। उच्चतम न्यायालय का यह फैसला न केवल सकारात्मक है, बल्कि सामाजिक समानता और न्याय को प्रोत्साहित करता हुआ विकसित भारत के निर्माण में परिवार नियोजन की महत्त्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित करता है। वस्तुतः ऐसा नियम बनाने वाला राजस्थान पहला राज्य नहीं है। अन्य कई राज्यों में ऐसी नीतियां पहले से ही लागू हैं। मध्य प्रदेश में 2001 से सिविल सेवा (जनरल कंडिशन ऑफ सर्विसेज) लागू है। तेलंगाना पंचायत राज अधिनियम का सेक्शन 19(3), 156(2), 184(2) दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्ति को चुनाव लडे से अयोग्य घोषित करता है। आंध्र प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1994 में भी यही धाराएं लागू हैं। 2005 के गुजरात सरकार के लोकल अथॉरिटीज एक्ट के संशोधन केअनुसार दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्ति पंचायतों, नगर पालिकाओं और नगर निगमों के चुनाव नहीं लड़ सकते। उत्तराखंड सरकार ने दो से अधिक बच्चों वाले लोगों को पंचायत चुनाव लडे से रोकने का फैसला किया था। महाराष्ट्र जिला परिषद और पंचायत समिति अधिनियम उन लोगों को स्थानीय निकाय चुनाव लडे से अयोग्य घोषित करते हैं, जिनके दो से अधिक बच्चे हैं। हरियाणा के पंचायत चुनाव में भी ऐसे ही नियम लागू हैं। जनसंख्या नियंत्रण के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर खूब विमर्श होते रहे हैं। जनसंख्या की बात होते ही भारत की तुलना चीन से की जाने लगती है। इसका एक कारण तो यह हो सकता है कि 1970 के दशक में भारत में जब परिवार कार्यक्रम शुरू हुआ तो उसी के आसपास 1979 में चीन ने भी दो बच्चों की नीति को लागू कर दिया था, लेकिन भारत में यह संकल्प बार-बार दुहराया जाता रहा है कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए भारत को चीन जैसी कठोर नीति बनाने की आवश्यकता नहीं है। यह ठीक है कि सत्तर और अस्सी के दशक में दुनिया के ये दो बड़े देश जनसंख्या नियंत्रण की ओर बढ़ रहे थे लेकिन यह भी सच है कि क्षेत्रफल की दृष्टि से चीन भारत से सवा तीन गुना से भी ज्यादा बड़ा देश है। भारत का जनसंख्या घनत्व भी चीन से बहुत अधिक है। चीन में जहां बहुसंख्यक आबादी आज वयस्क हो चुकी है वहीं भारत आज युवाओं का देश है। गैर-बराबरी के ऐसे अनेक बिंदुओं के कारण भारत और चीन के जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों के सूत्र या प्रतिमान एक जैसे नहीं हो सकते। पिछले कोई दो दशकों में भारत की आबदी लगभग चालीस फीसद बढ़ी है। वर्तमान भारत में लगभग ढाई करोड़ लोगों का हर साल जन्म होता है और नब्बे लाख लोगों की मृत्यु होती है यानी भारत की वार्षिक औसत जनसंख्या वृद्धि डेढ़ करोड़ के बीच होनी चाहिए लेकिन वास्तविकता इससे अलग है। धीरे-धीरे बढ़ता जनसंख्या का यह असंतुलन भारत के लिए समस्या बनता जा रहा है। इसके समाधान स्वरूप परिवार नियोजन को कुछ दशक के लिए लागू करने की बात प्रमुखता से उठाई जाती है। समय रहते ऐसा नहीं किया गया तो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मांग और आपूर्ति का संतुलन बिगड़ेगा और संसाधनों के अनुरूप आबादी के आधिक्य से संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ता जाएगा। ऐसे में सरकारी नौकरियों में दो बच्चों का नियम नीतिगत एवं सामाजिक स्तर पर बड़ा संदेश देने की जरूरी कोशिश प्रतीत होता है। इस प्रकार के विषयों पर सामान्यतः विभिन्न समुदायों के बीच असहमति होती है। कुछ लोग इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन कहते हैं जबकि कुछ इसे सामाजिक समानता और आर्थिक प्रगति के लिए आवश्यक मानते हैं। यह भी सच है कि कोई भी समाज जैसे-जैसे साक्षर होता जाएगा, परिवार नियोजन जैसी बातें सहजता से स्व-नियमन का हिस्सा बनती जाएंगी। परिवार नियोजन या जनसंख्या नियंत्रण की प्रक्रिया किसी समाज की सामाजिक-आर्थिक प्रगति का मजबूत आधार बन सकती है। इससे सामाजिक समानता, गुणवत्तापूर्ण जीवन-शैली और आर्थिक समृद्धि का द्वार खुलता है। जनसंख्या नियोजन के परिणाम स्वरूप समाज में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में व्यापक सुधार की संभावना दिखाई पड़ती है। मातृत्व स्वास्थ्य, बच्चों की मृत्यु दर और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में सुधार की गुंजाइश बढ़ती है। इसके माध्यम से परिवारों के आर्थिक-सामाजिक दबाव को कम किया जा सकता है, जिससे उनकी साक्षरता सहित शिक्षा के स्तर में सुधार हो। जनसंख्या नियोजन से महिलाओं को निर्णायक फैसलों का अधिक नियंत्रण मिलता है और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होता है। इससे बच्चों समेत परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार दिखाई पड़ेगा क्योंकि यह उन्हें अपने संसाधनों का उचित उपयोग करने में मदद करता है। जनसंख्या नियोजन से लघु पारिवारिकता बढ़ती है, जो जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संतुलन को सुधारने में मदद कर सकती है। इससे वन्य जीवन को संरक्षित किया जा सकता है, और प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग संतुलित रूप से हो सकता है। ऐसा करके ही संसाधनों एवं संभावनाओं से परिपूर्ण भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र के अपने सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकेगा।

# नीरस होती, होली की मस्ती, रंग-गुलाल लगाया और हो गई होली

**आपस में मिल कर लोग प्रेम से होली खेलते थे। मनोरंजन के अन्य साधानों के चलते लोगों की परंपरागत लोक त्यौहारों के प्रति रुचि कम हुई है। इसका कारण लोगों के पास समय कम होना है। होली आने में महज कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन शहर में होली के रंग कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। एक माह तो दूर रहा अब तो होली की मस्ती एक-दो दिन भी नहीं रही। मात्र आधे दिन में यह त्योहार सिमट गया है। रंग-गुलाल लगाया और हो गई होली। जैसे-जैसे परंपराएं बदल रही हैं, रिश्तों का मिठास खत्म. होता जा रहा है... होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते रहे हैं। होली के दिन सभी बैर-भाव भूलकर एक-दूसरे से परस्पर गले मिलते थे। लेकिन सामाजिक भाईचारे और आपसी प्रेम और मेलजोल का होली का यह त्योहार भी अब बदलाव का दौर देख रहा है। फाल्गुन की मस्ती का नजारा अब गुजरे जमाने की बात हो गई है। कुछ सालों से फीके पड़ते होली के रंग अब उदास कर रहे हैं। शहर के बुजुर्गों का कहना है कि ह्यन हंसी- ठिठोली, न हुड़दंग, न रंग, न ढप और न भंग ऐसा क्या फाल्गुन? न पानी से भरी खेळी और न ही होली का .....रे का शोर। अब कुछ नहीं, कुछ घंटों की रंग-गुलाल के बाद सब कुछ शांत। होली की मस्ती में अब वो रंग नहीं रहे। आओ राधे खेला फाग होली आई....ताम्बा पीतल का मटका भरवा दो...सोना रुपाली लाओ पिचकारी...के स्वर धीरे धीरे धीमे हो गए हैं। फाल्गुन लगते ही होली का हुड़दंग शुरू हो जाता था। मंदिरों में भी फाल्गुन आते ही फाग शुरू हो जाता था। होली के लोकगीत गूंजते थे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ जगह-जगह फाग के गीतों पर पारंपरिक नृत्य की छटा होली के रंग बिखेरती थी।**





**प्रियंका सौरभ**
**लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

दि पहले की होली और आज की होली में अंतर आ गया है, कुछ साल पहले होली के पर्व को लेकर लोगों को उमंग रहता था, आपस में प्रेम था। किसी के भी प्रति द्वेष भाव नहीं था। आपस में मिल कर लोग प्रेम से होली खेलते थे। मनोरंजन के अन्य साधानों के चलते लोगों की परंपरागत लोक त्यौहारों के प्रति रुचि कम हुई है। इसका कारण लोगों के पास समय कम होना है। होली आने में महज कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन शहर में होली के रंग कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। एक माह तो दूर रहा अब तो होली की मस्ती एक-दो दिन भी नहीं रही। मात्र आधे दिन में यह त्योहार सिमट गया है। रंग-गुलाल लगाया और हो गई होली। जैसे-जैसे परंपराएं बदल रही हैं, रिश्तों का मिठास खत्म. होता जा रहा है... होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते रहे हैं। होली के दिन सभी बैर-भाव भूलकर एक-दूसरे से परस्पर गले मिलते थे। लेकिन सामाजिक भाईचारे और आपसी प्रेम और मेलजोल का होली का यह त्योहार भी अब बदलाव का दौर देख रहा है। फाल्गुन की मस्ती का नजारा अब गुजरे जमाने की बात हो गई है। कुछ सालों से फीके पड़ते होली के रंग अब उदास कर रहे हैं। शहर के बुजुर्गों का कहना है कि ह्यन हंसी- ठिठोली, न हुड़दंग, न रंग, न ढप और न भंग ऐसा क्या फाल्गुन? न पानी से भरी खेळी और न ही होली का .....रे का शोर। अब कुछ नहीं, कुछ घंटों की रंग-गुलाल के बाद सब कुछ शांत। होली की मस्ती में अब वो रंग नहीं रहे। आओ राधे खेला फाग होली आई....ताम्बा पीतल का मटका भरवा दो...सोना रुपाली लाओ पिचकारी...के स्वर धीरे धीरे धीमे हो गए हैं।

फाल्गुन लगते ही होली का हुड़दंग शुरू हो जाता था। मंदिरों में भी फाल्गुन आते ही फाग शुरू हो जाता था। होली के लोकगीत गूंजते थे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ जगह-जगह फाग के गीतों पर पारंपरिक नृत्य की छटा होली के रंग बिखेरती थी। होली खेलते समय पानी की खेली में लोगों को पकडकर डाल दिया जाता था। कोई नाराजगी नहीं, सब कुछ खुशी-खुशी होता था। वसन्त पंचमी से होली की तैयारियां करते थे। चौराहो पर समाज के नोहरे व मंदिरों में चंग की थाप के साथ होली के गीत गूंजते। रात को चंग की थाप पर गैर नृत्य का आकर्षण था। बाहर से फाल्गुन के गीत व रसिया गाने वाले रात में होली की मस्ती में गैर नृत्य करते थे। पहले की होली और आज की होली में अंतर आ गया है, कुछ साल पहले होली के पर्व को लेकर लोगों को उमंग रहता था, आपस में प्रेम था। किसी के भी प्रति द्वेष भाव नहीं था। आपस में मिल कर लोग प्रेम से होली खेलते थे। मनोरंजन के अन्य साधानों के चलते लोगों की परंपरागत लोक त्यौहारों के प्रति रुचि कम हुई है। इसका कारण लोगों के पास समय कम होना है। होली आने में महज कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन शहर में होली के रंग कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। एक माह तो दूर रहा अब तो होली की मस्ती एक-दो दिन भी नहीं रही। मात्र आधे दिन में यह त्योहार सिमट गया है। रंग-गुलाल लगाया और हो गई होली।

जैसे-जैसे परंपराएं बदल रही हैं, रिश्तों का मिठास खत्म होता जा रहा है। जहां तक होली का सवाल है तो अब मोबाइल और इंटरनेट पर ही हैप्पीह होली शुरू होती है और खत्मा हो जाती है। अब पहले जैसा वो हर्षोल्लारस नहीं रह गया है। पहले बच्चे टोलियां बनाकर गली-गली में हुड़दंग मचाते थे। होली के 10-12 दिन पहले ही मित्रों संग होली का हुड़दंग और गली-गली होली का चंदा इकट्ठा करना और किसी पर बिना पूछे रंग उड़ेल देने से एक अलग प्य्रा दिखता था। इस दौरान गाली देने पर भी लोग उसे हंसी में उड़ा देते थे। अब तो लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।

पहले परायों की बहू-बेटियों को लोग बिल्कुल अपने जैसा समझते थे। पूरा दिन घरों में पकवान बनते थे और मेहमानों की आवभगत होती थी। अब तो सबकुछ बस घरों में ही सिमट कर रह गया है। आजकल तो मानों रिश्तों में मेल-मिलाप की कोई जगह ही नहीं रह गई हो। मन आया तो औपचारिकता में फोन पर हैप्पी होली कहकर इतिश्री कर लिए। अब रिश्तोंग में वह मिठास नहीं रह गया है। यही वजह है कि लोग अपनी बहू-बेटियों को किसी परिचित के यहां जाने नहीं देते। पहले घर की लड़कियां सबके घर जाकर खूब होली की हुल्ल ड़ मचाती थीं। अब माहौल ऐसा हो गया है कि यदि कोई लड़की किसी रिश्तेदार के यहां ही ज्याडदा देर तक रुक गई तो परिवार के लोग चिंतित हो जाते हैं कि क्यों इतना देर हो गया। तुरंत फोन करके पूछने लगते हैं कि क्याक कर रही हो, तुम जल्दीत घर आओ। क्योंत अब लोगों को रिश्तों पर भी उतना भरोसा नहीं रह गया है।

दूसरी ओर, होली के दिन खान-पान में भी अब अंतर आ गया है। गुझिया, पूड़ी-कचौड़ी, आलू दम, महजूम (खोवा) आदि मात्र औपचारिकता रह गई है। अब तो होली के दिन भी मेहमानों को कोल्ड ड्रिंक्स। और फास्टे फूड जैसी चीजों को परोसा जाने लगा है। वहीं, होलिका के चारों तरफ सात फेरे लेकर अपने घर के सुख शांति की कामना करना, वो गोबर के विभिन्न आकृति के उपले बनाना, दादी-नानी का मखाने वाली माला बनाना, रंग-बिरंगे ड्रेसअप में अपनी सखी-सहेलियों संग घर-घर मिठाई बांटना, गेहूं के पौधे भूनना और होली के लोकगीतों को गाना। अब यह सब परंपराएं तो मानो नाम की ही रह गई हैं।

होली रोपण के बाद से होली की मस्ती शुरू हो जाती थी। छोटी बच्चियां गोबर से होली के लिए वलुडिये बनाती थी। उसमें गोबर के गहने, नारियल, पायल, बिछियां आदि बनाकर माला बनाती थी। अब यह सब नजर नही आता है। होली से पूर्व घरों में टेशु व पलाश के फूलों को पीस कर रंग बनाते थे। महिलाएं होली के गीत गाती थी। होली के दिन गोठ भी होती थी जिसमें चंग की थाप पर होली के गीत गाते थे। होली रोपण से पूर्व बसंत पंचमी से फाग के गीत गूंजने लगते थे। आज के समय कुछ मंदिरों में ही होली के गीत सुनाई देते हैं। होली के दिन कई समाज के लोग सामूहिक होली खेलने निकलते थे। साथ में ढोलक व चंग बजाई जाती थी, अब वह मस्ती-हुड़दंग कहां? अब होली केवल परंपरा का निर्वहन रह गया है। हाल के समय में समाज में आक्रोश और नफरत इस कदर बढ़ गई है कि सभ्रांत परिवार होली के दिन निकलना नहीं चाहते हैं। लोग साल दर साल से जमकर होली मनाते आ रहे हैं। इस पर्व का मकसद कुरीतियों व बुराइयों का दहन कर आपसी भाईचारा को कायम रखना है। आज भारत देश मे समस्यायों का अंबार लगा हुआ है। बात सामाजिक असमानता की करें, इसके कारण समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा, मानवता, नैतिकता खत्म होती जा रही हैं। कभी होली पर्व का अपना अलग महत्व था, होलिका दहन पर पूरे परिवार के लोग एक साथ मौजूद रहते थे। और होली के दिन एक दूसरे को रंग लगा व अबीर उड़ा पर्व मनाते थे। लोगों की टोली भांग की मस्ती में फगुआ गीत गाते व घर-घर जाकर होली का प्रेम बांटते थे।

अब हालात यह है कि होली के दिन 40 फीसदी आबादी खुद को कमरे में बंद कर लेती है। हर माह, हर ऋतु किसी न किसी त्योहार के आने का संदेसा लेकर आती है और आए भी क्यों न, हमारे ये त्योहार हमें जीवंत बनाते हैं, ऊर्जा का संचार करते हैं, उदास मनों में आशा जागृत करते हैं। अकेलेपन के बोझ को थोड़ी देर के लिए ही सही, कम करके साथ के सलोने अहसास से परिपूर्ण करते हैं, यह उत्सवधर्मिता ही तो है जो हमारे देश को अन्य की तुलना में एक अलग पहचान, अस्मिता प्रदान करती है। होली पर समाज में बढ़ते द्वेष भावना को कम करने के लिए मानवीय व आधारभूत अनिवार्यता की दृष्टि से देखना होगा।

# लीची के अधिकतम उत्पादन हेतु परागणकों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना आवश्यक

**लीची के पेड़ों में नर और मादा दोनों फूल होते हैं, वे अक्सर प्रोटोगिनस होते हैं, जिसका अर्थ है कि मादा अंग नर अंगों से पहले परिपक्व होते हैं, जिससे स्व-परागण की संभावना कम हो जाती है। परिणामस्वरूप, सफल प्रजनन और फल उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए लीची फल सेटिंग में परागणकों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है।लीची के फूल आमतौर पर गुच्छों में खिलते हैं, प्रत्येक गुच्छे में नर और मादा फूलों का मिश्रण होता है। नर फूल पराग का उत्पादन करते हैं, जिसे मधुमक्खियों, मक्खियों, भृंगों और चींटियों जैसे परागणकों द्वारा एकत्र किया जाता है। ये परागणकर्ता अमृत या पराग की तलाश में फूलों पर जाते हैं, जब वे एक फूल से दूसरे फूल की ओर बढ़ते हैं तो अनजाने में नर फूलों से परागकणों को मादा फूलों के वर्तिकाग्र पर स्थानांतरित कर देते हैं। परागणकों का एक विविध समुदाय लीची के बगीचों में सफल परागण की संभावना को बढ़ाता है। मधुमक्खियाँ अपने चारा खोजने के व्यवहार और पराग ले जाने की क्षमता के कारण लीची के फूलों के सबसे प्रभावी परागणकों में से हैं।परागणकर्ता अमृत और पराग की तलाश में लीची के फूलों पर जाते हैं। इस प्रक्रिया के दौरान, वे अनजाने में पराग कणों को फूलों के बीच स्थानांतरित कर देते हैं, जिससे क्रॉस-परागण की सुविधा होती है। मधुमक्खियाँ, विशेष रूप से, बज परागण के रूप में जाना जाने वाला व्यवहार प्रदर्शित करती हैं, जहाँ वे फूलों के परागकोषों से पराग को हटाने के लिए अपनी उड़ान की मांसपेशियों को कंपन करती हैं।**





**डॉ. एसके सिंह**
**लेखक डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के अखिल भारतीय फल अनुसंधान परियोजना के प्रधान अन्वेषक हैं।**

लीची सहित फूल वाले पौधों के प्रजनन चक्र में परागण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। लीची के पेड़ मुख्य रूप से क्रॉस-परागणित होते हैं, जिसका अर्थ है कि वे फूलों के नर प्रजनन अंगों (पुंकेसर) से मादा प्रजनन अंगों (पिस्टिल्स) तक पराग स्थानांतरित करने के लिए परागणकों पर निर्भर होते हैं। लीची के पेड़ों में नर और मादा दोनों फूल होते हैं, वे अक्सर प्रोटोगिनस होते हैं, जिसका अर्थ है कि मादा अंग नर अंगों से पहले परिपक्व होते हैं, जिससे स्व-परागण की संभावना कम हो जाती है। परिणामस्वरूप, सफल प्रजनन और फल उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए लीची फल सेटिंग में परागणकों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है।लीची के फूल आमतौर पर गुच्छों में खिलते हैं, प्रत्येक गुच्छे में नर और मादा फूलों का मिश्रण होता है। नर फूल पराग का उत्पादन करते हैं, जिसे मधुमक्खियों, मक्खियों, भृंगों और चींटियों जैसे परागणकों द्वारा एकत्र किया जाता है। ये परागणकर्ता अमृत या पराग की तलाश में फूलों पर जाते हैं, जब वे एक फूल से दूसरे फूल की ओर बढ़ते हैं तो अनजाने में नर फूलों से परागकणों को मादा फूलों के वर्तिकाग्र पर स्थानांतरित कर देते हैं। परागणकों का एक विविध समुदाय लीची के बगीचों में सफल परागण की संभावना को बढ़ाता है। मधुमक्खियाँ अपने चारा खोजने के व्यवहार और पराग ले जाने की क्षमता के कारण लीची के फूलों के सबसे प्रभावी परागणकों में से हैं।परागणकर्ता अमृत और पराग की तलाश में लीची के फूलों पर जाते हैं। इस प्रक्रिया के दौरान, वे अनजाने में पराग कणों को फूलों के बीच स्थानांतरित कर देते हैं, जिससे क्रॉस-परागण की सुविधा होती है। मधुमक्खियाँ, विशेष रूप से, बज परागण के रूप में जाना जाने वाला व्यवहार प्रदर्शित करती हैं, जहाँ वे फूलों के परागकोषों से पराग को हटाने के लिए अपनी उड़ान की मांसपेशियों को कंपन करती हैं।लीची के पेड़ों में आम तौर पर एक समकालिक फूल पैटर्न होता है, जिसमें एक पेड़ या बगीचे में अधिकांश फूल एक साथ खिलते हैं। यह सिंक्रनाइजेशन यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि परागणकताओं को कम अवधि के भीतर बड़ी संख्या में फूलों तक पहुंच प्राप्त हो, जिससे सफल परागण की संभावना अधिकतम हो सके। मौसम की स्थिति, विशेष रूप से तापमान और आर्द्रता, परागण गतिविधि और फूलों की ग्रहणशीलता को प्रभावित करती है। न्यूनतम हवा और बारिश के साथ गर्म, धूप वाले दिन परागण की खोज और पराग स्थानांतरण के लिए आदर्श होते हैं। प्रतिकूल मौसम की स्थिति, जैसे भारी बारिश या तेज हवाएं, परागणकर्ता गतिविधि को बाधित करती हैं और परागण की प्रभावशीलता को कम करती हैं।लीची के बागों में, उत्पादक परागण को बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रबंधन प्रथाओं को अपनाते हैं। इसमें देशी परागणकों के लिए घोंसले के शिकार स्थल और चारा संसाधन उपलब्ध कराना, साथ ही प्राकृतिक परागण सेवाओं के लिए प्रबंधित मधुमक्खी कालोनियों या मधुमक्खियों के 20 से 25 बॉक्स प्रति हेक्टेयर की दर से रहते है।लीची परागण में मधुमक्खियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। मधुमक्खियाँ अपनी दक्षता और प्रचुरता के कारण लीची परागण में विशेष रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विशेष रूप से, पर्याप्त परागण और फलों के सेट को सुनिश्चित करने के लिए व्यावसायिक लीची के बगीचों में मधुमक्खियों का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। प्राकृतिक परागण सेवाओं को बढ़ाने के लिए फूलों के मौसम के दौरान प्रबंधित मधुमक्खी कालोनियों को अक्सर बगीचों में लाया जाता है।मधुमक्खियों का खोज व्यवहार, जो एक ही खोज यात्रा में कई फूलों पर जाने की उनकी क्षमता की विशेषता है, उन्हें लीची के फूलों के अत्यधिक प्रभावी परागणकर्ता बनाता है। इसके अतिरिक्त, मधुमक्खियों के शरीर पर पराग ले जाने वाली संरचनाएं, जैसे विशेष बाल (स्कोपी) और पराग टोकरियाँ (कॉर्बिकुला), उन्हें फूलों के बीच बड़ी मात्रा में पराग ले जाने की अनुमति देती हैं। इसके अलावा, परागण दक्षता को अधिकतम करने के लिए मधुमक्खी कालोनियों को रणनीतिक रूप से लीची के बागों में रखा जाता है। फूलों वाले पेड़ों के पास कालोनियों को स्थापित करके और पर्याप्त छत्ते का घनत्व सुनिश्चित करके, उत्पादक परागण गतिविधि को बढ़ा सकते हैं और फलों के सेट में सुधार कर सकते हैं।

लीची परागण की चुनौतियाँ

लीची फल सेटिंग में परागणकों के महत्व के बावजूद, कई चुनौतियाँ बगीचों में परागण की सफलता को खतरे में डालती हैं जैसे पर्यावास हानि। प्राकृतिक आवासों की हानि और कृषि के लिए भूमि के रूपांतरण से देशी परागणकों की आबादी में गिरावट आती है। आवासों के विखंडन और कृषि क्षेत्रों में कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग ने इस गिरावट को और बढ़ा दिया है। कृषि रसायनों, विशेष रूप से कीटनाशकों का अंधाधुंध उपयोग, परागणक आबादी पर हानिकारक प्रभाव डाल रहा है। कीटनाशकों के संपर्क में आने से मधुमक्खियों का व्यवहार बाधित होता है, नेविगेशन और चारा ढूंढने की क्षमता खराब होती है और यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है। लीची की खेती में मोनोकल्चर प्रथाएं परागणकों के लिए विविध पुष्प संसाधनों की उपलब्धता को सीमित करती हैं। लीची के पेड़ों के खिलने के मौसम के बाहर फूल वाले पौधों की कमी भी परागणकों के लिए भोजन की कमी में योगदान करती है।जलवायु परिवर्तन फूलों और परागणकों की गतिविधि के समय को बदल सकता है, जिससे फूलों की उपलब्धता और परागणकों की उपस्थिति के बीच बेमेल हो सकता है। चरम मौसम की घटनाएं, जैसे लू और सूखा, परागणकों की आबादी और चारागाह व्यवहार को भी प्रभावित करती हैं। गैर-देशी मधुमक्खी प्रजातियों या आक्रामक परागणकों का परिचय देशी परागणक समुदायों और पारिस्थितिक बातचीत को बाधित कर सकता है। पुष्प संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा और बीमारियों का संभावित प्रसार परागण नेटवर्क को और अधिक अस्थिर करता है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें आवास संरक्षण, टिकाऊ कृषि पद्धतियाँ, कीटनाशक प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन शमन शामिल हो।परागण-अनुकूल परिदृश्यों को बढ़ावा देकर, कीटनाशकों के उपयोग को कम करके और आवास विविधता को बढ़ाकर, उत्पादक स्वस्थ परागणकों की आबादी का समर्थन कर सकते हैं और लीची उत्पादन प्रणालियों की स्थिरता सुनिश्चित कर सकते हैं। परागणकर्ता पार-परागण की सुविधा प्रदान करके और प्रजनन सफलता सुनिश्चित करके लीची के पेड़ों के फल निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मधुमक्खियाँ, विशेष रूप से, लीची के बागों में अपने चारा खोजने के व्यवहार और पराग ले जाने की क्षमता के कारण प्रमुख परागणक हैं। हालाँकि, निवास स्थान की हानि, कीटनाशकों के संपर्क और जलवायु परिवर्तन सहित विभिन्न चुनौतियाँ, लीची की खेती में परागणक आबादी और परागण सेवाओं को खतरे में डाल रही हैं। स्थायी प्रथाओं को लागू करने और परागण संरक्षण प्रयासों का समर्थन करके, उत्पादक परागण सेवाओं की सुरक्षा करते हैं और आने वाले वर्षों के लिए लीची के बागानों की उत्पादकता को बनाए रख सकते हैं।

# विश्व जल दिवस पर विशेष : सावधानी : जल संकट की चेतावनी !

हेमेन्द्र क्षीरसागर

हमारी पृथ्वी का एक तिहाई हिस्सा जल से घिरा हुआ है। इसके बावजूद भी जगह जगह पर लोग पानी की समस्या से परेशान हैं। कई जगह पानी की पहुंच इतनी ज्यादा है कि लोग उसे आंख मूंदकर बर्बाद करते हैं तो कई जगह प्यास बुझाने के लिए ही पानी नसीब नहीं है। यहीं कारण है कि दुनिया के अधिकांश लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ता है। लोगों में पानी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ही 22 मार्च का दिन विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। ताकि लोग पानी की कीमत को समझ सकें। विश्व के हर नागरिक को इसके महत्व से अवगत कराने के लिए ही संयुक्त राष्ट्र ने विश्व जल दिवस मनाने की शुरूआत की थी। पानी ही जीवन का आधार है जिससे कोई इंकार नहीं कर सकता है। जिस तरह से अब प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है उससे साफ है कि भविष्य में संकट और गहरा सकता है। जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जनसंख्या तथा जल स्त्रोतों के अत्यधिक दोहन की वजह से भूजल का स्तर लगातार कम होता जा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि हम पानी के महत्व को समझे और इसे बर्बाद होने से बचाए।

लिहाजा, पूरे विश्व में साफ पानी का धनी देश ब्राजील को माना जाता है। ब्राजील में 8647 अरब क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध है। विश्व में पानी की उपलब्धता को लेकर भारत का आठवां स्थान है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत विश्व के कुल भूजल का 24 फीसदी इस्तेमाल करता है। कई महानगरों में जिस तरह से जल स्तर कम हो रहा है उससे भविष्य में संकट और गहरा हो सकता है। गौर करने वाली बात ये है कि धरती का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी पानी से भरा हुआ है, लेकिन इसमें से सिर्फ तीन फीसदी हिस्सा ही पीने योग्य है। वही इजरायल जैसा अल्प वर्षा वाला देश जल संधारण का सबसे बड़ा उदाहरण है। जिससे सामान्य वर्षा वाले देशों को जल संरक्षण और संवर्धन की सीख लेने की निहायत जरूरत है।

गौरतलब, पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका पृथ्वी का 71 प्रतिशत भाग जल से घिरा हुआ है, 29 फीसदी भाग पर स्थल है। इस 29 प्रतिशत क्षेत्र पर ही इंसान और दूसरे प्राणी रहते हैं। कुल पानी का लगभग 97 फीसदी पानी समुद्र में पाया जाता है, लेकिन खारा होने के कारण इस पानी को पीने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। सिर्फ तीन प्रतिशत पानी ही पीने लायक है, जो ग्लेशियर, नदी, तालाबों में पाया जाता है। इस तीन फीसदी पानी में भी 2.4 फीसदी हिस्सा ग्लेशियरों, दक्षिणी ध्रुवों पर जमा है, जबकि बचा हुआ 0.6 फीसदी पानी नदी, तालाबों, झीलों और कुओं में मौजूद है। जिसका हम उपयोग कर सकते हैं, इसलिए हमें जल को बचाना चाहिए। इसकी एक बूंद बूंद बहुत कीमती है, इसे व्यर्थ नहीं गवाना चाहिए।

वस्तुतः पानी हमारे रोजमर्रा के जीवन के लिए महत्वपूर्ण है और पृथ्वी पर हमारा अस्तित्व इसी से है। पृथ्वी पर मौजूद कुल पानी का लगभग ढाई प्रतिशत ही मीठा पानी है और बढ़ती जनसँख्या और पानी के व्यर्थ उपयोग

## संक्षिप्त खबरें

### तमिलनाडु की 19 लोकसभा सीट पर द्रमुक व अन्नाद्रमुक के बीच सीधी टक्कर

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और विपक्षी ऑल इंडिया द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) का एक दूसरे के साथ 19 लोकसभा सीट पर सीधा मुकाबला है। इन सीट में चेन्नई उत्तर, चेन्नई दक्षिण, कांचीपुरम (अनुसूचित जाति), अरक्कोणम, आरणी, सलेम, इरोड, थेनी, नीलगिरी, कोयंबटूर, पोल्लाची, तूत्तुक्कुडि, श्रीपेरुमबुदुर, वेल्लोर, धर्मपुरी, तिरुवन्नमलई, कल्लाकुरिची और पेरम्बलुर शामिल हैं। द्रमुक की सहयोगी कोंगुनाडु मक्कल देसिया काची (केएमडीके) सत्तारूढ़ दल के ह्यउगते सूरजह्न चिन्ह पर नमक्कल सीट से चुनाव लड़ेगी। इस तरह उन सीट की संख्या 19 हो जाती है जहां द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बीच सीधी लड़ाई है। नमक्कल सीट से केएमडीके ने एस. सूर्यमूर्ति को मैदान में उतारा है, जबकि अन्नाद्रमुक ने इस सीट से तमिझमानी को टिकट दिया है। ये दोनों अपने अपने दलों के पदाधिकारी हैं। तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को चुनाव होगा।

### आठ पुलिसवालों ने कूरियर कंपनी की कार से 5.4 करोड़ रुपये की चोरी की

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए एक कूरियर कंपनी का वाहन रोककर उसमें से 5.4 करोड़ रुपये नकद चुराने के आरोप में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। खुद को पुलिसकर्मी बताने वाले आरोपियों ने 14 और 15 मार्च की मध्यरात्रि में इस अपराध को अंजाम दिया था। उस दौरान वाहन जलगांव से मुंबई की ओर जा रहा था। अधिकारी ने बताया कि सभी आरोपी इनोवा कार में सवार थे। उन्होंने ठाणे जिले के अटगांव के पास कूरियर कंपनी की कार रोकी। खुद को पुलिसकर्मी बताकर कुछ लोग जबरन कार में सवार होकर उसे सड़क से कुछ दूर ले गए। उन्होंने बताया कि वाहन की तलाशी के बहाने नकली पुलिसकर्मियों ने कार से 5.4 करोड़ रुपये की नकदी से भरी दो बोरियां निकालीं और फरार हो गए। उन्होंने बताया कि पीड़ित द्वारा शिकायत दर्ज कराने पर शाहपुर पुलिस ने 17 मार्च को आठ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एक लोक सेवक का अपमान करने, गलत तरीके से रोकने और धोखाधड़ी के आरोप में भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया।

### हिंसक व आक्रामक श्वानों को पकड़कर शहर से दूर छोड़ने के निर्देश

राजस्थान सरकार ने आवारा श्वानों (कुत्तों) से आम लोगों को हो रही परेशानियों को देखते हुए हिंसक और आक्रामक प्रवृत्ति के श्वानों को पकड़कर शहर से दूर छोड़ने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं। स्वायत शासन विभाग ने इस बारे में छह बिंदुओं का दिशा निर्देश नगर निकायों के लिए जारी किया है। चित्तौड़गढ़ जिले के पारसोली थाना क्षेत्र में सोमवार को आवारा श्वानों ने छह साल के एक बच्चे पर हमला कर दिया था। श्वानों ने बच्चे को बुरी तरह से नोंच डाला जिससे उसकी मौत हो गई। विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार, राज्य के सभी निकायों में स्थित महाविद्यालयों, विद्यालयों, अभिभावकों व नागरिकों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए हिंसक और आक्रामक प्रवृत्ति के श्वानों की पहचान कर उन्हें पकड़कर शहर से दूर ले जाकर छोड़ा जाए। इसके तहत हिंसक व आक्रामक प्रवृत्ति के श्वानों को चिन्हित कर उनका बधियाकरण जाए, सरकारी व गैर सरकारी अस्पतालों के आस-पास विशेषकर लेबर रूम, महिला रोग विभाग, ऑपरेशन थियेटर, शिशु वार्ड के आस-पास घूमने वाले श्वानों को तत्काल अभियान चलाकर पकड़ा जाए व इन्हें शहर से दूर ले जाकर छोड़ा जाए। निकायों से कहा गया है कि वे पालतू श्वानों को चिन्हित कर मालिकों को उनका टीकाकरण करवाने को पाबंद करें। साथ ही गैर सरकारी संगठनों के साथ समन्वय कर आवारा श्वानों के प्रजनन नियंत्रण प्रोग्राम को बढ़ावा दिया जाए।

### ओडिशा के कुलडीहा जंगल से छह शिकारी गिरफ्तार

ओडिशा के कुलडीहा जंगल से छह शिकारियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से छह देसी राइफल बरामद की गई हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, उन्हें कुलडीहा अभयारण्य के आसपास पुलिस, वन विभाग और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के जवानों के संयुक्त अभियान के दौरान पकड़ा गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ)-वन्यजीव, सुशांत नंदा ने एक्स पर पोस्ट किया कि शिकारियों को बुधवार रात नीलगिरि क्षेत्र के एक गांव से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, उनके पास से छह देशी राइफल बरामद की गईं। अधिकारियों ने बताया कि बीते तीन दिनों में संयुक्त अभियान के तहत कुल नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नंदा ने कहा कि कुलडीहा अभयारण्य और उसके आसपास के क्षेत्रों में यह अभियान जारी रहेगा।

# राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान की तहसील स्तरीय टास्क फोर्स मीटिंग हुई संपन्न

## टीकाकरण अभियान में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : रितू रानी

प्रात : किरण संवाददाता




धामपुर। 1 से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान तथा राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान की टीटीएफ मीटिंग और तहसील स्तरीय टास्क फोर्स मीटिग उपजिलाधिकारी धामपुर सुश्री रितु रानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उपजिलाधिकारी रितु रानी ने टीकाकरण अभियान को अवगत कराते हुए बताया कि शासन के निदेर्शानुसार पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे जनपद में 01 से 30 अप्रैल 2024 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल 2024 तक तहसील स्तरीय अन्तर्विभागीय के समन्वय से व्यापक स्तर पर चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण तथा दस्तक अभियान के दौरान आशा एवं आंगन बाड़ी कार्यकर्त्री द्वारा घर-घर जाकर बुखार, इन्फ्लूएंजा ,मलेरिया, फाईलेरिया, कालाजार तथा कुष्ठ रोग ,टीबी, कुपोषित बच्चों,आदि से पीड़ित बच्चों के साथ गांव के पुरूष व महिलाओं की सम्पूर्ण जानकारी ई-कवच पोर्ट पर अपलोड की जायेगी, जल निगम विभाग द्वारा जनपद में लगे हैण्ड पम्पों के पानी की गुणवत्ता की भी जांच की जाएगी तथा नगरीय निकायों में ईओ द्वारा व्यापक स्तर पर नाली, नालों की सफाई कराने के साथ वार्डो की साफ-सफाई भी प्रतिदिन अभियान चलाकर कराई जायेगी और इसी तरह पंचायत विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों के साथ सभी मजरों में अभियान चलाकर सफाई कराई जायेगी। और लोगों को संचारी एवं दस्तक रोक के बचाव के बारे में जानकारी भी दी जायेगी और ग्राम पंचायत एवं मजरों के खराब हैण्ड पम्पों को ग्राम प्रधान व सचिव तत्काल ठीक करायेगें। मलेरिया विभाग कर्मचारी घर-घर जाकर मच्छरों के प्रज्जन हेतु जल जमा तो नही इसकी जानकारी प्राप्त करेगें और लोगो को मच्छरों से सावधान रहने के साथ मलेरिया रोग से बचाव के बारे में बताया जायेगा।उन्होने बताया स्वास्थ विभाग द्वारा सभी सीएचसी, पीएचसी के अलावा नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जायेगा और शिविर में लोगों के स्वास्थ परीक्षण करने के साथ साथ दवायें भी दी जायेगी उपजिलाधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों के बच्चों के माध्यम से संचारी एवं दस्तक रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु रैलियों के साथ अन्य प्रतियोगितायें आयोजित की जायेगी।इस कार्यक्रम में 12 विभागों का सहयोग लिया जाता है। जिनमे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ,नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामविकाश, पशुपालन विभाग, बाल विकास पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, कृषि विभाग एवं सिंचाई विभाग, सूचना विभाग, ओर उद्यान विभाग मुख्यरूप से शामिल है।इस दौरान बीडीओ धामपुर श्री ऋषिपाल सिंह , सीडीपीओ धामपुर हेमलता सैनी, स्योहारा पुष्पा देवी ,समस्त ब्लॉकों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी जिनमे धामपुर से डॉक्टर विशाल दिवाकर, कासिमपुर गड़ी डॉक्टर खालिद अख्तर समेत अन्य ब्लॉकों के सभी तहसील ओर ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, ई ओ नगरपालिका धामपुर ओर शेरकोट, यूनिसेफ बिजनौर के डीएमसी गुलजार त्यागी, वीर सिंह, राजेश कुमार, प्रमोद शर्मा,स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, डॉक्टर अंकित कुमार, राहुल कुमार, अंकित कुमार, आशीष, करुणा चौहान, जयपाल सिंह एआरओ ओर डब्ल्यू एचओ के प्रतिनिधि, श्रीकान्त राजपूत,अभिषेक और ज्योतिरानी बीएमसी आदि उपस्थित रहे।

# वेंक्टेश्वरा लाडो बिटिया सम्मान योजना-2024 का शानदार शुभारम्भ



प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। वेंक्टेश्वरा समूह के मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पीटल विम्स में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की महिला सशक्तीकरण की मुहिम से प्रेरणा लेते हुए समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने ह्यह्यबेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओह्यह्य योजना के तरह अपने हॉस्पीटल में डिलिवरी के बाद बिटिया पैदा होने पर सम्पूर्ण निःशुल्क उपचार एवं इकत्तीस सौ रुपये सम्मान राशि वाली महिला कल्याणकारी योजना ह्यह्यवेंक्टेश्वरा लाडो बिटिया सम्मान योजना-2024ह्यह्य का शानदार शुभारम्भ हो गया। एक अप्रैल 2024 से शुरू होने जा रही इस योजना के तहत न सिर्फ पश्चिमी उ.प्र. बल्कि देशभर से कोई भी गर्भधारक मातृशक्ति किसी दस्तावेज (आय/जाति/मूलनिवासी प्रमाणपत्र) के बिना सिर्फ आधार कार्ड दिखाकर इस कल्याणकारी योजना का लाभ उठा सकती हैं। यह जानकारी आज इस योजना के पोस्टर लाँच होने के बाद हॉस्पीटल सी.ई.ओ. डॉ. एच.पी. सिंह एवं गायनी विभाग की विभागाध्यक्षा विख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेहाना नजम ने संयुक्त रूप से दी।ह्यह्यवेंक्टेश्वरा लाडो बिटिया सम्मान योजना-2024ह्यह्य के बारे में विस्तार से बताते हुए विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति एवं सस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि के आधिकारिक प्रतिनिधि डॉ. राजीव त्यागी ने बताया कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने ह्यह्यबेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओह्यह्य अभियान से प्रेरित होकर अपने हॉस्पीटल में बेटी पैदा होने पर उसका सम्पूर्ण निःशुल्क इलाज के साथ-साथ उसको उपहार/ सम्मान स्वरूप इकत्तीस सौ रुपये की नकद धनराशि वेंक्टेश्वरा की ओर से दी जायेगी। इससे जहाँ एक ओर महिला सशक्तीकरण की मुहिम को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेटियों को लेकर लोगों की सोच में सकारात्मक बदलाव आयेगा।इस अवसर पर विम्स हॉस्पीटल के निदेशक मार्केटिंग डॉ. एम.ए. चौधरी, स्त्रीरोग विभाग की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अपराजिता सिंह, डॉ. प्राची त्यागी, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. अर्पिता श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिभा, डॉ. अन्चिता, डॉ. नजरी, डॉ. शिवानी, डॉ. कोमल, डॉ. रितु सिंह, डॉ. जिकरा, डॉ. अनिभा एवं मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# नाजिम अहमद बने स्योहारा विद्युत उपखण्ड के नए एस.डी.ओ, संभाला चार्ज

- विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का जल्द से जल्द होगा निस्तारण, बिल बकायेदार भी समय से करे बिजली बिल जमाः नाजिम अहमद

प्रात : किरण संवाददाता, नादिर त्यागी



स्योहारा। विद्युत उपखण्ड स्योहारा के पद से एस.डी.ओ. प्रेम सिंह के रिटायर होने के उपरांत विद्युत वितरण मंडल बिजनौर में अस्सिटेंट इंजीनियर रेवेन्यू (अ. ई.आर.) के पद पर कार्यरत नाजिम अहमद को विद्युत उपखण्ड स्योहारा का एस. डी.ओ. बनाया गया है।उन्होंने 12 मार्च को उपखण्ड अधिकारी का चार्ज संभाल लिया है।एस.डी.ओ. स्योहारा ने विद्युत कर्मियों और विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित करते हुए कहा कि विद्युत कर्मी समय रहते विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करें। तो वहीं उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं को भी आगाह करते हुए कहा कि विद्युत उपभोक्ता भी समय से अपना बिजली का बिल जमा करें उन्होंने विशेष रूप से दस हजार रुपये या उससे अधिक के बिजली बिल बकायेदारों को अति शीघ्र जमा करने की अपील की ताकि विद्युत उपभोक्ता विभाग द्वारा की जाने वाली विच्छेदन की कार्रवाई से बच सके।और अवैध रूप से बिजली का प्रयोग ना कर विद्युत चोरी के अर्थ दंड से भी बचे रहें और विद्युत विभाग के कार्य में अपना पूर्ण सहयोग दें।उन्होंने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी निर्देश देते हुए कहा कि वे उपभोक्ताओं की समस्याओं का उप केंद्र पर ही हल करने का प्रयास करें।उन्होंने विशेष रूप से लाइनमैन और मीटर रीडर को भी निर्देशित करते हुए कहा कि वह विद्युत उपभोक्ताओं से अच्छे व्यवहार से पेश आयें। विशेषरूप से रात्रि में होने वाले लाइन पर फॉल्ट होने पर तुरंत संज्ञान ले। और मीटर रीडर उपभोक्ताओं सही-सही रीडिंग भेजें ताकि उपभोक्ताओं को बिजली का बिल जमा करने में कोई परेशानी न हो।आपको बताते चलें कि इससे पहले नाजिम अहमद जनपद में किरतपुर एसडीओ के पद पर कार्यरत रहते हुए विद्युत विभाग को अपनी सराहनीय सेवाए दे चुके हैं तथा वह वर्तमान में विद्युत वितरण मंडल बिजनौर में असिस्टेंट इंजीनियर रेवेन्यू (अ.ए. फ) के पद पर कार्यरत थे। नाजिम अहमद व्यवहार कुशलता और कर्तव्यपरायण कार्य शैली के लिए जाने जाते हैं वह अपने स्तर की विद्युत सम्बन्धी समस्याओं का निस्तारण जल्द से जल्द निस्तारण करने में विश्वास रखते हैं।

# ओडिशा के कोरापुट में केंचुए की दो नई प्रजातियों का पता लगाया गया



कोरापुट, एजेंसी

ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूओ) के शोधार्थियों ने केरल के महात्मा गांधी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के सहयोग से इस पूर्वी राज्य में केंचुए की दो नई प्रजातियों की खोज की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण स्कूल के डीन शरत कुमार पालिता ने कहा कि कोरापुट जिले के विभिन्न हिस्सों में किए गए केंचुआ विविधता अध्ययन के दौरान विश्वविद्यालय की छात्रा आयुस्मिता नाइक ने रानी डुडुमा और जेपोर घाट क्षेत्रों से केंचुओं के कुछ नमूने एकत्र किए। उन्होंने कहा कि भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक आर पालीवाल और महात्मा गांधी विश्वविद्यालय के उन्नत पर्यावरण अध्ययन तथा सतत विकास केंद्र के केंचुआ विशेषज्ञ प्रशांत नारायणन और एपी थॉमस के सहयोग से शोधार्थियों ने प्रयोगशाला में केंचुओं के नमूनों की जांच की। पालिता ने कहा कि शोध के दौरान केंचुओं की दो नई प्रजातियों का पता चला। उनकी पहचान मेगास्कोलेक्सजेयपोरघाटिएन्सिस और मेगास्कोलेक्सक्वाड्रिपेपिलैटस के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि केंचुओं की दो नई प्रजातियों की खोज पर हाल में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका जूटाक्स में एक रिपोर्ट भी प्रकाशित हुई थी। पालिता ने कहा कि दुनिया में मेगास्कोलेक्स प्रजातियों की कुल संख्या अब 70 हो गई है, जिनमें से 34 भारत में पाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि मेगास्कोलेक्स प्रजातियां ज्यादातर प्रायद्वीपीय भारत के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में पश्चिमी घाट की पर्वत श्रृंखलाओं के दक्षिणी हिस्से में पाई जाती हैं।

# मध्य प्रदेशः धार के विवादास्पद भोजशाला परिसर का सर्वेक्षण शुक्रवार अलसुबह से शुरू करेगा एएसआई

इंदौर, एजेंसी

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) धार के विवादास्पद भोजशाला परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण शुक्रवार अलसुबह से शुरू करेगा। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एएसआई ऐसे वक्त में भोजशाला परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण शुरू करने जा रहा है, जब लोकसभा चुनावों की आदर्श आचार संहिता लागू है। भोजशाला का मसला सियासी रूप से भी संवेदनशील माना जाता है। अधिकारियों के मुताबिक एएसआई की ओर से स्थानीय पुलिस और प्रशासन को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के आदेश के अनुसार भोजशाला परिसर का पुरातत्व सर्वेक्षण या वैज्ञानिक जांच अथवा खुदाई 22 मार्च (शुक्रवार) की अलसुबह से शुरू की जाएगी। धार के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने एएसआई का यह पत्र मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि भोजशाला परिसर में एएसआई के शुक्रवार अलसुबह से प्रस्तावित सर्वेक्षण के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। एएसआई के संरक्षित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर को हिन्दू वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर मानते हैं, जबकि मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला की मस्जिद बताता है। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने 11 मार्च को सुनाए आदेश में कहा था, इस अदालत ने केवल एक निष्कर्ष निकाला है कि भोजशाला मंदिर-सह-कमाल मौला मस्जिद परिसर का जल्द से जल्द वैज्ञानिक सर्वेक्षण और अध्ययन कराना एएसआई का संवैधानिक और कानूनी दायित्व है। अदालत ने हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिसह्न नामक संगठन की अर्जी मंजूर करते हुए यह आदेश सुनाया था। मामले में अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होनी है। एएसआई के सात अप्रैल 2003 को जारी आदेश के अनुसार जारी व्यवस्था के मुताबिक हिंदुओं को प्रत्येक मंगलवार भोजशाला में पूजा करने की अनुमति है, जबकि मुस्लिमों को हर शुक्रवार इस जगह नमाज अदा करने की इजाजत दी गई है। एएसआई के करीब 21 साल पुराने आदेश को चुनौती देते हुए हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से उच्च न्यायालय में कहा गया था कि यह फरमान भोजशाला परिसर की वैज्ञानिक जांच के बगैर जारी किया गया था और नियम-कायदों के मुताबिक किसी भी मंदिर में नमाज अदा किए जाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उच्च न्यायालय में बहस के दौरान एएसआई की ओर से कहा गया था कि उसने 1902 और 1903 में भोजशाला परिसर की स्थिति का जायजा लिया था और इस परिसर की वैज्ञानिक जांच की मौजूदा गुहार को लेकर उसे कोई भी आपत्ति नहीं है। मुस्लिम समुदाय भोजशाला परिसर को कमाल मौला की मस्जिद बताता है। इस मस्जिद से जुड़ी ह्यमौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटीह्न ने एएसआई द्वारा भोजशाला परिसर की वैज्ञानिक जांच के लिए ह्यहिंदू फ्रंट फॉर जस्टिसह्न की दायर अर्जी पर उच्च न्यायालय में आपत्ति जताई थी।

# बॉडी मसाजर को वयस्क सेक्स खिलौने के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता: बम्बई उच्च न्यायालय

मुंबई, एजेंसी

बम्बई उच्च न्यायालय ने कहा है कि बॉडी मसाजर को एक वयस्क सेक्स खिलौने के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है और इसलिए इसे आयात के लिए प्रतिबंधित वस्तुओं की सूची में शामिल नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति किशोर संत की खंडपीठ ने सीमा शुल्क विभाग द्वारा बॉडी मसाजर की खेप को जब्त करने के आदेश को बुधवार को रद्द कर दिया। बॉडी मसाजर मशीन का इस्तेमाल शरीर के हिस्सों पर मसाज के लिए किया जाता है। सीमा शुल्क आयुक्त ने यह दावा करते हुए सामान जब्त कर लिया था कि बॉडी मसाजर मशीन का इस्तेमाल वयस्क सेक्स खिलौनों के रूप में किया जा सकता है और ऐसी वस्तुओं को आयात के लिए प्रतिबंधित किया गया है। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह राय कि एक बॉडी मसाजर का वयस्क सेक्स खिलौने के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है, स्पष्ट रूप से सीमा शुल्क आयुक्त की कल्पना थी। अदालत ने सीमा शुल्क आयुक्त द्वारा दायर उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण द्वारा पारित मई 2023 के आदेश को चुनौती दी गई थी। सीमा शुल्क आयुक्त ने अप्रैल 2022 में बॉडी मसाजर वाली खेप को यह कहते हुए मंजूरी देने से इनकार कर दिया था कि ये वयस्क सेक्स खिलौने है और इसलिए जनवरी 1964 में जारी सीमा शुल्क अधिसूचना के अनुसार इनके आयात पर रोक है। अदालत ने कहा कि बॉडी मसाजर मशीन का व्यापार घरेलू बाजारों में किया जाता है और इन्हें निषिद्ध वस्तु नहीं माना जाता है। आयुक्त के आदेश के खिलाफ बॉडी मसाजर खेप के मालिकों ने न्यायाधिकरण का दरवाजा खटखटाया था। न्यायाधिकरण ने आयुक्त के आदेश को रद्द करते हुए कहा था कि आयुक्त द्वारा बॉडी मसाजर को वयस्क सेक्स खिलौने के रूप में वर्गीकृत करने का विचार पूरी तरह से अधिकारी की कल्पना थी। पीठ ने सीमा शुल्क आयुक्त द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया और न्यायाधिकरण के आदेश को बरकरार रखा

# आईआईटी-मद्रास ने इलेक्ट्रिक स्टैंडिंग व्हीलचेयर नियोस्टैंड का किया निर्माण

चेन्नई, एजेंसी

मद्रास भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-मद्रास) ने भारत की सबसे अनुकूलन योग्य इलेक्ट्रिक स्टैंडिंग व्हीलचेयर नियोस्टैंड बनायी है, जिसे व्हीलचेयर उपयोगकताओं के लाभ के लिए स्वदेशी रूप से बनाया गया है। आईआईटी परिसर में बुधवार शाम को आईआईटी-मद्रास के निदेशक प्रो.वी.कामाकोटी, प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों, इस परियोजना के उदार समर्थकों, संकाय, शोधकताओं और इन पुनर्वास उपकरणों के उपयोगकताओं की उपस्थिति में नियोस्टैंड को लॉन्च किया गया। नियोस्टैंड एक कॉम्पैक्ट स्टैंडिंग व्हीलचेयर है जिसमें मोटराइज्ड स्टैंडिंग मैकेनिज्म से आसान नेविगेशन संभव है। यह एक ऐसी व्हीलचेयर है जिसमें सिर्फ एक बटन के स्पर्श से उपयोगकर्ता आसानी से बैठने से खड़े होने की स्थिति में आ सकते हैं। इसकी मदद से दिव्यांग बंधुओं के लिए आसानी से खड़े होकर लोगों से आंख से आंख मिलाकर संवाद करने, किसी किताब को उठाने और काउंटर पर खड़े होकर कॉफी का मजा लेने जैसे अनुभव कर पाना संभव हो पायेगा। व्हीलचेयर तैयार करने का यह काम टीटीके सेंटर फॉर रिहैबिलिटेशन रिसर्च एंड डिवाइस डेवलपमेंट (आर2डी2) और आईआईटी मद्रास की प्रोफेसर सुजाता श्रीनिवासन के नेतृत्व में किया गया है। इस उपकरण का व्यवसायीकरण कर दिया गया है और इसे आईआईटी मद्रास-इनक्यूबेटेड स्टार्ट-अप नियोमोशन के माध्यम से बाजार में लाया जा रहा है। लॉन्च कार्यक्रम को संबोधित करते हुये प्रोफेसर कामकोटि ने कहा, यह आईआईटी मद्रास के संकाय द्वारा निर्देशित बहुत महत्वपूर्ण शोध कार्य हैं जिनका बहुत बड़ा सामाजिक प्रभाव रहेगा। क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर के एसोसिएट मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, डॉ. हेनरी प्रकाश ने कहा, आज जब हम पहुंच, सामर्थ्य और सामाजिक दृष्टिकोण की जटिलताओं से निपट रहे हैं, तो हमें यह बात माननी पड़ेगी कि इसमें प्रगति हुई है। सहायक प्रौद्योगिकी का क्षेत्र न केवल तकनीकी अनिवार्यता है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। यह परियोजना टाटा एलेक्सी द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल के तहत प्रायोजित की गई थी। इसके विकास और डिजाइन का नेतृत्व आईआईटी मद्रास में टीटीके सेंटर फॉर रिहैबिलिटेशन रिसर्च एंड डिवाइस डेवलपमेंट (आर2डी2) और नियोमोशन ने किया, जिसने इस उत्पाद को बाजार में लाने का बीड़ा उठाया। टाटा एलेक्सी के अध्यक्ष ने कहा, दिव्यांगों के लिए एक नए उत्पाद का लॉन्च बेहद महत्वपूर्ण है और चलने फिरने में असमर्थ लोगों के समावेश और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का हमारा एक प्रयास है।

# अन्नाद्रमुक ने की तमिलनाडु में सभी 32 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा



चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु की मुख्य विपक्षी पार्टी अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) ने बृहस्पतिवार को लोकसभा चुनाव के लिए 16 उम्मीदवारों की अपनी अंतिम सूची जारी की। उम्मीदवारों में एक महिला वकील भी शामिल है, जिसने पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत जे जयललिता के खिलाफ द्रमुक में रहते हुए चुनाव लड़ा था, लेकिन जीतने में असफल रही थीं। अन्नाद्रमुक की नवीनतम सूची में तीन उम्मीदवार चिकित्सक हैं। अन्नाद्रमुक ने लोकसभा चुनाव के लिए कुल पांच चिकित्सकों को उम्मीदवार बनाया है। प्रत्याशियों के नाम तय करने और सहयोगियों को सीटें आवंटित करने की कवायद अन्नाद्रमुक ने पूरी कर ली है और पार्टी प्रमुख ए के पलानीस्वामी 24 मार्च को तिरुचिरापल्ली से अपना चुनाव अभियान शुरू करेंगे। अन्नाद्रमुक कुल 32 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और उसने सहयोगी देसिया मुरपोक्कू द्रविड़ कषगम (डीएमडीके), पुतिया तमिझगम और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) को सात निर्वाचन क्षेत्र आवंटित किए हैं। तमिलनाडु में 39 लोकसभा क्षेत्र हैं। तिरुनेलवेली लोकसभा सीट के लिए पलानीस्वामी ने शिमला मुथुचोजन को उम्मीदवार बनाया है। शिमला मुथुचोजन पहले द्रमुक में थीं। उन्होंने 2016 में आरके नगर विधानसभा क्षेत्र से दिवंगत जे जयललिता के खिलाफ चुनाव लड़ा था, लेकिन चुनाव हार गयी थीं। पेशे से वकील मुथुचोजन लोकसभा चुनाव के लिए अन्नाद्रमुक द्वारा घोषित एकमात्र महिला उम्मीदवार हैं। अन्नाद्रमुक ने मुथुचोजन सहित पांच वकीलों को पार्टी का उम्मीदवार बनाया है। सत्तारूढ़ दल द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) 21 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जिनमें से उसने तीन सीटों पर महिलाओं को पार्टी का उम्मीदवार बनाया है।


# सांगली सीट को लेकर कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) में रस्साकशी जारी

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र की सांगली लोकसभा सीट को लेकर बृहस्पतिवार को शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस के बीच रस्साकशी उस समय खुलकर सामने आ गई जब देश की सबसे पुरानी पार्टी के विधायक विक्रमसिंह सावंत ने घोषणा कर दी कि वह उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले दल की रैली का बहिष्कार करेंगे। शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को सांगली में एक जनसभा का आयोजन किया है और उन्होंने कांग्रेस सहित महा विकास आघाडी (एमवीए) के सहयोगियों को इसमें हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया है। शिवसेना (यूबीटी) ने संकेत दिया है कि वह पहलवान चंद्रहार पाटिल को सांगली से मैदान में उतारेगी जबकि कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने इस सप्ताह की शुरूआत में कहा था कि उनकी पार्टी विशाल पाटिल को मैदान में उतारेगी। जाट निर्वाचन क्षेत्र से विधायक सावंत ने कहा, सांगली सीट हमेशा कांग्रेस के पास रही है। हमारी राय है कि यह सीट कांग्रेस को मिलनी चाहिए और हमने इसे अपने वरिष्ठों को बता दिया है। चूंकि शिवसेना (यूबीटी) ने एकतरफा अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है, इसलिए हम इस रैली में शामिल नहीं होंगे। इस मुद्दे पर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि उन्होंने बहुत पीड़ा के साथ कोल्हापुर सीट कांग्रेस को दी है। उन्होंने कहा, ह्यह्नचूंकि हम (एमवीए घटक के तौर पर) एक साथ हैं, हम सांगली से चुनाव लड़ेंगे। मैंने शरद पवार से बात की है। हम राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड में सीटें नहीं मांग रहे हैं। एक क्षेत्रीय दल अपने ही राज्य में सीट मांगेगा।


# मध्य प्रदेशः धार के विवादास्पद भोजशाला परिसर का सर्वेक्षण शुक्रवार अलसुबह से शुरू करेगा एएसआई

इंदौर, एजेंसी


मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) धार के विवादास्पद भोजशाला परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण शुक्रवार अलसुबह से शुरू करेगा। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एएसआई ऐसे वक्त में भोजशाला परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण शुरू करने जा रहा है, जब लोकसभा चुनावों की आदर्श आचार संहिता लागू है। भोजशाला का मसला सियासी रूप से भी संवेदनशील माना जाता है। अधिकारियों के मुताबिक एएसआई की ओर से स्थानीय पुलिस और प्रशासन को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के आदेश के अनुसार भोजशाला परिसर का पुरातत्व सर्वेक्षण या वैज्ञानिक जांच अथवा खुदाई 22 मार्च (शुक्रवार) की अलसुबह से शुरू की जाएगी। धार के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने एएसआई का यह पत्र मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि भोजशाला परिसर में एएसआई के शुक्रवार अलसुबह से प्रस्तावित सर्वेक्षण के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। एएसआई के संरक्षित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर को हिन्दू वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर मानते हैं, जबकि मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला की मस्जिद बताता है। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने 11 मार्च को सुनाए आदेश में कहा था, इस अदालत ने केवल एक निष्कर्ष निकाला है कि भोजशाला मंदिर-सह-कमाल मौला मस्जिद परिसर का जल्द से जल्द वैज्ञानिक सर्वेक्षण और अध्ययन कराना एएसआई का संवैधानिक और कानूनी दायित्व है। अदालत ने हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस नामक संगठन की अर्जी मंजूर करते हुए यह आदेश सुनाया था। मामले में अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होनी है। एएसआई के सात अप्रैल 2003 को जारी आदेश के अनुसार जारी व्यवस्था के मुताबिक हिंदुओं को प्रत्येक मंगलवार भोजशाला में पूजा करने की अनुमति है, जबकि मुस्लिमों को हर शुक्रवार इस जगह नमाज अदा करने की इजाजत दी गई है। एएसआई के करीब 21 साल पुराने आदेश को चुनौती देते हुए हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से उच्च न्यायालय में कहा गया था कि यह फरमान भोजशाला परिसर की वैज्ञानिक जांच के बगैर जारी किया गया था और नियम-कायदों के मुताबिक किसी भी मंदिर में नमाज अदा किए जाने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 22 मार्च, 2024





# ब्रेक लेने का अपना सपना भूल गया हूं

**हाल ही में मर्डर मुबारक में दिखाई देने वाले एक्टर पंकज त्रिपाठी ने कहा कि बेहतर प्रोजेक्ट्स में काम करने की उनकी जो इच्छा थी वह तो पूरी हो गई है, लेकिन वह छुट्टियों का आनंद नहीं ले पा रहे हैं।**

मौजूदा समय में भारतीय सिनेमा के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों में से एक पंकज ने गैंग्स ऑफ वासेपुर, फुकरे, न्यूटन, बरेली की बर्फी, मिमी, लूडो, मैं अटल हूं, स्त्री, मिर्जापुर और मर्डर मुबारक सहित कई अन्य फिल्मों में काम किया है। क्या पंकज अपना सपना जी रहे हैं? इस पर उन्होंने कहा, नहीं, इतना काम करने के बाद मुझे एहसास हुआ कि उस सपने के साथ-साथ मेरा एक और सपना भी था, जिसके बारे में मैं पूरी तरह से भूल चुका था, यह छुट्टियों पर जाने का था, जो सपना मैं पूरा नहीं कर पा रहा हूं। मैं इतना व्यस्त हो गया कि मुझे एहसास हुआ कि मैं छुट्टी नहीं ले रहा हूं। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के पूर्व छात्र पंकज इस बात से सहमत हैं कि वह अच्छे कंटेंट पर काम करने के अपने सपने को जी रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, लेकिन, उस सपने के साथ मेरा एक और सपना था कि मैं थोड़ा कम काम करूं, गुणवत्ता पर ध्यान देने के साथ अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दूं ,क्योंकि यह भी महत्वपूर्ण है। वर्क-लाइफ बैलेंस बहुत महत्वपूर्ण है। एक्टर नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई मर्डर मुबारक में दिखाई दे रहे हैं। पंकज त्रिपाठी जल्द ही मिर्जापुर 3, स्त्री 2 और मेट्रो... इन दिनों में दिखाई देंगे।









# पढ़ाई के मामले में पीछे रह गईं ये अभिनेत्रियां

**बॉलीवुड में कई अभिनेत्रियां अपनी अदाकारी के दम पर दर्शकों के दिलों पर राज करती हैं। फैंस को अभिनेत्रियों की निजी जिंदगी में बहुत दिलचस्पी होती है। ये अभिनेत्रियां कई फिल्मों में पढ़ी-लिखी महिला का किरदार किरदार का निभाती हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि असल जिंदगी में ये कितनी पढ़ी लिखी हैं। कुछ अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जिन्होंने अदाकारी में तो महारत हासिल कर रखी है, लेकिन पढ़ाई के मामले में पीछे रह गई हैं। आज हम इस खबर में आपको बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो कम पढ़ी-लिखी हैं।**

## करिश्मा कपूर

बॉलीवुड के कपूर खानदान की बेटी करिश्मा कपूर का नाम इस लिस्ट में सबसे पहले आता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि अपने जमाने की बेहतरीन हीरोहीन पढ़ाई के मामले में पीछे रह गई हैं। करिश्मा कपूर केवल पांचवी पास हैं। अभिनेत्री ने छठी क्लास में अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी थी और अभिनय की दुनिया ने कदम रखा था। फिल्मी करियर बनाने के दौरान अभिनेत्री अपनी पढाई जारी नहीं रख पाई थीं।

## आलिया भट्ट

आलिया भट्ट अपनी अभिनय के जरिए लगातार फैंस का दिल जीत रही हैं। आलिया ने बॉलीवुड में कई हिट फिल्में दी हैं। आलिया भट्ट ने स्टूडेंट ऑफ द ईयर से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म में आलिया कॉलेज स्टूडेंट थीं, लेकिन असल जिंदगी में अभिनेत्री ने कॉलेज का मुंह तक नहीं देखा है। दरअसल, आलिया भट्ट ने 12वीं पास करने के बाद ही पढ़ाई छोड़ दी थी। उन्हें लगातार फिल्मों के ऑफर मिल रहे थे, इसलिए उन्होंने पढ़ाई बीच में ही छोड़ने का फैसला लिया।

## सोनम कपूर

बॉलीवुड की स्टाइलिश अभिनेत्री और अनिल कपूर की बेटी सोनम कपूर ने भी अपनी पढ़ाई पूरी नहीं की है। दरअसल, उन्होंने 12वीं पास करने के बाद कॉलेज में एडमिशन करवाया था, लेकिन अपने फिल्मी करियर को बनाने के लिए बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी। सोनम कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि वे अपना फिल्मी करियर बनाने के लिए चार साल इंतजार नहीं करना चाहती थीं, इसलिए उन्होंने पढ़ाई छोड़ फिल्मी दुनिया में कदम रखा।

## कंगना रणौत

कंगना रणौत का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। बेबाक अपनी बात सामने रखने वाली अभिनेत्री कंगना रणौत भी पढ़ाई के मामले में पीछे हैं। अभिनेत्री ने 12वीं की परीक्षा तो दी, लेकिन पास नहीं कर पाई। फेल होने के बाद कंगना ने अपनी पढ़ाई छोड़ दी।



# पत्रकार के बाद अब पुलिस अफसर बनेंगी भूमि पेडनेकर

भूमि पेडनेकर की गिनती बॉलीवुड की उम्दा अभिनेत्रियों में होती है। हाल ही में रिलीज हुई उनकी फिल्म भक्षक को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस फिल्म को समीक्षकों की भी खूब वाहवाही मिली थी। भक्षक की सफलता के बाद भूमि अब एक और प्रोजेक्ट से लोगों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। वे अब दलदल नाम की वेब सीरीज से अपने अभिनय का जौहर दिखाएंगी। प्राइम वीडियो की इस सीरीज में भूमि पुलिस की वर्दी पहने नजर आएंगी। इस वेब सीरीज का निर्देशन अमृत राज गुप्ता ने किया है। निर्माताओं ने एक कार्यक्रम में शो के विवरण का खुलासा किया, जहां भूमि ने थ्रिलर सीरीज में काम करने का अपना अनुभव साझा किया। भूमि ने कहा, खुद को चुनौती देना मुझे अच्छा लगता है। मेरे लिए दलदल काफी चुनौतीपूर्ण रहा है... मैंने इस तरह की शैली में पहले कभी नहीं काम किया है। इसमें बहुत सारा शारीरिक परिश्रम शामिल था। इस सीरीज में भूमि डीसीपी रीता फरेरा की भूमिका में हैं, जो सीरियल किलिंग की जांच कर रही हैं। इस दौरान उनकी निजी जिंदगी में भी काफी कुछ बदलाव आते हैं। यह शो विश धमीजा के भिंडी बाजार पर आधारित है। उनकी हालिया रिलीज भक्षक की बात करें तो इस फिल्म में उन्होंने एक पत्रकार की भूमिका निभाई थी। फिल्म का निर्देशन पुलकित ने किया था। वहीं, इसका निमार्ण रेड चिलीज की ओर से किया गया था। फिल्म में संजय मिश्रा, आदित्य श्रीवास्तव और साई ताम्हणकर जैसे कलाकार नजर आए थे। इसे नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जा सकता है।



# जाह्नवी ने शुरू की राम चरण की मूवी

**साउथ सुपरस्टार राम चरण और अदाकारा जाह्नवी कपूर की अपकमिंग मूवी आरसी 16 चर्चा में हैं। सुपरस्टार राम चरण की ये मूवी अब फ्लोर पर पहुंच गई है। जिसकी आज हैदराबाद में पूजा सेरेमनी रखी गई। अदाकारा जाह्नवी कपूर इस दौरान यहां खूबसूरत साड़ी में देसी गर्ल का लुक लेकर पहुंची थीं। जबकि, सुपरस्टार राम चरण अपनी मूवी गेम चेंजर के ही लुक में नजर आए। दोनों सितारों की इस अपकमिंग फिल्म का कुछ दिनों पहले ही ऐलान किया गया था। अब इस फिल्म की शूटिंग भी मेकर्स ने शुरू कर दी है।**

## फ्लोर पर पहुंची आरसी 16

बता दें कि अभी तक मेकर्स ने राम चरण और जाह्नवी कपूर स्टारर इस फिल्म का नाम फाइनल नहीं किया है। इस मूवी को फिलहाल आरसी 16 कहकर ही पुकारा जा रहा है। यानी सुपरस्टार राम चरण के करियर की 16वीं फिल्म। राम चरण और जाह्नवी कपूर की इस फिल्म को लेकर फैंस का उत्साह पहले से ही सांतवे आसमान पर है। सुपरस्टार राम चरण की इस मूवी का निर्देशन बुची बाबू साना कर रहे हैं। जो साल 2021 में अपनी सुपरहिट मूवी उपेन्त्रा से बतौर निर्देशक करियर की शुरुआत कर चुके हैं। इस मूवी को दर्शकों ने खासा पसंद किया था। इससे पहले निर्देशक बुची बाबू साना ने सुकुमार के साथ राम चरण की ही सुपरहिट मूवी रंगास्थलम में भी काम किया था।

## कब रिलीज होगी आरसी 16


अभी तक आरसी 16 के मेकर्स ने इस फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया है। लेकिन एंटरटेनमेंट न्यूज की दुनिया से निकलकर सामने आ रहीं ताजा खबरों की मानें तो इस फिल्म को मेकर्स इसी साल दिसंबर तक सिनेमाघर पहुंचाने की तैयारी में हैं।

हालांकि ये डेडलाइन मेकर्स छू पाएंगे या नहीं। ये देखने वाली बात होगी। सुपरस्टार राम चरण और जाह्नवी कपूर स्टारर निर्देशक बुची बाबू साना की मूवी फिलहाल फ्लोर पर पहुंच चुकी है।

# नितेश तिवारी की रामायण में लक्ष्मण का किरदार निभाएंगे रवि दुबे



नितेश तिवारी की फिल्म रामायण को लेकर हर दिन नए अपडेट आते रहते हैं। जबसे इस फिल्म की अनाउंसमेंट हुई है तबसे फैंस इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। शुरुआत में ही रणबीर कपूर के भगवान राम बनने की खबर आ गई थी। इसके बाद से बाकी स्टार कास्ट को लेकर रोज खबरें आती रहती हैं। अब फिल्म में लक्ष्मण के किरदार को लेकर खबर आ रही है। ऐसा कहा जा रहा है कि लक्ष्मण के किरदार के लिए फेमस टीवी एक्टर और प्रोड्यूसर को चुना गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रवि दुबे को लक्ष्मण के किरदार के लिए चुना है। हालांकि इस बारे में ना तो फिल्ममेकर और ना ही एक्टर की तरफ से कोई कमेंट आया है। वैसे रवि काफी टैलेंटेड एक्टर हैं। उन्होंने 12/24 करोल बाग, सास बिना ससुराल, परवरिश जैसे शोज किए हैं। हालांकि शो जमाई राजा से रवि के करियर का टर्निंग पॉइंट आया। इस शो से उन्हें बहुत पॉपुलैरिटी मिली। कुछ समय से रवि बतौर प्रोड्यूसर काम कर रहे हैं। वह उड़ारियां, स्वरण घर, जूनियत जैसे शोज प्रोड्यूस कर चुके हैं। उनके सभी शोज को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है दर्शकों से। उड़ारियां शो तो साल 2021 से शुरू हुआ था और अब तक चल रहा है। फिल्म की बात करें तो रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें सई पल्लवी सीता का किरदार निभा सकती हैं। वहीं सुपरस्टार यश, रावण का। कुछ दिनों पहले यह भी खबर आई थी कि फिल्म में हरमन बावेजा, विभिषण का किरदार निभाएंगे। रामायण को लेकर कहा जा रहा है कि इस राम नवमी पर फिल्म की अनाउंसमेंट की जाएगी।



# पहली बार कपिल शर्मा के शो में शिरकत करेंगे आमिर खान

कपिल शर्मा पिछले कई सालों से टीवी की दुनिया में नं.1 कॉमेडियन बने हुए हैं। लोगों को उनकी कॉमेडी का अंदाज बेहद पसंद आता है। अब वे जल्द ही एक बार फिर दर्शकों को हंसी के फव्वारों में भिगोने को तैयार हैं। कपिल अपना नया कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो लेकर आ रहे हैं। हालांकि आप इसका मजा टीवी के बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म पर ले सकेंगे। इस शो को लेकर फैंस में काफी क्रेज नजर आ रहा है। शो में लंबे समय के बाद कपिल और सुनील ग्रोवर की जोड़ी देखने को मिलेगी। पूर्व में दोनों के बीच विवाद हो गया था। शो में कपिल की टीम के परमानेंट मेंबर कीकू शारदा, कृष्णा अभिषेक, राजीव ठाकुर और अर्चना पूरन सिंह भी नजर आएंगी।

इस बीच शो को लेकर एक बड़ी खबर का पता चला है। इसमें गेस्ट सेलेब्रिटी के रूप में सुपरस्टार आमिर खान शिरकत करेंगे। गौरतलब है कि आमिर आज तक कपिल के शो में नहीं आए। कपिल को पहली बार आमिर के साथ मस्ती का मौका मिलेगा।

जानकारी के मुताबिक एक सूत्र ने बताया कि आमिर कभी भी कपिल के कॉमेडी शो का हिस्सा नहीं बने हैं लेकिन ऐसा पहली बार होगा जब आप उन्हें कपिल के शो में देखेंगे। कपिल का ये शो नेटफ्लिक्स पर 30 मार्च से स्ट्रीम होगा और हर शनिवार इसका नया एपिसोड अपलोड किया जाएगा। आमिर के अलावा अंग्रेजी सिंगर एड शीरन के भी शो में आने को लेकर चर्चाएं तेज हैं।

# तृप्ति डिमरी ने भूल भुलैया 3 पर दिया अपडेट

**अपने लाजवाब अभिनय और हुस्न के दम पर नेशनल क्रश का दर्जा हासिल करने वाली एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी ने अपनी अपकमिंग फिल्म भूल भलैया 3 को लेकर लेटेस्ट जानकारी साझा की है।**

इस फिल्म में उनके साथ रुपहले पर्दे पर सह-अभिनेता कार्तिक आर्यन भी अपनी जबरदस्त एक्टिंग का जलवा बिखेरते हुए नजर आएंगे। यह फिल्म कैसी होगी? इस बारे में एक्ट्रेस ने कहा, इसमें आपको कई रहस्यमय दृश्य के साथ-साथ कई डरावने और कॉमेडी भरे सीन्स भी देखन को मिलेंगे। एक्ट्रेस ने आगे कहा, इसमें कोई दो मत नहीं है कि यह फिल्म बिल्कुल ताजातरीन होगी। हालांकि, फिल्म के बारे में अन्य जानकारियों का इंतजार है। फिल्म में विद्या बालन भी हैं। हिंदी हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी फिल्म भूल भुलैया का यह तीसरा पार्ट है। इसका पहला भाग प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित किया गया था और 2007 में रिलीज़ हुआ था। इसमें अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में थे। दूसरा पार्ट 2022 में रिलीज़ हुआ। फिल्म में कार्तिक के साथ कियारा आडवाणी और तब्बू थीं। रणबीर-कपूर-स्टारर एनिमल रिलीज होने के ठीक बाद तृप्ति का करियर ग्राफ बदल गया। उन्होंने बुलबुल, काला और लैला मजनू जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय किया है। वह विक्की कौशल और एमी विर्क के साथ बैड न्यूज में भी नजर आएंगी।






## संक्षिप्त समाचार

### बेटे गौतम के घर पहुंचे सिंघानिया

#### नौ साल बाद एक साथ दिखाई दिए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कभी पिता को घर से निकालने तो कभी प प्रतिशती नवाज मोदी की पिटाई को लेकर चर्चा में रहे रेमंड कंपनी के मालिक गौतम सिंघानिया एक तस्वीर को लेकर फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार उनकी आलोचना नहीं, बल्कि तारीफ हो रही है।





उन्होंने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें वह पिता विजयपत सिंघानिया के साथ दिखाई दे रहे हैं। गौतम ने सोशल मीडिया में तस्वीर पोस्ट कर लिखा कि आज अपने पापा को घर पर पाकर और उनका आशीर्वाद लेकर खुश महसूस कर रहा हूं। 2017 में खबर आई थी कि गौतम ने पिता को जेके हाउस बिल्डिंग से बाहर निकाल दिया है। करीब 9 साल के बाद वह बेटे गौतम के घर पहुंचे।

**गौतम पिता विजयपत सिंघानिया के साथ–** 2015 में कंपनी की बागडोर विजयपत ने बेटे गौतम को सौंपी, लेकिन उसके बाद उनकी बेटे से तल्खी बढ़ गई। उन्होंने कहा था कि उन्होंने बेटे को सब कुछ देकर गलती की है। माता–पिता को अपने बच्चों को सब कुछ देने से पहले बहुत सावधानी से सोचना चाहिए।

### 69.2 करोड़ महिलाओं में से 37 प्रतिशत को मिला रोजगार

#### हैदराबाद सहित ये शहर हैं सबसे आगे

नईदिल्ली, एजेंसी। देश में करीब 69.2 करोड़ महिलाओं की आबादी में से लगभग 37 फीसदी सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। करिअर नेट की रिपोर्ट के अनुसार, हैदराबाद, पुणे और चेन्नई जैसे शहर महिला रोजगार के मामले में शीर्ष पर हैं। 2022 की तुलना में 2023 में जूनियर स्तर



पर और कंपनियों के बोर्ड में महिलाओं के प्रतिनिधित्व में 2–5 फीसदी की वृद्धि हुई। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में कॉलेजों से निकली प्रतिभाओं में से 40 फीसदी महिलाएं थीं। तीन और सात वर्ष के अनुभव वाली महिला उम्मीदवारों का कुल नियुक्तियों का 20–25 फीसदी है। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर को छोड़कर देश के अधिकांश प्रमुख शहरों में महिलाओं की नियुक्ति अनुपात में मामूली वृद्धि हुई है।

# गैर-बासमती चावल की कीमतों में गिरावट आई

**● मार्च के महीने में 10 फीसदी तक कम हुए भाव ● जमाखोरी पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने उठाए कदम**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए केंद्र सरकार भारत आटा और भारत दाल के बाद अब 'भारत चावल' भी बेच रही है। लेकिन इस कदम से चावल कारोबारियों के पसीने छूट रहे हैं। मार्च में गैर-बासमती चावल की कीमतों में लगभग 10 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। इसके अलावा जमाखोरी पर लगाम लगाने के लिए कारोबारियों से हर हफ्ते चावल का स्टॉक घोषित करने के लिए भी कहा गया है। व्यापारियों का कहना है कि इससे उनके कारोबार पर असर पड़ा है। लोकसभा चुनाव के रिजल्ट घोषित होने से पहले उन्हें प्रतिबंधों में ढील दिए जाने की कोई उम्मीद नहीं है। चावल एक्सपोर्ट करने वाली कंपनी राइस विला के एमडी सूरज अग्रवाल का कहना है कि सरकार द्वारा भारत चावल की बिक्री के साथ चावल और धान के स्टॉक घोषित करने की पॉलिसी की वजह से गैर-बासमती चावल की कीमत में 10 प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि सरकार के इन उपायों की घोषणा के बाद मार्केट सेंटिमेंट को धक्का लगा है।

त्रिशूर स्थित मलघा ट्रेडर्स के एमडी जीतू सीडी का कहना है कि साल के इस समय कीमतें आम तौर पर बढ़ जाती हैं। लेकिन इस साल हम कीमतों में गिरावट देख रहे हैं। मार्च में गैर-बासमती चावल की कीमतों में भले ही गिरावट आ गई हो, लेकिन अभी रिटेल बाजार में चावल की कीमतों पर असर नहीं पड़ा है। जानकारों के मुताबिक, रिटेल बाजार में चावल अभी उसी रेट में ही बिक रहा है। रिटेल बाजार में चावल के भाव अभी कम नहीं हुए हैं।





### सरकार रियायती दरों पर बेचेगी

केंद्र सरकार का पूरा फोकस सस्ती कीमत पर आम उपभोक्ताओं के पास चावल पहुंचाना है। इसलिए भारत चावल 5 किलोग्राम और 10 किलोग्राम के पैक में बेचा जा रहा है। इसकी कीमत 29 रुपये प्रति किलोग्राम रखी गई है। वहीं, पिछले रविवार को केंद्र सरकार ने घोषणा की कि सरकार आम चुनाव से पहले देश भर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर मोबाइल वैन के माध्यम से रियायती दरों पर भारत आटा और भारत चावल बेचेगी। उधर, केंद्र के इस किफायती कदम का मुकाबला करने के लिए, केरल सरकार ने सबरी के चावल लॉन्च किया है। इसे राज्य द्वारा संचालित आउटलेट्स के माध्यम से 29 रुपये और 30 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचा जाएगा।

### क्या निर्यात हुआ है प्रभावित

अग्रवाल का कहना है कि सुगंधित गोबिंदभोग चावल की कीमत जो 65 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही थी। वह होलसेल पर गिरकर 55 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। अग्रवाल ने कहा पिछले साल लागू सरकारी प्रतिबंधों के कारण गैर–बासमती चावल का निर्यात भी प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि सप्लाई साइड मजबूत है, लेकिन एक्सपोर्ट मार्केट में डिमांड कम है।

**देश की 5 महिलाएं चला रहीं बड़े स्टार्टअप**

# बुलंदियों पर पहुंचाया कारोबार, करोड़ों में है टर्नओवर



नईदिल्ली, एजेंसी। महिलाओं के नेतृत्व वाले ये स्टार्टअप तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ये स्टार्टअप अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। वहीं इससे हजारों लोगों को रोजगार भी मिला है। स्टार्टअप में अब महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ रही है। आज हम आपको ऐसे ही बड़े स्टार्टअप के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें महिलाएं चला रही हैं।

### वंदना लूथरा

वंदना लूथरा देश की सबसे बड़े और प्रतिष्ठित भारतीय उद्यमियों में से एक है। वह वीएलसीसी हेल्थ केयर लिमिटेड की संस्थापक और ब्यूटी एंड वेलनेस सेक्टर स्किल एंड काउंसिल की चेयरपर्सन भी हैं। उन्हें पहली बार 2014 में इस क्षेत्र की अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। यह भारत सरकार का एक उपक्रम है जो सौंदर्य उद्योग के लिए कौशल प्रशिक्षण प्रदान करता है। वीएलसीसी देश के सर्वश्रेष्ठ सौंदर्य और कल्याण सेवा उद्योगों में से एक है। यह आज दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया, जीसीसी क्षेत्र और पूर्वी अफ्रीका में 13 देशों के 153 शहरों में 326 स्थानों पर इसका संचालन और संचालन हो रहा है। वीएलसीसी शुरू करने के बाद से उनका दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत उनकी ताकत रही है।

### फाल्गुनी नायर

लोग जिस उम्र में रिटायरमेंट की प्लानिंग शुरू करते हैं फाल्गुनी नायर ने बिजनेस की दुनिया में कदम रखा था। करीब दो दशक तक बैंकिंग सेक्टर में काम करने के बाद फाल्गुनी ने 50 साल की उम्र में ब्यूटी–वेलनेस प्रोडक्ट बेचने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म नायका की शुरुआत की। आज वह देश की सबसे अमीर महिला सीईओ हैं। उन्हें भारतीय स्टार्टअप की क्वीन कहा जाता है। उन्हें विरासत में मिली किसी कंपनी या माता पिता के पैसों के बलबूते अपना ये मुकाम नहीं बनाया बल्कि उन्होंने अपनी कामयाबी की कहानी खुद लिखी है।

### गजल अलघ

गजल अलघ को जब अपने बेटे के लिए टॉक्सिन फ्री प्रोडक्ट नहीं मिले, तो उन्हें टॉक्सिन फ्री बेबी प्रोडक्ट्स बनाने का आइडिया आया। इसके बाद उन्होंने अपने पति वरुण के साथ मिलकर साल 2016 में होनासा कंज्यूमर प्राइवेट लिमिटेड नाम से स्टार्टअप शुरू कर दिया। बेबीकेयर प्रोडक्ट्स से शुरू हुए मामाअर्थ के पास अब काफी बड़ी प्रोडक्ट रेंज है। मामाअर्थ में अब बेबीकेयर, स्किन केयर और ब्यूटी सेगमेंट में कई सारे प्रोडक्ट हैं। होनासा कंज्यूमर साल 2022 में यूनिकॉर्न बन गई थी।

### राजोशी घोष

राजोशी घोष बेंगलुरु और यूएस बेस्ड ओपन सोर्स इंजन हसूरा कंपनी की सीईओ और सह–संस्थापक हैं। हसूरा भारत में ऐप डेवलपमेंट को बदलने में सबसे आगे है। राजोशी घोष ने साल 2017 में हसुरा की स्थापना की थी।

# लोकसभा चुनाव के बाद बाजार में आ सकता है 100 अरब डॉलर का विदेशी निवेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में आम चुनावों के बाद शेयर बाजार में 100 अरब डॉलर का निवेश विदेशी निवेश आ सकता है। जेपी मॉर्गन ने कहा कि अर्थव्यवस्था की आशाजनक विकास संभावनाओं और अमेरिका के फेडरल रिजर्व की दर में कटौती की संभावना के चलते भारतीय बाजार आकर्षक बना हुआ है।

जेपी मॉर्गन के एक अधिकारी ने एक इंटरव्यू में बुधवार को कहा, भारत के 4.3 लाख करोड़ डॉलर वाले शेयर बाजार में वैश्विक फंड की स्थिति हल्की बनी हुई है। निवेशक बाजार के किसी भी सुधार को होल्डिंग बढ़ाने के अवसर के रूप में उपयोग करेंगे। विदेशी निवेशक पिछले दो ढाई साल से अपने निवेश को बहुत ज्यादा नहीं बढ़ाए हैं। वे एक स्पष्ट और मजबूत अवसर के इंतजार में हैं। विदेशी निवेशक विकास आधारित नीतियों या सुधारों के आधार पर बाजार में निवेश बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में इस पर ज्यादा जोर दिया जा सकता है। इसलिए चुनावों के बाद नई सरकार के आने पर विदेशी निवेशक भारतीय बाजार में अच्छा खासा निवेश कर सकते हैं।



### गोल्डमैन का भी निवेश का अनुमान

जेपी मॉर्गन से पहले गोल्डमैन सैश ने भी कहा है कि नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने से इस दशक में भारत तेज विकास करेगा। मोदी सरकार ने बाजार-अनुकूल नीतियों को जारी रखने, बुनियादी ढांचे पर खर्च करने और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा देने का वादा किया है।

### भारत सबसे आगे रहेगा

कई निवेशकों का तर्क है कि अर्थव्यवस्था की बेहतर विकास संभावनाओं और राजनीतिक स्थिरता को देखते हुए भारत दूसरे उभरते बाजारों की तुलना में आगे रह सकता है। गोल्डमैन के एशिया के इक्विटी रणनीतिकार सुनील कौल ने कहा, वैश्विक फंड भारत में निवेश बढ़ाने के इच्छुक हैं। बेहतर अवसर की तलाश में हैं। हमें उम्मीद है कि साल के उत्तरार्ध में विदेशी प्रवाह बढ़ेगा, क्योंकि चुनाव हो चुका होगा। साथ ही, केंद्रीय बैंक दरों को घटाएंगे।

# चार्ज्ड बाय थम्स अप ने नया स्ट्राबेरी फ्लेवर पेश किया

**- नये कैम्पेन 'माइंड चार्ज्ड, बॉडी चार्ज्ड' में आमिर खान और दर्शील सफारी हैं**




**मुंबई, एजेंसी।** द कोका-कोला कंपनी के नये बेवरेज ब्राण्ड चार्ज्ड बाय थम्स अप ने अपने नये कैम्पेन ''माइंड चार्ज्ड, बॉडी चार्ज्ड'' से पर्दा हटा दिया है। इसमें आमिर खान और दर्शील सफारी नजर आ रहे हैं।

नई चार्ज्ड फिल्म की परिकल्पना ऑगिल्वी ने की है। इसमें आमिर खान और दर्शील सफारी देखने में आकर्षक एक कहानी में नजर आते हैं। इस फिल्म में आमिर बड़े से बड़े हालात में विभिन्न अवतार लिये दिखते हैं। इसका मतलब यह दिखाने से है कि चार्ज्ड कैसे असंभव और बड़ी उपलब्धियों को हासिल करना संभव बनाता है। इनमें शारीरिक चुस्ती और दिमागी सतर्कता, दोनों चाहिये होती हैं। कैम्पेन में इस प्रोडक्ट के असर दिखाए गये हैं। जनरेशन-जेड इसे लेकर जिन्दगी की चुनौतियों का सामना करते हुए उन्हें जीतने की ताकत पा सकती है।

इस कैम्पेन के बारे में कोका-कोला इंडिया एण्ड साउथ-वेस्ट एशिया में स्पार्कलिंग फ्लेवर्स की सीनियर कैटेगरी हेड टिश कोंडेनो ने कहा, 'हमने चार्ज्ड बाय थम्स अप के नये स्ट्राबेरी वैरिएंट की पेशकश की है। हमारा लक्ष्य लगातार कुछ ना कुछ नया करने और उपभोक्ताओं को अनुभव देने का है। इस कैम्पेन के साथ हम महान अभिनेता आमिर खान का 17 साल बाद फिर से कोका-कोला फैमिली में स्वागत करते हुए उत्साहित हैं। वह दर्शील सफारी के साथ चार्ज्ड की खूबियाँ लेकर आ रहे हैं। इसमें पुरानी यादों और रोमांच का भाव है।'' इस कैम्पेन के साथ जुड़ने के बारे में आमिर खान ने कहा, ''यह सचमुच एक मजेदार स्क्रिप्ट है और इसके कॉन्सेप्ट ने मुझे यकीनन 'चार्ज्ड' कर दिया। मुझे इस पर काम करने में वाकई मजा आया। मैं दोबारा थम्स अप/ कोक फैमिली का हिस्सा बनकर खुश हूँ। मुझे इस कैम्पेन के लोगों तक पहुँचने और दर्शकों की प्रतिक्रिया का इंतजार है।''

# एशियन ग्रेनिटो इंडिया लिमिटेड ब्रांड एजीएल के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में रणबीर कपूर का स्वागत करती है

**अहमदाबाद, एजेंसी।** भारत की अग्रणी टाइल्स, इंजीनियर्ड मार्बल, क्वार्ट्ज और बाथवेयर ब्रांड्स में से एक एशियन ग्रेनिटो इंडिया लिमिटेड (एजीएल) बॉलीवुड हार्टथ्रोब रणबीर कपूर को अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में साइन करने की गर्व से घोषणा करता है। अपने आकर्षण, बहुमुखी प्रतिभा और युवापन के लिए पहचाने जाने वाले रणबीर कपूर पूरी तरह से इनोवेटिव, डायनेमिक और लगातार विकसित होने वाली एशियन ग्रेनिटो की भावना का प्रतीक हैं। वर्षों की उत्कृष्टता के आधार पर बनाई गई एक मजबूत और अटल प्रतिष्ठा के साथ, एशियन ग्रेनिटो इंडिया लिमिटेड सीमाओं को पार करके और उद्योग में नए स्टान्डर्ड्स स्थापित करना जारी रखती है। रणबीर कपूर के साथ पार्टनरशिप उत्कृष्टता और नवीनता के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है, जो एक रोमांचक भविष्य का वादा करती है। एक युवा और सबसे तेजी से बढ़ती ब्रांड के रूप में एशियन ग्रेनिटो इंडिया लिमिटेड अपनी प्रोडक्ट्स के इनोवेटिव और रिच कलेक्शन के साथ सीमाओं से आगे बढ रही है और सबसे आगे रहने के लिए प्रतिबद्ध है।




# भारत में म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की बढ़ती क्षमता और निवेशक लाभ उठा सकते हैं: निमेश शाह

**जबलपुर में एमएफडी बैठक में निमेश शाह द्वारा दी गई महत्वपूर्ण जानकारी**

**जबलपुर, एजेंसी।** जबलपुर के म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स के साथ एक ज्ञानवर्धक सत्र (नॉलेज शेयरिंग सेशन) में, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड के एमडी और सीईओ निमेश शाह ने महत्वपूर्ण जानकारियां सांझा करते हुए बताया कि भारत में म्यूचुअल फंड (एमएफ) इंडस्ट्री की बढ़ती क्षमता और निवेशक इससे कैसे लाभ उठा सकते हैं। एमएफ सेक्टर की शानदार ग्रोथ के बारे में बात करते हुए, शाह ने पिछले दशक में भारतीय बैंकिंग प्रणाली के 10त्न से प्रभावशाली 25त्न तक के महत्वपूर्ण परिवर्तन पर जोर दिया और यह ट्रांजेक्टरी डिस्ट्रीब्यूटर कम्युनिटी के लिए अच्छा संकेत है।

भारत के विकास पथ को रेखांकित करते हुए, शाह ने म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के विकास में विश्वास व्यक्त किया। जैसे-जैसे इंडस्ट्री बढ़ती है, यह स्पष्ट है कि लोगों को मदद की आवश्यकता होगी और रिटेल निवेशकों को लॉन्गटर्म सपोर्ट प्रदान करने की दिशा में यहां डिस्ट्रीब्यूटर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे भारतीय इक्विटी में एफआईआई की हिस्सेदारी 23त्न से गिरकर 17त्न हो गई है। उनका मानना है कि यह भारतीय निवेशकों के लिए म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में अपनी स्थिति बनाने का एक शानदार अवसर है।



शाह ने चीन के लिए एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में भारत की स्थिति पर भी चर्चा की और हितों को बिजनेस में बदलने के अवसरों और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। वह देश में बैंकिंग और एनबीएफसी सेक्टर को लेकर सकारात्मक थे।

आईपीएल 2024 - चेन्नई सुपर किंग्स

# कप्तान की जिम्मेदारी से मुक्त हुए महेंद्र सिंह धोनी



## रुतुराज गायकवाड़ को बनाया नया कप्तान

**चेन्नई (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 के शुरू आज से शुरु हो गया। मैच से एक दिन पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने अपना कप्तान बदल दिया है। आईपीएल के पहले सीजन से महेंद्र सिंह धोनी टीम के कप्तान हैं। हालांकि बीच में रविंद्र जडेजा को यह जिम्मेदारी मिली थी लेकिन फेल होने की वजह से फिर धोनी कप्तान बना दिए गए थे। पिछले साल महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में टीम ने खिताब जीता था। धोनी 42 साल के हो चुके हैं। ऐसे में फ्रेंचाइजी ने उनकी जगह नए कप्तान का ऐलान कर दिया है। सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ टीम के नए कप्तान होंगे। वह भारतीय टीम की कप्तानी भी कर चुके हैं। चेन्नई को सीजन का पहला मैच 22 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ खेलना है।


### रुतुराज को भी कप्तानी का अनुभव

रुतुराज गायकवाड़ ने भले ही आईपीएल में कप्तानी नहीं की है लेकिन उनके पास भारत की कप्तानी करने का अनुभव है। एशियन गेम्स में भारत ने उनकी ही कप्तानी में गोल्ड मेडल जीता था। वह घरेलू क्रिकेट में महाराष्ट्र की भी कप्तानी करते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स में वह पहली बार 2020 सीजन में शामिल हुए थे। तब उनकी सैलरी 20 लाख रुपये थे। आईपीएल 2024 से पहले फ्रेंचाइजी ने 6 करोड़ रुपये में उन्हें रिटेन किया था। रुतुराज आईपीएल 2021 में ऑरेंज कैप भी जीत चुके हैं।

### जडेजा का एक्सपेरिमेंट फेल रहा था

यह पहला मौका नहीं है जब चेन्नई सुपर किंग्स ने कप्तान बदला है। 2022 सीजन से पहले महेंद्र सिंह धोनी ने कप्तानी छोड़ी और रविंद्र जडेजा को जिम्मेदारी दी गई। टीम को पहली जीत हासिल करने में 5 मैच लग गए। जडेजा का प्रदर्शन भी खराब हो रहा था। ऐसे में महेंद्र सिंह धोनी ने बीच सीजन में कप्तानी वापस ले ली।

### धोनी लीग के सबसे सफल कप्तान



महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तान हैं। 2008 में चेन्नई सुपर किंग्स ने धोनी को 6 करोड़ रुपये में खरीदा था। वह सबसे महंगे खिलाड़ी थे और टीम ने अपना कप्तान भी बनाया। उन्होंने कुल 226 मैचों में कप्तानी की है और 133 जीत हासिल की। 91 मैच में उनकी टीम हारी और 2 मैच बेनतीजा रहे। इसमें राइजिंग पुणे सुपर जायंट्स के मैच भी शामिल हैं। चेन्नई की बात करें तो उन्होंने 212 मैचों में कप्तानी की है और 128 मैच जीते हैं। चेन्नई के लिए धोनी कप्तान के रूप में 5 खिताब जीत चुके हैं। रोहित शर्मा के साथ धोनी सबसे ज्यादा ट्रॉफी जीतने वाले कप्तान भी हैं।

आईपीएल 2024 में आज

# आरसीबी के खिलाफ जीत के साथ आगाज करने उतरेगी चेन्नई सुपर किंग्स



**चेन्नई (एजेंसी)।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की मौजूदगी वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का सामना इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सत्र के पहले मैच में शुक्रवार को रुतुराज गायकवाड़ की चेन्नई सुपर किंग्स से होगा तो दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट की सौगात मिलने की गारंटी रहेगी हालांकि दोनों टीमों के सामने कई यक्षप्रश्न टूर्नामेंट से पहले ही खड़े हैं।

पांच बार की चैम्पियन पिछली विजेता चेन्नई की नजरें रिकॉर्ड छठे खिताब पर है। दूसरी ओर महिला प्रीमियर लीग में अपनी टीम के खिताब जीतने के बाद अब आरसीबी की पुरूष टीम भी इस कमी को पूरा करना चाहेगी। लेकिन दोनों टीमों के सामने कई अनुत्तरित प्रश्न हैं। चेन्नई की कमान गायकवाड़ को सौंपी गई है जो 42 वर्ष के एमएस धोनी की छत्रछाया में टीम का नेतृत्व करेंगे। उम्र के साथ बतौर बल्लेबाज धोनी की चपलता में कमी आई है। ऐसे में युवाओं पर प्रदर्शन की महती जिम्मेदारी होगी।

अंगूठे की चोट के कारण आईपीएल के शुरूआती मैचों से बाहर डेवोन कोंवे की जगह न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र ने ली है। वहीं मध्यक्रम में उनके हमवतन डेरिल मिचेल होंगे। अनुभवी अजिंक्य रहाणे और युवा रूतुराज गायकवाड़ पर मध्यक्रम में रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। गायकवाड़ ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महाराष्ट्र के लिए सर्वाधिक रन बनाए थे। चेन्नई की ताकत उसके हरफनमौला और स्पिनर हैं जो चिदंबरम स्टेडियम की पिच पर कहर बरपा सकते हैं। रविंद्र जडेजा, मिचेल सेंटनेर, मोईन अली, रविंद्र, महीष तीक्षणा की गेंदबाजी यहां बेहद असरदार साबित होगी।

सीएसके के पास दीपक चाहर और शार्दुल ठाकुर जैसे कुशल तेज गेंदबाज भी हैं। श्रीलंका के मथीषा पथिराना शुरूआती कुछ मैच नहीं खेल सकेंगे जिन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला के दौरान चोट लगी थी। डैथ ओवरों में चेन्नई को उनकी कमी खलेगी। आरसीबी ने इस मैदान पर चेन्नई को 2008 से नहीं हराया है। दो महीने के ब्रेक के बाद मैदान पर लौट रहे विराट कोहली और कप्तान फाफ डु प्लेसी पर रन बनाने की जिम्मेदारी होगी।

कैमरन ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल भी टीम में हैं। तेज गेंदबाजों में उनके पास मोहम्मद सिराज, लॉकी फर्ग्युसन, अलजारी जोसेफ, आकाश दीप और रीसे टॉपली हैं। स्पिन गेंदबाजी में वानिंदु हसरंगा की कमी महसूस होगी लेकिन मैक्सवेल के पास अनुभव है। कर्ण शर्मा, हिमांशु शर्मा और मयंक डागर को मैच अभ्यास नहीं मिल सका है।

### संभावित प्लेइंग 11

**सीएसके** - मथीशा पथिराना, एमएस धोनी, शिवम दुबे, डेरिल मिशेल, दीपक चाहर, शार्दुल ठाकुर, अजिंक्य रहाणे, ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), रवीन्द्र जड़ेजा, तुषार देशपांडे, महेश थीक्षणा

**आरसीबी** - मयंक डागर, विराट कोहली, महिपाल लोमरोर, मोहम्मद सिराज, रजत पाटीदार, अल्जारी जोसेफ, कैमरून ग्रीन, ग्लेन मैक्सवेल, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), सुयश प्रभुदेसाई, फाफ डु प्लेसिस (कप्तान)

**समय** - 22 मार्च, 8 आठ बजे से।

**लाइव स्टीमिंग** - जियो सिनेमा ऐप और वेबसाइट

**टीवी चैनल** - स्टार स्पोर्ट्स

# स्टार फुटबॉलर रोबिन्हो बलात्कार का दोषी करार, 9 साल जेल की सजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी फारवर्ड रोबिन्हो को ब्राजील में बलात्कार के लिए नौ साल की जेल की सजा काटनी होगी, अदालत ने फैसला सुनाया। 2017 में रोबिन्हो को 2013 में 22 वर्षीय अल्बानियाई महिला के समूह यौन उत्पीड़न में इटली में नौ साल जेल की सजा सुनाई गई थी, जब वह एसी मिलान के लिए खेलते थे। लेकिन उस समय वह पहले ही अपनी मातृभूमि ब्राज़ील की यात्रा कर चुका था, जो अपने नागरिकों का प्रत्यर्पण नहीं करता है। परिणामस्वरूप, इटली ने उसे उसके गृह राष्ट्र में कारावास की मांग की। रिपोर्ट के अनुसार ब्राजील की एक अदालत ने इटली के अनुरोध के बाद अब फैसला सुनाया है कि उसे ब्राजील में जेल की सजा काटनी होगी, ब्राजील के सुपीरियर कोर्ट ऑफ जस्टिस के न्यायाधीशों ने रोबिन्हो की सजा को मान्य करने के लिए 9-2 से मतदान किया। सुपीरियर ट्रिब्यूनल ऑफ जस्टिस (एसटीजे) मामले में डाले गए 10 वोटों में से आठ रोबिन्हो की गिरफ्तारी और घरेलू धरती पर सजा काटने के पक्ष में थे।



रोबिन्हो के वकील जोस एडुआर्डो एल्कमिन ने अदालत में कहा कि उनका मुवक्किल राष्ट्रीय संप्रभुता के आधार पर ब्राजील में पुनर्विचार चाहता है, जो देश के सर्वोच्च न्यायालय में संभावित अपील का संकेत देता है। पूर्व ब्राजीलियाई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जिनके पास 100 राष्ट्रीय कैप हैं, ने रियल मैड्रिड के साथ अपने चार साल के कार्यकाल के दौरान दो ला लीगा चैंपियनशिप जीतीं। बाद में सितंबर 2008 में स्थानांतरण की समय सीमा के दिन ₤32.5 मिलियन के तत्कालीन ब्रिटिश रिकॉर्ड शुल्क पर उनका स्थानांतरण मैनचेस्टर सिटी में हो गया।

# अयोध्या स्थित राम मंदिर पहुंचे केशव महाराज, आईपीएल से पहले लिया भगवान का आशीर्वाद

**अयोध्या (एजेंसी)।** प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें संस्करण से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) कैंप से जुड़ने के बाद दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर केशव महाराज ने गुरुवार को अयोध्या में राम मंदिर का दौरा किया।

बाएं हाथ के स्पिनर ने सोशल मीडिया पर अयोध्या दौरे की एक तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा, सभी को जय श्री राम का आशीर्वाद। महाराज आईपीएल 2024 के लिए लखनऊ टीम के साथ प्रशिक्षण लेने के लिए तैयार हैं, लेकिन वह टीम के आधिकारिक सदस्य नहीं होंगे।



इससे पहले महाराज ने 22 जनवरी को राम मंदिर के अभिषेक से पहले इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया था जिसमें उन्होंने कहा था, अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन का इंतजार कर रहा हूं। यह सभी के लिए शांति और ज्ञान लाए। एलएसजी अपने आईपीएल 2024 सीज़न की शुरुआत 24 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ करेगा।

आईपीएल 2024 आज से शुरु

# क्रिकेट के सबसे बड़े टूर्नामेंट में भारत के सितारों पर रहेंगी नजरें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलें, 16 साल से खिताब नहीं जीत पाने की विराट कोहली की कसक, जिंदगी से दूसरा मौका पाकर मैदान पर उतर रहे ऋषभ पंत और कप्तानी छिनने का रोहित शर्मा का दर्द। ये सारी कहानियां शुक्रवार से शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर को और रोचक बनाने के लिए काफी होंगी।

धोनी 42 बरस की उम्र में भी आईपीएल के सदाबहार कप्तान हैं और उनसे जब पूछा जाएगा कि क्या यह उनका आखिरी टूर्नामेंट है तो शायद एक बार फिर वह मुस्कुराकर रह जाएगे। उनके वारिस माने जाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज पंत भयावह कार दुर्घटना में जीवनदान पाकर मैदान पर लौट रहे हैं और दुनिया को दिखाना चाहेंगे कि उनकी बाजुओं में अभी भी वही दम है। अपने बिंदास मुंबइया अंदाज के पीछे दर्द छिपाने वाले रोहित वानखेड़े स्टेडियम पर उतरेंगे लेकिन इस बार कप्तान नहीं होंगे। दर्शकों के चहेते रोहित अपने बल्ले से सारे मलाल निकालने को आतुर होंगे।

'किंग कोहली' की नजरें खिताब पर होंगी जिसके लिए वह 16 साल से इंतजार कर रहे हैं। एक ही टीम के लिए शुरू से खेल रहे आईपीएल के इकलौते खिलाड़ी कोहली का जुनून उनकी टीम के लिए टॉनिक का काम करेगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की महिला टीम ने हाल ही में महिला प्रीमियर लीग खिताब जीता है। कम से कम 10 से 12 खिलाड़ी चयनकर्ताओं के सामने अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे ताकि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप का टिकट कटा सकें।



पूरी दुनिया को क्रिकेट के रंग में रंगने वाले इस सालाना जलसे में कुछ खिलाड़ी वापसी करेंगे तो कुछ नये सितारे उभरेंगे, कुछ फर्श से अर्श तक की कहानियां निकलेंगे तो कई सितारे जमींदोज भी हो सकते हैं। एक ओवर में इस खेल में तकदीरें बदल जाया करती हैं। हर मैच के बाद खिलाड़ियों को सोशल मीडिया की बेरहमी भी झेलनी होगी। पैट कमिंस (सनराइजर्स हैदराबाद) और मिचेल स्टार्क (कोलकाता नाइट राइडर्स) जैसे महंगे बिके खिलाड़ियों पर अपेक्षाओं पर खरे उतरने का भारी दबाव होगा।

एक बार फिर चेन्नई सुपर किंग्स छठे खिताब के प्रबल दावेदारों में होगी। उनके चहेते 'थाला' को विषम परिस्थितियों से निकलकर जीत हासिल करने का शऊर बखूबी आता है। रचिन रविंद्र को धोनी की कप्तानी में अपने हुनर को निखारने का मौका मिलेगा। तेज गेंदबाजी का दारोमदार दीपक चाहर पर होगा। टीम में रूतुराज गायकवाड़, मोईन अली और रविंद्र जडेजा जैसे धुरंधर भी है।

वहीं 2020 तक पांच खिताब और पिछले तीन साल से ट्रॉफी नहीं जीत पाने ने मुंबई इंडियंस को कप्तान बदलने के लिए मजबूर किया। हार्दिक पांड्या के सामने सिर्फ खिताब जीतने ही नहीं बल्कि ड्रेसिंग रूम में सभी के दिल जीतने की भी जिम्मेदारी होगी। अगर वह ऐसा कर पाते हैं तो आधी जंग जीत जाएंगे क्योंकि मुंबई के पास इतनी बेहतरीन बल्लेबाजी है कि गेंदबाजी की कमियां भारी नहीं पड़ेगी।

आरसीबी के लिए सबसे बड़ी प्रेरणा महिला टीम की खिताबी जीत है। कोहली रन भले ही कम बनाएं लेकिन खिताब हर हालत में जीतना चाहते हैं। धोनी और रोहित पांच बार खिताब जीत चुके हैं। केकेआर भी दो बार चैम्पियन रह चुकी है। कोहली अकेले खिताब नहीं जीत सकते। इसके लिए दिनेश कार्तिक, फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल को भी अच्छा खेलना होगा।

केकेआर खेमे में गौतम गंभीर की वापसी हुई है जिनका जीत का जुनून जगजाहिर है। उनके और कोहली के बीच हुई लड़ाई कौन भूल सकता है। केकेआर के जाने पहचाने डगआउट में उनकी मौजूदगी कमाल कर सकती है। केकेआर के पास श्रेयस अय्यर, नीतिश राणा, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे धुरंधर है। लखनऊ सुपर जाइंट्स के पास गंभीर के जाने के बाद जस्टिन लैंगर के रूप में नया कोच है और टीम प्लेआफ से आगे जाना चाहेगी।

दिल्ली कैपिटल्स के लिए पंत की वापसी ट्रंपकार्ड साबित हो सकती है। गुजरात टाइटंस के पास इस बार हार्दिक पांड्या और मोहम्मद शमी नहीं है। राजस्थान रॉयल्स के पास यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज है। वहीं पैट कमिंस की सनराइजर्स हैदराबाद और शिखर धवन की पंजाब किंग्स भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी।

# मैं सरफराज के पिता के साथ खेला हूं, बेटे का खेलना उनकी निजी सफलता है : रोहित शर्मा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला के दौरान पदार्पण करने वाले खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए बुधवार को कहा कि उन्होंने इन युवा क्रिकेटरों के साथ खेलने का भरपूर आनंद लिया। विराट कोहली सहित कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में पांच युवा खिलाड़ियों रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, आकाश दीप और देवदत्त पडिक्कल ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। रोहित ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कहा कि व्यक्तिगत रूप से मुझे इनके साथ काम करके बहुत मजा आया। जितने भी युवा लड़के थे, सब काफी चुलबुले थे।



रोहित ने इस दौरान सरफराज की तारीफ की और साथ ही बताया कि वह उनके पिता के साथ खेल चुके हैं। रोहित ने कहा कि मैंने कांगा लीग में सरफराज के पिता के साथ खेला था। तब मैं बहुत छोटा था, वह उस समय एक लोकप्रिय नाम थे, बाएं हाथ के बल्लेबाज थे। उन्हें उनके प्रयासों का फल मिला है और मैं उन्हें बधाई देना चाहता हूं। सरफराज को मिली टोपी जितनी उसकी है उतनी उनकी भी है।

# मोहाली में आईपीएल मैच को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 2200 पुलिसकर्मियों की तैनाती

**मोहाली(एजेंसी)।** 23 मार्च को मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के उद्घाटन मैच के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और कुल 2200 से अधिक पुलिसकर्मी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। पंजाब किंग्स 23 मार्च को आईपीएल 2024 के दूसरे मैच के लिए दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी।



पंजाब के विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने स्टेडियम में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मैच की सुरक्षा की निगरानी डीआइजी स्तर के अधिकारी द्वारा की जाएगी। शुक्ला मैच की सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए यहां आए थे।

उन्होंने कहा, हमने मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए हैं। मोहाली एसएसपी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि स्टेडियम के आसपास के निवासियों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े और यातायात को उचित रूप से नियंत्रित किया जाएगा।

आईपीएल 2024

# गुजरात टाइटंस ने मोहम्मद शमी की जगह संदीप वारियर को टीम में रखा

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी टूर्नामेंट के लिए चोटिल भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की जगह पर केरल के मध्यम गति के गेंदबाज संदीप वारियर को अपनी टीम में शामिल किया है। शमी ने हाल में अपने दाहिनी एड़ी का ऑपरेशन करवाया था। इस कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए थे।



उन्होंने पिछले साल वनडे विश्व कप के फाइनल के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। जहां तक वारियर की बात है तो इस 32 वर्षीय खिलाड़ी में 2019 से लेकर अभी तक आईपीएल में 5 मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने 7.88 के इकोनॉमी रेट से 2 विकेट हासिल किए हैं। गुजरात ने उन्हें उनके आधार मूल्य 50 लाख रुपए में अपनी टीम से जोड़ा है। गुजरात आईपीएल 2024 में अपना पहला मैच 24 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलेगा।

बीसीसीआई ने मार्च की शुरुआत में पुष्टि की थी कि भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी गुजरात टाइटन्स जीटी के साथ आगामी आईपीएल में नहीं खेलेंगे। एक आधिकारिक बयान में बीसीसीआई ने कहा कि फरवरी में शमी सर्जरी के बाद बीसीसीआई मेडिकल टीम की निगरानी में है। लीग के एक बयान में कहा गया है कि मोहम्मद शमी के स्थान पर संदीप वारियर को नामित किया गया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### अहिंसा एवं पुरस्कार के लिए महावीर पुरस्कार 2024 शाकाहारवाद राधा सुरभि गौ सेवा ट्रस्ट को

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भगवान महावीर फाउंडेशन द्वारा स्थापित महावीर पुरस्कार का 27वां संस्करण राधासुरभि गौ सेवा ट्रस्ट को व्यक्तियों और संगठनों की परोपकारी सेवाओं को मान्यता देने के लिए दिया गया, जो जनकल्याण के लिए काम कर रहा है। भगवान कृष्ण की जन्मभूमि मथुरा जिले के राधा कुंड में संगठन ने अहिंसा एवं सुरक्षा श्रेणी के तहत महावीर पुरस्कार 2024 प्राप्त किया है। महावीर पुरस्कार हर साल अहिंसा और शाकाहार, शिक्षा, चिकित्सा और समुदाय एवं शाकाहार की श्रेणियों में सामाजिक सेवा में प्रदान किए जाते हैं। इस पुरस्कार में 10 लाख रुपए का नकद पुरस्कार के साथ ही एक प्रशंसनीय प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह भेंट किया जाता है। जिन संगठनों ने समुदाय के लिए 2024 पुरस्कार जीते- सामाजिक सेवा और चिकित्सा के लिए क्रमशः ग्रुप कैप्टन अतुल चंद्र बरुआ, असम और परिवार एजुकेशन सोसाइटी, पश्चिम बंगाल हैं , जबकि, शिक्षा के लिए पुरस्कार मानवता कल्याण संगठन हेल्पलाइन, जम्मू और अन्य को दिया गया। कैप्टन बरुआ असम में परित्यक्त बुजुर्ग महिलाओं को आश्रय और देखभाल प्रदान करने में अपने निस्वार्थ प्रयासों के लिए प्रसिद्ध हैं। परिवार मध्य प्रदेश के अंदरूनी और अविकसित आदिवासी गांवों जैसे अलीराजपुर और सेहरिया तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा रहा है, जबकि ह्यूमैनिटी वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन हेल्पलाइन विशेष रूप से शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों को समावेशी शिक्षा और पुनर्वास सेवाएं प्रदान करती है। फाउंडेशन को पूरे देश से महावीर पुरस्कार 2024 के लिए नामांकन प्राप्त हुए। जिला प्रशासकों, विधायकों, नौकरशाहों, शिक्षाविदों, मीडिया, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सांसदों और अन्य प्रतिष्ठित लोगों की मदद ली गई।

### अपने बालों को बचाने के लिये डॉ. शिल्पा वोरा की एक्सपर्ट सलाह

**भोपाल ।** होली रंगों का त्योहार है और पूरे भारत में इसे बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। हम सभी को होली का त्योहार अच्छा लगता है और हम रंगों के साथ खेलना पसंद करते हैं, लेकिन हमें होली के रंगों से अपने बालों को होने वाले नुकसान की भी चिंता रहती है। पर अब फिक्र करने की जरूरत नहीं है, सिर्फ थोड़ी सी तैयारी और देखभाल के साथ आप अपने बालों के नुकसान की चिंता किये बगैर होली के मजे ले सकते हैं। डॉ. शिल्पा वोरा ने बताया होली के रंगों से सुरक्षा के लिये आपको किसी महंगे हेयर ट्रीटमेंट की जरूरत नहीं है। नारियल से बने हेयर ऑयल से बालों की नियमित तौर पर मसाज करना होली के रंगों से होने वाले संभावित नुकसान से अपने बालों की सुरक्षा करने का सबसे आसान उपाय है। सूखे रंग बालों के क्यू टिकल्सन में फंस जाते हैं और बालों को बेजान बनाते हैं। नारियल से बने हेयर ऑयल से बालों की मालिश करने से हेयर सर्फेस का एक लेयर तैयार होता है, जो बालों में रंगों को जमा होने से बचाता है। होली से पहले नारियल से बने हेयर ऑयल से बालों की 5-7 मिनट तक मालिश करें। हमेशा जड़ों से शुरूआत करें और फिर बालों के सिरों तक मालिश करें। मालिश करने के बाद सिर्फ 30 मिनट तक बालों को यूं ही छोड़ दें और फिर किसी माइल्डं क्लीं जर से उन्हें धो लें।

### बच्चे के रोने से परेशान मां ने उसका गला काटा, डेढ़ महीने का था बेटा

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की राजधानी जयपुर की रामगंज थाना पुलिस ने डेढ़ माह के छोटे मासूम बच्चे के ब्लाइंड मर्डर का पर्दाफाश करने में सफलता हासिल की है। इस मामले में मां ही हत्या करने वाली निकली है। पुलिस ने हत्या के मामले में रामगंज निवासी अंजुम को गिरफ्तार करके गला काटने वाली सर्जिकल ब्लेड बरामद की है। डीसीपी नॉर्थ राशि डोगरा डूडी के मुताबिक 3 मार्च 2024 को रामगंज थाने पर परिवादी जावेद खान ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसका भाई अमजद का पुत्र डेढ़ माह का अपने कमरे में सोया हुआ था। भाई की पत्नी अंजुम ने कमरे में जाकर देखा तो गर्दन पर कट लगा हुआ था और खून बह रहा था। उसी समय बच्चे को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।मामले को गंभीरता से लेते हुए एडिशनल डीसीपी रानू शर्मा और एसीपी रामगंज हरिशंकर शर्मा के निर्देशन में रामगंज थाना अधिकारी उदय सिंह यादव के नेतृत्व में स्पेशल टीम का गठन किया गया।

# अब हम 2 हमारे दो से भी बच रहे लोग

## 2050 तक भारत में घटने लगेगी आबादी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में अब हम दो हमारे दो का प्रचलन भी तेजी से कम हो रहा है। इसकी बजाय एक बड़ी संख्या ऐसी है, जो एक ही बच्चा चाहते हैं। इसके चलते भारत में जन्मदर में 2050 तक गिरावट देखने को मिलेगी। लैंसेट की एक रिपोर्ट में यह चेतावनी दी गई है। भारत में कुल जन्मदर 1950 में 6.18 थी, जो 1980 में घटकर 4.6 पर आ गई थी। यही नहीं 2021 में यह तेजी से घटते हुए 1.91 पर ही आकर ठहर गई। यह रिप्लेसमेंट लेवल से भी कम है। जनसंख्या विज्ञानी मानते हैं कि रिप्लेसमेंट लेवल के लिए जन्मदर कम से कम 2.1 होनी चाहिए। ऐसे में यह बड़े संकट की आहट भी है। अनुमान है कि 2050 तक भारत में जन्मदर 1.29 ही रह जाएगी। इससे आबादी एकदम से कम नहीं होगी, लेकिन उसमें युवाओं का अनुपात कम होता जाएगा। फिर 2100 तक यह संकट और गहरा जाएगा।

यदि लैंसेट की यह रिपोर्ट सही साबित होती है तो फिर आने वाले दशकों में भारत के आगे बड़ी चुनौती होगी। जन्मदर में तेजी से कमी आएगी तो वर्कफोर्स में भी कमी की स्थिति होगी और अर्थव्यवस्था को इससे झटका लगेगा। इसके अलावा युवाओं से अधिक आबादी बुजुर्गों की हो जाएगी, जिनकी देखभाल करना भी एक चैलेंज होगा। यही नहीं स्वास्थ्य सेवाओं पर भी बड़ा बोझ पड़ेगा। यही नहीं लैंगिक असमानता का संकट भी आएगा। इसकी वजह एक नया ट्रेंड भी है। पहली संतान लड़का होने के बाद लोग दूसरा बच्चा नहीं पैदा कर रहे हैं।

एक्सपर्ट्स मानते हैं कि कम बच्चे पैदा करने की एक वजह यह भी है कि देश के विकास के साथ लोगों की आकांक्षाएं भी बढ़ी हैं। बच्चों पर लोग काफी खर्च कर रहे हैं। ऐसे में ज्यादा बच्चे होने पर खर्च अधिक होगा। इससे बचने के लिए लोग कम बच्चों को ही महत्व दे रहे हैं। इसके अलावा महिलाओं के बड़े पैमाने पर शिक्षित होने और उनके करियर पर फोकस करने से भी बच्चे पैदा होने की संभावनाओं पर असर पड़ा है। देरी से शादी भी इसका एक कारण बन रही है। तेजी से शहरीकरण और गर्भनिरोधक तक लोगों की आसान पहुंच ने भी चीजों को बदला है।

जानकार मानते हैं कि भले ही भारत के आगे यह चुनौती आने में कुछ दशक बचे हैं, लेकिन अभी से प्लानिंग करनी होगी। सरकारों को मातृत्व को कम खर्चीला बनाने का प्रयास करना चाहिए। इससे भी लोग कुछ हद तक कम से कम दो बच्चों के लिए प्रेरित होंगे। बता दें कि इटली, जापान, रूस जैसे कई देश ऐसे हैं, जो पहले ही इस तरह के संकट से गुजर रहे हैं। इन देशों में आबादी लगातार कम हो रही है और सरकारें इसे लेकर चिंतित हैं। इनमें से ही एक देश दक्षिण कोरिया भी है। पिछले दिनों दक्षिण कोरिया के एक नेता ने कहा कि यदि यही हाल रहा तो फिर हमारे अस्तित्व पर ही संकट होगा।

### असम के मूल निवासियों पर सीएए का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, सर्वानंद सोनोवाल ने लोकसभा चुनाव को लेकर किया दावा



**गुवाहाटी।** केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का असम के मूल निवासियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) राज्य की 14 में से 12 सीट पर जीत दर्ज करेगा। उन्होंने कहा कि असम वासी अब अच्छी तरह से संरक्षित और सुरक्षित हैं, क्योंकि पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने उन मूल जातीय लोगों को पट्टा (भूमि अधिकार), भूमि दस्तावेज दिए हैं जिनके पास पहले भूमि नहीं थी। केंद्रीय मंत्री ने बुधवार को एक इंटरव्यू में दावा किया कि लोकसभा चुनाव में वह राजग के लिए 12 से ज्यादा सीटों की उम्मीद कर रहे हैं। भाजपा ने असम की 14 में से 11 सीट पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं जबकि सहयोगी असम गण परिषद ने दो सीट पर और यूपीपीएल ने एक सीट पर उम्मीदवार उतारा है।

## राजस्थान में एक और परीक्षा में फर्जीवाड़ा

### 7वीं और 36वीं रैंक लाने वाली 2 महिला अभ्यर्थी अरेस्ट




**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में एसआई भर्ती पेपर लीक मामले के बाद एक और बड़ा खुलास हुआ है। एसओजी ने आरपीएससी की स्कूल लेक्चरर भर्ती-2022 में अनुचित साधनों का प्रयोग कर धांधली करने वाली दो महिलाओं को एसओजी ने गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों के खिलाफ आरपीएससी की ओर से अजमेर के सिविल लाइन थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। जिसके बाद एसओजी ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। अब एसओजी इनसे पूछताछ में जुटी है।

एसओजी के एडीजी वीके सिंह के अनुसार आरपीएससी की ओर से आयोजित स्कूल लेक्चरर भर्ती-2022 में पूर्णतया अनुचित तरीके अपनाने के संबंध में अजमेर के सिविल लाइन थाने में दो मुकदमे दर्ज करवाए गए थे. आरोप है कि सांचौर जिले के बाड़ाभाडवी निवासी कमला विश्नोई ने अनुचित तरीके से मुख्य परीक्षा में मेरिट में सातवीं रैंक हासिल की, जबकि जालोर जिले के भूतेल निवासी ब्रह्माकुमारी ने भी गलत तरीके से मेरिट में 36 वीं रैंक हासिल की थी। इन दोनों को एसओजी ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों से पूछताछ जारी है।

प्रारंभिक तौर पर इस मामले में डिग्री को लेकर फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। कमला ने स्कूल लेक्चरर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करते समय बताया कि वह वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी से हिंदी में एमए है, लेकिन नियुक्ति के समय पेश किए गए दस्तावेजों में मेवाड़ विश्वविद्यालय, गंगरार (चित्तौड़गढ़) की फर्जी डिग्री पेश की। एसओजी की गिरफ्त में आई दूसरी महिला ने भी फर्जी दस्तावेज के जरिए नौकरी हासिल की है। उन्होंने बताया कि भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करते समय दूसरी महिला ब्रह्माकुमारी ने भी किसी और विश्वविद्यालय से एमए की डिग्री होने की जानकारी दी, लेकिन आरपीएससी में पेश किए गए दस्तावेजों में डिग्री किसी अन्य विश्वविद्यालय की पाई गई। उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों से पूछताछ और मामलों में अनुसंधान जारी है।

## सेना के जवान को गलत एचआईवी+ बताकर कर दिया रिटायर, 24 साल बाद मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के समक्ष बुधवार को अनोखा मामला सामने आया। रिटायर्ड सेना के जवान ने अपने अधिकारियों पर गलत एचआईवी बताकर सेवा मुक्त करने और पेंशन न देने का आरोप लगाया है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में हैरानी जताते हुए कहा कि भारतीय सेना के उदासीन रवैये के कारण याचिकाकर्ता को अत्यधिक मानसिक पीड़ा झेलनी पड़ी। 24 साल के लंबे अंतराल में उसे समाज में शर्म और कलंक का सामना करना पड़ा। पीठ ने सेना को निर्देश दिया कि आठ सप्ताह के भीतर रिटायर्ड सैनिक को 50 लाख रुपए का मुआवजा देना होगा।



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सेना के उस सेवानिवृत्त जवान की याचिका पर सुनवाई की, जिसने आरोप लगाया कि 2001 में गलत तरीके से एचआईवी संक्रमित पाए जाने के बाद उसे 2001 में सेवा मुक्त कर दिया गया। साथ ही उसे पेंशन देने से इनकार किया गया, क्योंकि उसकी सेवा आठ वर्ष ही थी। जबकि पेशन हक के लिए कम से कम 10 वर्ष की सेवा जरूरी होती है। सेवानिवृत्त हवलदार ने अपनी याचिका में 24 वर्षों के दौरान सामाजिक कलंक, मानसिक आघात और सेवा के नुकसान के लिए 50 लाख रुपये का मुआवजा देने के लिए सेना को उत्तरदायी ठहराया है।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- याचिकाकर्ता ने झेली मानसिक पीड़ा:** न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने सेना को आठ सप्ताह के भीतर मुआवजे का भुगतान करने का निर्देश दिया है। कहा, अपीलकर्ता ने 2001 से इतने सालों में अत्यधिक मानसिक पीड़ा झेली है। उसे न केवल प्रतिवादियों (सेना और उसके अधिकारियों) के उदासीन रवैये का सामना करना पड़ा, बल्कि सामाजिक कलंक और लगातार भयावह मौत के डर का भी सामना करना पड़ा।

**मामला क्या है:** याचिकाकर्ता 1993 में सशस्त्र बल में भर्ती हुआ था। 10 साल से कम सेवा करने के बाद सेना में उसके एचआईवी+ होने का पता चला। दिसंबर 2001 में उसे सेवा से मुक्त कर दिया गया। एचआईवी+ सैनिकों को लेकर मौजूदा सेना नीति के अनुसार, ऐसा व्यक्ति छह से आठ साल के भीतर एड्स की चपेट में आ जाएगा और उसके बाद उसका जीवन 2-3 साल तक का ही होगा। हालांकि, याचिकाकर्ता का कहना है कि वह आज तक, बिना कोई दवाई लिए 24 साल से जी रहा है। 50 की उम्र में उसका एक छोटा सा बिजनेस भी है।

न्यायमूर्ति दत्ता ने पीठ के लिए फैसला लिखते हुए कहा, हमारे मन में कोई संदेह नहीं है कि यह गलत तरीके से लिया गया फैसला था।

### मायावती ने राजस्थान में की 3 उम्मीदवारों की घोषणा

**जयपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के लिए राजस्थान में बसपा ने आज अपने तीन उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। जालौर-सिरोही से लालसिंह राठौड़, भरतपुर से इंजीनियर अंजला और कोटा से भीम सिंह कुंतल को टिकट दिया है। बता दें इससे पहले 13 मार्च को बसपा ने राजस्थान की दो लोकसभा सीटों से अपने उम्मीदवारों की घोषणा की थी। जिसमें अलवर और श्रीगंगानगर सीट शामिल हैं। बसपा ने अलवर से फजल हुसैन और श्रीगंगानगर सीट से देवकरण नायक को चुनावी मैदान में उतारा है। पार्टी अभी तक 5 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। मालूम हो कि बसपा ने राजस्थान में विधानसभा चुनाव भी लड़ा था। जिसमें बसपा को दो सीटों पर जीत भी मिली थी। सादुलपुर और बाड़ी विधानसभा सीट से बसपा के उम्मीदवार मनोज कुमार और जसवंत सिंह गुर्जर चुनाव जीतकर विधायक बने हैं। बसबा किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। अकेले चुनाव लड़ेगी। बता दें पिछले विधानसभा चुनाव में बसपा के 6 उम्मीदवार जीते थे, लेकिन बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

## ब्लिंकन करेंगे तेल अवीव का दौरा

**तेल अवीव, एजेंसी।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन शुक्रवार को इजरायल का दौरा करेंगे और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे। ब्लिंकन गुरुवार को काहिरा और रियाद में मिस्र और सऊदी के वरिष्ठ नेताओं से भी मिल रहे हैं। ब्लिंकन की इजरायल सहित मध्य पूर्वी देशों की यात्रा बंधकों की रिहाई के साथ-साथ रफा में इजरायल के संभावित जमीनी हमले के संबंध में सभी पक्षों से बातचीत करने के लिए है।



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हाल ही में नेतन्याहू से बात की है कि वे रफा में न जाएं क्योंकि इससे महिलाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो सकती है। करीब 13 लाख नागरिक रफा क्षेत्र में रह रहे हैं। उधर मिस्र ने इजरायली और अमेरिकी अधिकारियों से कहा है कि वह रफा ऑपरेशन का सख्त विरोध करेगा, क्योंकि इससे रफा की सीमा से लगे मिस्र के सिनाई क्षेत्र में बड़ी संख्या में शरणार्थियों का पलायन होगा। इस बीच कतर के दोहा में इजराइल और हमास के बीच मध्यस्थता वार्ता जारी है। इज़राइल ने सख्त रुख अपनाया हुआ है और बंधकों की रिहाई पर हमास द्वारा रखी गई कई मांगों पर सहमत नहीं हो रहा है। इजरायली रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि बातचीत इजरायली पक्ष द्वारा रखी गई शर्तों पर ही आगे बढ़ेगी। इज़रायल ने हमास की हिरासत में मौजूद सभी बंधकों की दो चरणों में रिहाई की मांग की है और मध्यस्थों से कहा है कि जघन्य अपराध करने वाले फ़िलिस्तीनी कैदियों को रिहा नहीं किया जा सकता। इज़राइल रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, मोसाद, शिन बेट समेत इज़राइल की खुफिया एजेंसियों ने इज़राइल सरकार से कहा है कि हमास पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है और रफा में हमास के बाकी बचे लोग हैं। यह भी बताया गया है कि रफ़ा में हमास की केवल चार बटालियनें बची हैं और यदि वे भी नष्ट हो गईं, तो हमास के पास इज़राइल के सामने आत्मसमर्पण करने के अलावा कोई चारा नहीं होगा। यह देखने वाली बात होगी कि ब्लिंकन रफा में इजरायली सेना के हमले को रोक पाते हैं या नहीं।

## पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट पर धमाके के बाद गोलीबारी

### सुरक्षाबलों ने आठ आतंकियों को किया ढेर



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कॉम्प्लेक्स को बुधवार को आतंकियों ने निशाना बनाते हुए अंधाधुंध फायरिंग की। बता दें कि आतंकियों की गोलीबारी का सुरक्षाबलों ने मुंहतोड़ जवाब भी दिया। इस हमले से पहले पोर्ट पर एक धमाका हुआ।

**आठ आतंकी ढेर:** प्राप्त जानकारी के मुताबिक, ग्वादर पोर्ट पर आठ आतंकियों ने हमला किया था और सभी आतंकियों को सुरक्षाबलों ने मौत के घाट उतार दिया। बलूचिस्तान प्रांत के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी। सरफराज बुगती ने कहा, आठ आतंकियों ने आज ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कॉम्प्लेक्स पर हमला करने की कोशिश की। सुरक्षाबलों ने उन सभी को मार गिराया है।

**बलूचिस्तान की कोयला खदान में गैस विस्फोट, 12 लोगों की मौत; पीएम शहबाज ने जताया दुख:** ग्वादर पोर्ट चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का हिस्सा है। क्षेत्र में दशकों से चल रहे अलगाववादी विद्रोह के बावजूद चीन ने भारी निवेश किया है। यह पहला मौका नहीं है जब पाकिस्तान में चीन के किसी ठिकाने पर आतंकी हमला हुआ हो। इससे पहले अगस्त में हमलावरों ने ग्वादर में चीनी श्रमिकों के एक काफिले को निशाना बनाया था और इस हमले की जिम्मेदारी अलगाववादी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने ली थी।

## चीन-ताइवान में फिर तनातनी

# पीएलए के 32 लड़ाकू विमानों ने की घुसपैठ की कोशिश

**ताइपे, एजेंसी।** चीन और ताइवान के बीच लगातार तनातनी चल रही है। बुधवार और गुरुवार सुबह को चीन की सेना ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ की कोशिश की। हालांकि ताइवान की सेना ने भी इसका जवाब दिया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बयान जारी कर बताया कि 32 चीनी लड़ाकू विमान 20 से 21 मार्च को सुबह करीब छह बजे ताइवान की सीमा के करीब देखे गए। साथ ही चीन की नौसेना के पांच युद्धक जहाज भी ताइवान की सीमा के नजदीक देखे गए।

**चीन और ताइवान के बीच एक अनौपचारिक सीमा:** रक्षा मंत्रालय का दावा है कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के इन 32 विमानों में से 20 युद्धक विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य को लांघा और दक्षिण-पश्चिमी, दक्षिणपूर्वी और पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में घुस गए। बता दें चीन और ताइवान के बीच यह जल संधि एक अनौपचारिक सीमा है।



ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कल ताइवान में 15 चीनी सैन्य विमान और 10 नौसैनिक जहाज घुस आए। इतना ही नहीं चीन के 15 विमानों में से छह ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में घुस गए। हालांकि उस समय किसी भी विमान ने ताइवान स्ट्रेट मीडियन लाइन को पार नहीं किया था।

इसके बाद ताइवान के बलों ने स्थिति पर नजर रखी और गतिविधियों के जवाब में सीएपी विमान, नौसेना के जहाजों और तटीय मिसाइलों प्रणालियों को तैनात किया।

**ताइवान खुद को संप्रभु राष्ट्र मानता:** रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर 2020 से चीन ने ताइवान के आसपास सक्रिय सैन्य विमानों और नौसैनिक जहाजों की संख्या में धीरे-धीरे वृद्धि करके ग्रे जोन रणनीति के अपने उपयोग को बढ़ा दिया है। गौरतलब है चीन, ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, जबकि ताइवान खुद को संप्रभु राष्ट्र मानता है। चीन के दबान के कारण सिर्फ 10 से अधिक देशों ने ताइवान को एक अलग देश के रूप में मान्यता दी हुई है।

### रूस से रिश्ते पर उठा सवाल तो पेंटागन अधिकारी ने कहा- भारत के साथ हमारे संबंध पहले से अधिक मजबूत

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के शीर्ष रक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका और भारत के बीच संबंध मजबूत हो रहे हैं। आज के समय में यह संबंध पहले से अधिक मजबूत हैं। साथ ही अधिकारियों ने सांसदों से कहा कि रूस के साथ संबंध होने के कारण भारत के पास कई विकल्प हैं। हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के लिए सहायक रक्षा मंत्री एली एस रैटनर ने हिंद-प्रशांत पर सदन की उपसमिति के सदस्यों से बुधवार को कहा कि अमेरिका कई क्षेत्रों में भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा, मैं कहना चाहूंगा कि अमेरिका और भारत के बीच संबंध दिन-ब-दिन बढ़ रहे हैं और यह पहले से कहीं अधिक मजबूत होते जा रहे हैं। एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हमारे दृष्टिकोण के लिए यह बहुत जरूरी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129